# भारत चांद पर

## चंद्रयान-3 ने रचा इतिहास : दक्षिणी ध्रुव पर लैंडिंग करनेवाला भारत पहला देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेंगलुरु।** भारत का आखिरकार 40 दिन का इंतजार खत्म हुआ। चंद्रयान-3 के लैंडर ने चांद के दक्षिण ध्रुव पर कदम रखकर इतिहास रच दिया है। चंद्रयान-3 ने पृथ्वी से चंद्रमा तक 3.84 लाख किलोमीटर का सफर तय किया। उसने 20 मिनट में चंद्रमा की अंतिम कक्षा से 25 किमी का सफर पूरा किया। लैंडर को धीरे-धीरे नीचे उतारा गया। 5 बजकर 30 मिनट पर शुरुआत में रफ लैंडिंग बेहद कामयाब रही। इसके बाद 5 बजकर 44 मिनट पर लैंडर ने वर्टिकल लैंडिग की। तब उसकी चंद्रमा से दूरी 3 किमी रह गयी थी। आखिरकार लैंडर ने 6 बजकर 04 मिनट पर चांद पर पहला कदम रखा। इस तरह भारत चांद के दक्षिणी ध्रुव पर लैंडिंग करने वाला दुनिया का पहला देश बन गया। वहीं, चांद के किसी भी हिस्से में यान उतारने वाला चौथा देश बन गया है। इससे पहले अमेरिका, सोवियत संघ और चीन को ही यह कामयाबी मिली है। अब सभी को विक्रम लैंडर से प्रज्ञान रोवर के बाहर आने का इंतजार है। धूल का



गुबार शांत होने के बाद यह बाहर आएगा। इसमें करीब 1 घंटा 50 मिनट लगेगा। इसके बाद विक्रम और प्रज्ञान एक-दूसरे की फोटो खींचेंगे और पृथ्वी पर भेजेंगे। डस्ट सेटल होने के बाद विक्रम चालू होगा और कम्युनिकेट करेगा। फिर रैंप खुलेगा और प्रज्ञान रोवर रैंप से चांद की सतह पर आयेगा। पहिए चांद की मिट्टी पर अशोक स्तंभ और इसरो के लोगो की छाप छोड़ेंगे। विक्रम लैंडर प्रज्ञान की फोटो खींचेगा और प्रज्ञान विक्रम की। ये फोटो वे पृथ्वी पर भेजेंगे।

### चांद की धरती पर ऐसे उतरा चंद्रयान-3

चंद्रयान-3 मिशन ने इतिहास रच दिया। इसके लांचिंग की घोषणा से अब तक क्या-क्या हुआ, इसे टाइमलाइन में इस तरह देखा जा सकता है।

- 6 जुलाईः इसरो ने बहुप्रतीक्षित मिशन चंद्रयान-3 की लांचिंग का एलान किया।
- 11 जुलाईः इसरो ने चंद्रयान-3 को सफलतापूर्वक चंद्रमा पर उतारने का पूर्वाभ्यास किया।
- 14 जुलाईः चंद्रयान-3 ने दोपहर 2:35 बजे चंद्रमा की ओर उड़ान भरा।
- 15 जुलाईः चंद्रयान-3 ने पहली कक्षा पूरी की। 41762 किमी X 173 किमी की कक्षा में पहुंचा।
- 17 जुलाईः भारत के अंतरिक्ष मिशन चंद्रयान-3 ने सफलतापूर्वक पृथ्वी की दूसरी कक्षा में प्रवेश किया।
- 18 जुलाईः चंद्रयान-3 ने पृथ्वी की तीसरी कक्षा में प्रवेश किया। चंद्रयान-3 पृथ्वी से 51,400 किमी X 228 किमी दूर स्थित पृथ्वी की कक्षा में मौजूद था।
- 20 जुलाईः अंतरिक्ष यान को 71351 किमी X 233 किमी की चौथी कक्षा में सफलतापूर्वक स्थापित किया।
- 25 जुलाईः चंद्रयान-3 के कक्षा बदलने की पांचवीं प्रक्रिया (अर्थ बाउंड ऑर्बिट मैन्यूवर) सफलतापूर्वक पूरी हो गयी।
- 1 अगस्तः चंद्रयान-3 को पृथ्वी की कक्षा से निकालकर सफलतापूर्वक चांद की कक्षा की तरफ रवाना किया गया।
- 5 अगस्तः चंद्रयान-3 164 किमी X 18074 किमी की दूरी पर चंद्र कक्षा में पहुंचा।
- 6 अगस्तः चंद्रमा के चारों ओर मिशन की कक्षा घटाकर 170 किमी X 4,313 किमी कर दी गयी।
- 9 अगस्तः धीरे-धीरे इसकी गति को घटाते हुए चंद्रमा की अगली कक्षा में पहुंचाने की प्रक्रिया जारी रही।
- 14 अगस्तः चंद्रयान-3 को चौथी कक्षा में पहुंचाने की प्रक्रिया की गई।
- 16 अगस्तः पांचवीं कक्षा में पहुंचाने की प्रक्रिया पूरी हुई। फायरिंग के बाद अंतरिक्ष यान 153 किमी X 163 किमी की कक्षा में पहुंच गया।
- 17 अगस्तः लैंडिंग मॉड्यूल को इसके प्रपल्शन मॉड्यूल से अलग कर दिया गया। लैंडिंग मॉड्यूल में प्रज्ञान रोवर और विक्रम लैंडर शामिल हैं।
- 18 अगस्तः 'डीबूस्टिंग' प्रक्रिया को अंजाम दिया जिसने इसकी कक्षा की दूरी कम कर दी।
- 23 अगस्तः 6 बजकर 04 मिनट पर चांद पर पहला कदम रखा।



### प्रधानमंत्री ने इसरो वैज्ञानिकों को दी बधाई

## धरती पर संकल्प लिया, चांद पर उसे साकार किया : मोदी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए जोहान्सबर्ग में हैं। प्रधानमंत्री मिशन को दक्षिण अफ्रीका से लाइव देख रहे थे। इसरो की सफलता पर उन्होंने कहा कि ये ये विकसित भारत का क्षण है। भारत चंद्रमा के उस दक्षिणी ध्रुव तक पहुंचा है, जहां आज तक कोई देश नहीं पहुंचा है। आज से चांद से जुड़े कई मिथक बदल जायेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि मेरे प्यारे परिवारजनो! जब हम अपनी आंखों के सामने ऐसा इतिहास बनते हुए देखते हैं तो गर्व होता है। ऐसी ऐतिहासिक घटनाएं राष्ट्र जीवन की चेतना बन जाती हैं। यह पल अविस्मरणीय है। यह क्षण अभूतपूर्व है। यह क्षण विकसित भारत के शंखनाद का है। यह क्षण नये भारत के जयघोष का है। यह क्षण मुश्किलों के महासागर को पार करने का है। यह क्षण जीत के चंद्रपथ पर चलने का है। यह क्षण 140 करोड़ धड़कनों के सामर्थ्य का है। यह क्षण भारत की नयी ऊर्जा, नयी चेतना का है। यह क्षण भारत के उदीयमान भाग्य के आह्वान का है। अमृतकाल की प्रथम प्रभा में सफलता की अमृत वर्षा हुई है। हमने धरती पर संकल्प लिया और चांद पर उसे साकार किया। मोदी ने कहा कि आज हम अंतरिक्ष में नये भारत की नयी उड़ान के साक्षी बने हैं। हर घर में उत्सव शुरू हो गया है। हृदय से मैं भी अपने देशवासियों के साथ अपने परिवारजनों के साथ इस उमंग और उल्लास से जुड़ा हुआ हूं। मैं टीम चंद्रयान को, इसरो को और देश के सभी वैज्ञानिकों को जी-जान से बहुत-बहुत बधाई देता हूं। जिन्होंने इस क्षण के लिए वर्षों से इतना परिश्रम किया। हमारे वैज्ञानिकों के परिश्रम से भारत उस दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचा है, जहां आज तक दुनिया का कोई भी देश नहीं पहुंच सका है। आज के बाद से चांद से जुड़े मिथक बदल जायेंगे, कथानक भी बदल जायेंगे और नयी पीढ़ी के लिए कहावतें भी बदल जायेंगी। भारत में तो हम सभी लोग धरती को मां कहते हैं और चांद को मामा बुलाते हैं। कभी कहा जाता था कि चंदा मामा बहुत दूर के हैं, अब एक दिन वो भी आयेगा, जब बच्चे कहा करेंगे कि चंदा मामा बस एक दूर के हैं।

www.epaper.azadsipahi.in

* ओड़िशा संस्करण

24 अगस्त, 2023
सावन, शुक्ल पक्ष, अष्टमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
गुरुवार, वर्ष 08, अंक 304

# चांद तो बस शुरुआत है, इसरो को तो सूरज, मंगल और शुक्र तक जाना है

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी किया जिक्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** चंद्रयान-3 की सफलता बड़ी उपलब्धि है। इसरो इससे आगे की तैयारी भी कर रहा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने बधाई संदेश में इसका जिक्र भी किया। चांद के बाद इसरो की तैयारी सूरज, मंगल और शुक्र तक जाने की है।

**गगनयान मिशनः** इसरो का गगनयान मिशन भारत का अंतरिक्ष में मनुष्य को भेजने की ओर पहला कदम है। गगनयान मिशन 2022 में लांच हो जाना था, लेकिन देरी से चल रहा है। अब 2025 के बाद इसके होने की उम्मीद है। फिलहाल गगनयान ह्यूमन स्पेस फ्लाइट मिशन से पहले इसरो ने दो मानवरहित मिशन प्लान किये हैं। इसरो अगले साल की शुरुआत में पहला मानवरहित फ्लाइट टेस्ट करने वाला है। इस यान को व्योममित्र नाम दिया गया है।

**सूरज का अध्ययन करेगा आदित्य एल-1:** इसरो सूर्य का अध्ययन करने की तैयारी कर रहा है। इसके लिए सितंबर के पहले हफ्ते में आदित्य एल-1 को लांचा किया जा सकता है। 2015 में इसरो ने एस्ट्रोसैट लांच किया था और आदित्य एल-1 भारत का दूसरा एस्ट्रोनॉमी मिशन होगा। स्पेसक्राफ्ट सूर्य-पृथ्वी के सिस्टम में लैगरेंज पॉइंट-1 (एल1) के पास बने हैलो ऑर्बिट में रहेगा। यह धरती से 15 लाख किमी दूर है। इस यान की मदद से सूर्य का लगातार अध्ययन संभव होगा।

**अमेरिका के साथ संयुक्त अभियान,**



**निसारः** नासा और इसरो का सार यानी निसार (एनआइएसएआर) अभियान पृथ्वी के बदलते इकोसिस्टम का अध्ययन करेगा। भूजल के प्रवाह के साथ ही ज्वालामुखियों, ग्लेशियर के पिघलने की दर, पृथ्वी की सतह पर होने वाले बदलावों का अध्ययन करेगा। निसार दुनियाभर में सतह पर हो रहे बदलावों पर नजर रखेगा, जो अंतरिक्ष और समय की वजह से नहीं हो पाता। यह हर 12 दिन में डिफॉर्मेशन मैप बनाएगा और इसके लिए दो फ्रिक्वेंसी बैंड्स का इस्तेमाल करेगा। इससे भूकंप की आशंका वाले इलाकों की पहचान करने में मदद मिलेगी।

**फिर मंगल फतह की कोशिश :** भारत का दूसरा इंटर-प्लैनेटरी मिशन मंगलयान-2 भी प्रस्तावित है। इस बार हाइपरस्पेक्ट्रल कैमरा और राडार भी ऑर्बिटल प्रोब में लगा होगा। इस मिशन के लिए लैंडर रद्द कर दिया गया है। भारत का पहला मंगल मिशन मंगलयान-1 सफलतापूर्वक मंगल की कक्षा में पहुंच गया था। लांच व्हीकल, स्पेसक्राफ्ट और ग्राउंड सेग्मेंट की लागत 450 करोड़ रुपये आयी थी, जो अब तक का सबसे किफायती मंगल मिशन था।

**शुक्रयान भी है लाइन में :** इसरो के मार्स ऑर्बिटर मिशन या मंगलयान-1 की सफलता के बाद इसरो की निगाहें शुक्र ग्रह पर जम गयी हैं। अमेरिका, यूरोपीय स्पेस एजेंसी और चीन ने भी शुक्र ग्रह के लिए अपने मिशन पर काम करना शुरू कर दिया है। भारत का मिशन वैसे तो 2024 के लिए नियोजित था, फिलहाल इसके 2031 से पहले पूरे होने के आसार हैं।

**स्पेडेक्स (स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट) :** भारत भविष्य में अपना स्पेस स्टेशन बनाता है तो उसे अपने स्पेस डॉक की आवश्यकता होगी। इसके लिए स्वदेशी स्पेडेक्स बनाया जा रहा है। इसका लक्ष्य पृथ्वी की कक्षा में दो स्पेसक्राफ्ट को डॉक (पार्क) करने की तकनीक विकसित करना है।

**क्लाइमेट ऑब्जर्वेशन सैटेलाइटः** इसरो जल्द ही क्लाइमेट ऑब्जर्वेशन सैटेलाइट -इनसैट-3डीएस लांच करने वाला है। इसकी तैयारियां अंतिम रूप ले रही हैं। इसके अलावा आने वाले महीनों में कुछ रक्षा और पर्यावरणीय अध्ययन के सैटेलाइट्स भी लांच होने वाले हैं।



### “ अद्भुत और अविस्मरणीयः हेमंत सोरेन

रांची (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भारत के मिशन चंद्रयान- 3 की चांद के दक्षिणी ध्रुव पर सफल लैंडिंग की लाइव स्ट्रीमिंग देखी। मुख्यमंत्री ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि अद्भुत!! अविस्मरणीय!! उन्होंने कहा कि तिरंगे की आन-बान और शान चंद्रमा पर पहुंच गया। देश के हमारे महान वैज्ञानिकों की कड़ी मेहनत, दृढ़ता और लगन की बदौलत चंद्रयान-3 आज चंद्रमा पर उतर गया। अंतरिक्ष महाशक्ति के रूप में देश एक बार फिर पुरजोर तरीके से स्थापित हो गया है। इस ऐतिहासिक अवसर पर इसरो की पूरी टीम सहित समस्त देशवासियों को अनेक-अनेक बधाई और जोहार। जय विज्ञान! जय हिंद!

## चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सॉफ्ट लैंडिंग के बाद अब नजरें प्रज्ञान रोवर पर

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** भारत का इंतजार आखिरकार खत्म हुआ। पृथ्वी से चंद्रमा तक 3.84 लाख किलोमीटर का सफर तय करने के बाद चंद्रयान-3 का लैंडर विक्रम चंद्रमा की धरती पर कामयाबी के साथ उतर गया। वैज्ञनिक चंद्रमा के बारे नयी-नयी जानकारी इक्कट्ठी कर सकेंगे। लोगों को चांद के बारे में जानकारी मिल सकेगी। चांद की जमीन पर उतरने के बाद क्या होगा, अब इसकी लोगों के बीच उत्सुकता होगी।

### अब रोवर बाहर आयेगा

अब नजरें प्रज्ञान रोवर पर है, जो स्थितियां सामान्य होने के बाद चांद की सतह पर चलेगा। चंद्रयान-3 का लैंडर मॉड्यूल लैंडर के कम्प्लीट कॉन्फिगरेशन को बताता है। इसमें रोवर का वजन 26 किलोग्राम है। रोवर चंद्रयान-2 के विक्रम रोवर के जैसे ही है। प्रज्ञान रोवर को बाहर आने में एक दिन का समय भी लग सकता है। वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. संजीव सहजपाल कहते हैं कि योजना के मुताबिक, सॉफ्ट लैंडिंग के साथ ही लैंडर और रोवर चांद की सतह पर अपना काम करना शुरू कर देंगे। लैंडर के साथ ही चांद की सतह पर उतरने वाले रोवर अपने पहियों वाले उपकरण के साथ वहां की सतह की पूरी जानकारी इसरो के वैज्ञानिकों को देना शुरू कर देगा। इन पहियों पर अशोक स्तंभर और इसरो के चिह्न उकेरे गए हैं, जो प्रज्ञान के आगे बढ़ने के साथ चांद की सतह पर अपने निशान छोड़ेंगे। इसी के साथ इसरो और अशोक स्तंभ के चिह्न चांद पर अंकित हो जायेंगे।

### 14 दिन चांद की सतह से जानकारी इकट्ठा करेगा

वैज्ञानिकों के मुताबिक, सॉफ्ट लैंडिंग के बाद रोवर और लैंडर से जो जानकारी इसरो को मिलेगी, वह 14 दिनों तक ही होगी, क्योंकि चांद को पूरी रोशनी सिर्फ इसी दौर में मिलेगी। उनका कहना है कि रोवर से मिलने वाली जानकारी बहुत ज्यादा महत्वपूर्ण इसलिए मानी जाती है, क्योंकि वह चांद की सतह पर जाकर आगे बढ़ता रहता है।

### इसरो को चांद से अहम जानकारी भेजेगा

वैज्ञानिकों का कहना है कि 14 दिनों के भीतर रोवर चांद पर अपने तय रास्ते को न सिर्फ पूरा करेगा, बल्कि उसकी पूरी सूचनाएं भी इसरो के डाटा सेंटर को भेजता रहेगा। संजीव सहजपाल का कहना है कि सिर्फ रोवर ही नहीं बल्कि लैंडर के माध्यम से भी सूचनाएं और पूरी तकनीकी जानकारियां मिलती रहेंगी। वह बताते हैं कि लैंडर और रोवर 14 दिनों तक पूरी सक्रियता के साथ हमें सूचनाएं भेजेगा। उनका कहना है कि तमाम विपरीत परिस्थितियों के लिए तैयार किए जाने वाले लैंडर और रोवर के पावर बैकअप की क्षमता 14 दिनों तक सबसे ज्यादा होती है। उसके बाद की सूचनाएं या तो मिलनी बंद हो जाएंगी या उनकी स्पीड न के बराबर हो जाएगी। हालांकि अंतरिक्ष वैज्ञानिकों का मानना है कि 14 दिनों में मिलने वाली सूचनाएं अंतरिक्ष में चांद पर की जाने वाली तमाम संभावनाओं की सबसे महत्वपूर्ण जानकारियां होंगी।

### चंद्रयान-3 ने ऐसे रचा इतिहास

इसरो के मुताबिक, चंद्रयान-3 मिशन चंद्रयान-2 का ही अगला चरण है, जो चंद्रमा की सतह पर उतरा है । यह चंद्रयान-2 की तरह ही दिखता है, जिसमें एक लैंडर और एक रोवर शामिल हैं। चंद्रयान-3 का फोकस चंद्रमा की सतह पर सुरक्षित लैंड करने पर रहा। मिशन की सफलता के लिए नए उपकरण बनाए गए हैं। एल्गोरिदम को बेहतर किया गया है। जिन वजहों से चंद्रयान-2 मिशन चंद्रमा की सतह नहीं उतर पाया था, उन पर फोकस किया गया। मिशन ने 14 जुलाई को दोपहर 2:35 बजे श्रीहरिकोटा केन्द्र से उड़ान भरी और योजना के अनुसार आज चंद्रमा पर उतरा। इस मिशन से भारत अब अमेरिका, रूस और चीन के बाद चंद्रमा पर सॉफ्ट लैंडिंग करने वाला दुनिया का चौथा देश बन गया। वहीं, चांद के दक्षिणी ध्रुव पर सफल लैंडिंग करने वाला भारत पहला देश है।

### पिछले दो मिशन

**चंद्रयान-1 :** यह अक्तूबर 2008 में भेजा गया था। चंद्रमा पर पानी की संभावना की खोज कर यह इतिहास रच चुका है। इसी के बाद विश्व की तमाम अंतरिक्ष एजेंसियों की चंद्रमा को लेकर उत्सुकता बढ़ गयी।

**चंद्रयान-2 :** जुलाई 2019: यह यान आज भी चंद्रमा की सौ किलोमीटर की कक्षा में घूम रहा है। इसे एक साल तक ही चलना था, लेकिन अब तक यह हमें जानकारी भेज रहा है। इसमें विश्व का सबसे बेहतरीन कैमरा लगा है, जो चंद्रमा के लगभग हर हिस्से की तस्वीरें ले चुका है।



### “ भारत विश्वगुरु बन गया : बाबूलाल मरांडी

रांची (आजाद सिपाही)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने आज चंद्रयान की सफलता पर राज्य सवा तीन करोड़ जनता, भाजपा कार्यकर्ताओं की ओर से इसरो के वैज्ञानिकों को बधाई एवमं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत के वैज्ञानिकों ने इतिहास रचा है। भारत आज अंतरिक्ष क्षेत्र में विश्वगुरु बन चुका है। आज भारत दुनिया का पहला देश हो गया जिसने चंद्रमा के दक्षिण ध्रुव पर चंद्रयान उतार दिया। मरांडी ने कहा कि आज झारखंड की धरती भी गौरवांवित हुई है। इस चंद्रयान का प्रक्षेपण पैड एचइसी में बना। साथ ही झारखंड के युवक ने भी इस ऐतिहासिक उपलब्धि में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 56,000 रु./10 ग्राम
चांदी 74,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 24 अगस्त, 2023
www.azadsipahi.in


# चंद्रयान-3 की सफलता पर कांग्रेस में जश्न



## आज देश ने जो सफलता हासिल की है वो एक सामूहिक संकल्प का परिणाम है : राजेश ठाकुर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** चंद्रयान-3 की सफलता पर कांग्रेस भवन रांची में जश्न मनाया गया। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाइयां खिलाकर बधाइयां दी। इस अवसर पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने इसरो के वैज्ञानिकों को बधाई देते हुए कहा कि इसरो की आज की उपलब्धि वाकई शानदार और बेमिशाल है। आज देश ने जो सफलता हासिल किया है वो एक सामूहिक संकल्प का परिणाम है। यह किसी एक व्यक्ति का नहीं। उन्होंने कहा कि आज पूरा देश पंडित जवाहर लाल नेहरू को नमन करेगा जिन्होंने इसरो जैसी संस्था का निर्माण कर देश का मान बढ़ाया। इस अवसर पर बंधु तिर्की, केशव महतो कमलेश, राकेश सिन्हा, अमुल्य नीरज खलखो, डॉ एम तौसीफ, गजेंद्र सिंह, गुंजन सिंह, नेली नाथन, केदार पासवान, सुर्यकांत शुक्ला, उज्ज्वल तिवारी, भानू प्रताप बड़ाइक, धनंजय सिंह, जगदीश सहू, निरंजन पासवान, नरेंद्र लाल गोपी, सलीम खान, अरूण श्रीवास्तव, छोटू सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## चंद्रयान-3 लैंडिंग के लिए आदिवासी रीति से की गयी पूजा-अर्चना

**रांची (आजाद सिपाही)।** चंद्रयान-3 के सफल लैंडिंग को लेकर झारखंड के लोग उत्साहित हैं। झारखंड के लोगों को इस बात का गर्व है कि चंद्रयान-3 के कई महत्वपूर्ण उपकरणों का निर्माण भारी अभियंत्रण निगम, एचइसी ने किया है। चंद्रयान-3 के सफल लैंडिंग को लेकर रांची में सरना समाज द्वारा विशेष रूप से पूजा अर्चना की गयी। प्रकृति पूजक इस समाज की महिला और पुरुषों ने एक साथ माता सरना की पूजा की।

# चंद्रयान की सफल लैंडिंग पर भाजपा प्रदेश कार्यालय में जश्न



## भारत की प्रतिभा और पराक्रम ने आज विश्व को अपना लोहा मनवाया:नागेंद्र त्रिपाठी

चंद्रयान की सफल लैंडिंग पर भाजपा प्रदेश कार्यालय में जश्न मनाया गया। इस खुशी के पल में कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाइयां खिलायी। इस अवसर पर क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी ने कहा आज देश के लिए गौरव का क्षण है। भारत की प्रतिभा और पराक्रम ने आज विश्व को अपना लोहा मनवाया है। उन्होंने इसरो के सभी वैज्ञानिकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।



## भारत अब धरती और अंतरिक्ष दोनो से विश्व बंधुत्व को मजबूत करेगा : कर्मवीर सिंह

प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आज भारत सभी क्षेत्रों में प्रगति के पथ पर अग्रसर है।

कहा कि भारत अब धरती और अंतरिक्ष दोनों से विश्व बंधुत्व को मजबूत करेगा।

बधाई एवं शुभकामनाएं देने वालों में प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा आदि शामिल हैं। प्रदेश कार्यालय उत्सव मनाने वालों में हेमंत दास, सूरज चौरसिया, शिवपूजन पाठक, सरोज सिंह,राहुल अवस्थी, पवन साहू, तारिक इमरान, संजय जायसवाल, रमेश सिंह, ललित ओझा, अमरनाथ चौधरी, उमेश रंजन साहू, शशांक राज, चंदन कुमार, अनिल सिंह, देवराज सिंह, संजय महतो, कुमुद झा, भूपेंद्र सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल थे।

## अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में भारत की लंबी छलांग, वैज्ञानिकों को बधाई: रघुवर दास



**रांची (आजाद सिपाही)।** पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चंद्रयान की इस सफलता के बाद आगामी पीढ़ी के लिए चंदा मामा दूर के नहीं रहेंगे। अभियान की इस अभूतपूर्व सफलता के लिए इसरो के सभी वैज्ञानिकों और इस मिशन से जुड़े सभी साथियों को बहुत-बहुत बधाई व शुभकामनाएं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन में देश लगातार नयी ऊंचाइयों को छू रहा है।

## आज भारत अंतरिक्ष के क्षेत्र में वैश्विक महाशक्ति बन गया है: डॉ लंबोदर महतो



**रांची (आजाद सिपाही)।** आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह गोमिया विधायक डॉ. लंबोदर महतो ने चंद्रयान-3 के सफलतापूर्वक चंद्रमा पर पहुंचने पर कहा है कि इस ऐतिहासिक उपलब्धि से हम सब भारतीय गौरवान्वित हैं। भारत ने स्वर्णिम इतिहास रच दिया। भारत की अंतरिक्ष यात्रा में एक नये अध्याय का सूत्रपात ही नहीं हुआ है बल्कि आज भारत अंतरिक्ष के क्षेत्र में वैश्विक महाशक्ति बन गया है। यह हम सबों के लिए ऐतिहासिक गौरव एवं अविस्मरणीय क्षण है। चंद्रयान-3 से संबंधित एसएलपी-सेकंड लॉन्चिंग पैड की डिजाइन रांची के मेकान ने तैयार किया था और उसका निर्माण रांची के एचइसी में किया गया। उन्होंने भारतीय वैज्ञानिक, तकनीशियन व कर्मचारियों को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

## अब चंदा मामा दूर के नहीं रहे : प्रतुल शाहदेव



**रांची (आजाद सिपाही)।** अब चंदा मामा दूर के नहीं रहे। देश के लिए एक अत्यंत ही गर्व का पल। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश के वैज्ञानिकों के लिए अब कोई सरहद दूर नहीं रहा। भारतीय वैज्ञानिकों ने चंद्रयान को कुशलतापूर्वक चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव में लैंड कराया जहां पहले किसी देश ने लैंडिंग नहीं की थी। इस मिशन में लगे तमाम वैज्ञानिकों और टेक्निकल टीम को 140 करोड़ देशवासियों के तरफ से बधाई। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर न सिर्फ वैज्ञानिकों और देशवासियों को बधाई दी बल्कि सूर्य का भी अध्ययन करने के लिए नये मिशन की घोषणा की है। यही है मोदी के नेतृत्व में न्यू इंडिया का बदलता स्वरूप। इसके पूर्व जब यह मिशन फेल हो गया था तो प्रधानमंत्री ने व्यक्तिगत रूप से जाकर वैज्ञानिकों का उत्साह बढ़ाया था।

# देश के लिए अहितकर है ममता की तुष्टिकरण की राजनीति

## ■ मौलवियों-मुअज्जिनों के बाद अब दुर्गापूजा आयोजकों पर बरसायी इनायत

## ■ दरकते जनाधार का डर सताने लगा है बंगाल की इस आयरन लेडी को

आजाद सिपाही विशेष

**भारतीय राजनीति में इंदिरा गांधी के बाद 'आयरन लेडी' का खिताब हासिल कर चुकीं तृणमूल कांग्रेस की मुखिया और 12 साल से पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी इन दिनों पूरी तरह चुनावी मोड में आ चुकी हैं। पहले उन्होंने राज्य के मौलबियों-मुअज्जिनों के वेतन में पांच सौ रुपये की बढ़ोत्तरी की घोषणा की और जब उनके फैसले की चौतरफा आलोचना होने लगी, तब उन्होंने दुर्गापूजा आयोजकों के लिए भी सरकारी सहायता की घोषणा कर दी। ममता दीदी के रुख में यह बदलाव अचानक से नहीं आया है, बल्कि इसके पीछे चुनावी राजनीति है। दो साल पहले पश्चिम बंगाल के चुनाव में ऐतिहासिक जीत हासिल करनेवाली ममता बनर्जी कुछ समय पहले तक खुद को भाजपा के खिलाफ सबसे ताकतवर चेहरा बताने में संकोच नहीं करती थीं, लेकिन इस साल हुए दो उपचुनावों और फिर इसी महीने हुए पंचायत चुनाव के परिणामों ने उनके माथे पर चिंता की लकीरें गहरी कर दी हैं। मौलवियों-मुअज्जिनों के बाद दुर्गापूजा समितियों के पास जाने का सीधा मतलब यही निकाला जा सकता है कि ममता दीदी को इस बात का एहसास हो गया है कि उनके जनाधार में दरार पैदा होने लगा है। उन्हें पता चल गया है कि टीएमसी के कोर वोटर, यानी मुस्लिम अब उससे दूर जाने लगे हैं। लेकिन एक लोकप्रिय नेता का इस तरह खुलेआम तुष्टिकरण की राजनीति करना देश-समाज के लिए कितना अहितकर हो सकता है, इसका अंदाजा अभी ममता बनर्जी को नहीं है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री के इस नये कदम के कारण जो परिस्थितियां पैदा हो सकती हैं, उसके बारे में बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी चुनावी मोड में आ गयी हैं। 2023 में जिस तरह से एक के बाद एक उप चुनावों में उनकी पार्टी की हार हुई, उससे वह चिंतित भी हैं और चुनाव की तैयारियों में जुट गयी है। इसका पहला संकेत उस समय मिला, जब उन्होंने बंगाल में मौलानाओं और पुजारियों के भत्ते में पांच सौ रुपये प्रति माह बढ़ाने का एलान किया। उस फैसले की आलोचना शुरू हुई, तो ममता ने दुर्गापूजा समितियों का भत्ता 60 हजार रुपये प्रति क्लब से बढ़ाकर 70 हजार रुपये करने का एलान कर दिया। ममता की इस घोषणा को अल्पसंख्यक वोटरों को रिझाने के लिए सस्ता चुनावी हथकंडा बताया जा रहा है।

यह सही है कि दुर्गापूजा पश्चिम बंगाल का सबसे बड़ा त्योहार है। कोरोना के चलते दो साल यहां पर उत्सव नहीं मनाया जा सका, लेकिन साल 2022 में यह फिर से पूरे रंग में लौटा था और कोलकाता की दुर्गा पूजा को यूनेस्को हेरिटेज का दर्जा मिला था। पूरे पश्चिम बंगाल में करीब 40 हजार सामुदायिक पूजा आयोजित की जाती है। इसमें से लगभग तीन हजार अकेले कोलकाता में आयोजित की जाती हैं।

### मुस्लिम मतदाताओं की अहम भूमिका है बंगाल में

पश्चिम बंगाल की सियासत में मुस्लिम मतदाता काफी निर्णायक भूमिका में है। राज्य में करीब 30 फीसदी मुस्लिम हैं, जो एक सौ विधानसभा सीटोंऔर एक दर्जन से ज्यादा लोकसभा सीटों पर किसी भी दल को जिताने या फिर जीतने की ताकत रखते हैं। और यह सर्वविदित तथ्य है कि मुस्लिम मतदाता ही टीएमसी, यानी ममता बनर्जी के कोर वोटर हैं। इसलिए ममता बनर्जी उन्हें अपने पाले में बनाये रखने के लिए हरसंभव कदम उठाती रहती हैं। ममता बनर्जी इन्हीं मुस्लिम वोटों को जोड़कर बंगाल की सत्ता पर काबिज हैं, लेकिन मुस्लिम समुदाय का अब धीरे-धीरे मोहभंग हो रहा है। हाल ही में हुए पंचायत चुनाव के पीरजादा अब्बास सिद्दीकी की पार्टी एसएफआइ 336 पंचायत सीटें जीतने में सफल रही थी, जिनमें 325 ग्राम पंचायत सीटें, 10 पंचायत समिति की सीटें और एक जिला परिषद की सीट है। इसके अलावा 2021 में उनका एक विधायक जीता था। ये सभी मुस्लिम सीटें हैं, जहां पर अब्बास सिद्दीकी को जीत मिली है।

### मुस्लिमों के वोटिंग पैटर्न से ममता चिंतित

बंगाल के पंचायत चुनाव में मुस्लिमों के वोटिंग पैटर्न ने ममता बनर्जी की चिंता और चुनौती दोनों ही बढ़ा दी है। यही वजह है कि ममता बनर्जी मुस्लिमों को साधने की कवायद में जुट गयी हैं, जिसके तहत ही उन्होंने मस्जिदों के इमाम और मुअज्जिनों के भत्ते में इजाफा किया है, ताकि अब्बास सिद्दीकी की तरफ मुसलमानों के हो रहे झुकाव को अपनी तरफ मोड़ा जा सके। इसीलिए ममता बनर्जी ने इमामों के सम्मेलन में मंत्री फिरहाद हकीम और सिद्दीकुल्ला चौधरी सहित मुस्लिम समुदाय नेता उपस्थित थे।

### मुस्लिमों को साधने की कोशिश

सिद्दीकुल्ला चौधरी बंगाल में जमीयत-उलेमा-ए-हिंद के प्रदेश अध्यक्ष भी हैं। मुसलमानों के बीच इस संगठन की अपनी मजबूत पकड़ है। ममता बनर्जी ने 2011 से सत्ता में आने के बाद से मुसलमानों को पार्टी के साथ जोड़े रखने की हरसंभव कोशिश करती रही हैं, जिसके चलते ही अल्पसंख्यक कल्याण के लिए सरकार द्वारा आवंटित किया जाने वाला बजट आठ गुना बढ़ गया है। ममता बनर्जी ने सम्मेलन में कहा कि अल्पसंख्यक समुदाय के लिए 2010-11 में 472 करोड़ रुपये दिये गये थे, लेकिन अब 2023-24 वित्तीय वर्ष में 4233 करोड़ रुपये दिये जा रहे हैं। इस तरह से ममता बनर्जी ने मुस्लिमों को साधने की कोशिश की है।

### ममता की चिंता का असली कारण

इस साल में पश्चिम बंगाल में दो विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव हुए। इसके बाद पंचायत चुनाव भी हुए। इन चुनावों के परिणामों ने ममता दीदी के माथे पर चिंता की लकीरें गहरी कर दी हैं। इस साल मार्च में 64 फीसदी मुस्लिम आबादी वाले सागरदिघी में उपचुनाव हुआ। वहां तृणमूल कांग्रेस हार गयी। कांग्रेस वहां से जीत गयी। हालांकि बाद में ममता बनर्जी ने कांग्रेस के एकमात्र विधायक को टीएमसी में शामिल करा लिया। इसके अलावा बालीगंज में हुए उपचुनाव में तृणमूल कांग्रेस की जीत जरूर हुई, लेकिन उसका वोट प्रतिशत 70 से घट कर 49 हो गया। इसी तरह पंचायत चुनाव में मुस्लिम बहुल भांगड़ में तृणमूल कांग्रेस के सामने नयी पार्टी आइएसएफ ने 43 सीटें जीत लीं। बालीगंज सीट के सात वार्डों में 60 फीसदी से ज्यादा मुस्लिम आबादी है, लेकिन वहां भी टीएमसी का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा।

### आखिर अल्पसंख्यक तृणमूल कांग्रेस से दूर क्यों जा रहे हैं

दरअसल बीते दो साल के दौरान पश्चिम बंगाल की राजनीतिक हिंसा में जितने लोग मरे हैं, उनमें से अधिकांश मुस्लिम समुदाय के थे। सत्ताधारी दल का समर्थक होने के बावजूद मुस्लिमों की मौत ने पूरे समुदाय को यह संदेश दिया है कि राजनीतिक लाभ के लिए उनका इस्तेमाल किया जा रहा है। सत्ता में होने के बावजूद टीएमसी और ममता बनर्जी उनके लिए कुछ नहीं कर रही है। इसलिए अल्पसंख्यकों में तृणमूल कांग्रेस सरकार के खिलाफ गुस्सा है। इसके अलावा तृणमूल कांग्रेस ने भाजपा के कई ऐसे नेताओं को अपने पाले में किया, जिनका ट्रैक रिकॉर्ड मुस्लिम विरोध का है। भाजपा में रहने के दौरान ये नेता मुस्लिम विरोधी बयान देते थे। इनके बयानों से मुस्लिमों में नाराजगी थी। माना गया कि मुस्लिम समुदाय को इन नेताओं का तृणमूल कांग्रेस में शामिल होना पसंद नहीं आया।

### इसलिए बदला है ममता का रवैया

इस ट्रेंड को भांप कर ही ममता बनर्जी ने अपना रुख बदल लिया है। वह अपने दरकते जनाधार को महसूस कर चुकी हैं। इसलिए वह मौलवियों-मुअज्जिनों के साथ दुर्गापूजा समितियों को भी संतुष्ट करने की कोशिश कर रही हैं, लेकिन इस क्रम में वह भूल जा रही हैं कि यह देश के लिए अहितकारी है। समाज को विभाजित कर सत्ता पर काबिज होने की उनकी कोशिश जिस दिन फेल हुई, उन्हें शायद इतिहास में भी जगह नहीं मिलेगी।



www.epaper.azadsipahi.in

24 अगस्त, 2023
सावन, शुक्ल पक्ष, अष्टमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही

रांची
गुरुवार, वर्ष 08, अंक 304

टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी की कंपनी पर इडी की रेडः करोड़ों रुपये के संदिग्ध लेन-देन के डॉक्यूमेंट जब्त



**शराब घोटाला : छत्तीसगढ़ के बाद अब झारखंड में कार्रवाई**

# वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव समेत 32 लोगों के यहां इडी का छापा




- रांची, देवघर, धनबाद, दुमका और कोलकाता में इडी ने एक साथ की कई जगहों पर कार्रवाई
- वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव के घर से मिले 30 लाख नगद, अन्य जगहों से निवेश के दस्तावेज मिले

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** छत्तीसगढ़ के बाद झारखंड में भी शराब घोटाले की जांच में प्रवर्तन निदेशालय (इडी) की एंट्री हो गयी है। इडी के अधिकारी मनी लांड्रिंग के एंगल पर पूरे मामले को देख रहे हैं। इसी सिलसिले में बुधवार को झारखंड और बंगाल में बड़ी छापेमारी शुरू हुई। राज्य के वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव, उनके बेटे रोहित उरांव, शराब कारोबारी योगेंद्र तिवारी और अन्य से जुड़े 32 ठिकानों पर इडी ने बुधवार की सुबह से ही छापेमारी शुरू की। ये ठिकाने रांची, देवघर, धनबाद, दुमका व कोलकाता में हैं। सुबह करीब साढ़े छह बजे से ही इडी की टीम संबंधित सभी ठिकानों पर एक साथ दबिश दी है। सूत्रों के मुताबिक वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव के घर से 30 लाख रुपये नगद मिले हैं। वहीं, विजय सिंह के यहां से करोड़ रुपये के जेवहर बरामद हुए। इसके मूल्य का आकलन कराया जा रहा था। अन्य लोगों पर हुई कार्रवाई के दौरान भारी मात्रा में निवेश के दस्तावेज मिले हैं। खबर लिखे जाने तक इडी की कार्रवाई जारी थी।



## वित्त मंत्री के बेटे का शराब करोबार में बड़ा निवेश

वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव के बेटे रोहित उरांव का राज्य के शराब कारोबार में बड़ा निवेश बताया जा रहा है। इडी के सूत्रों की मानें तो उसने योगेंद्र तिवारी के माध्यम से इस व्यवसाय में बड़ी रकम लगायी है। इडी ने योगेंद्र तिवारी व प्रेम प्रकाश तथा अन्य की भूमिका की प्रारंभिक जांच के बाद इस घोटाले की जांच में जुटी है। गौरतलब है कि पूर्व में 21 मार्च की आयकर विभाग की छापेमारी में यह खुलासा हो गया था कि शराब कारोबारी योगेंद्र तिवारी ने करीब 15 करोड़ से अधिक की अघोषित संपत्ति अर्जित की है।

## इन जगहों पर छापामारी

मंत्री रामेश्वर उरांव का रांची स्थित आवास, योगेंद्र तिवारी के दुमका के गिलानपाड़ा चौक स्थित व्यवसायिक कार्यालय, टाटा शोरूम चौक पर स्थित तनिष्क शोरूम, खिजुरिया में तिवारी ऑटो मोबाइल, कुम्हारपाड़ा में पप्पू शर्मा व अनिल सिंह का आवास, नेक्सजेन के विनय सिंह के यहां छापेमारी की जाने की खबर है।

## योगेंद्र तिवारी से होगी शनिवार को पूछताछ

सूत्रों के मुताबिक इडी को छापा के दौरान निवेश के दस्तावेज मिले हैं। इसमें मनी लांड्रिंग के मामले की जांच की जा रही है। इडी ने योगेंद्र तिवारी और अमरेंद्र तिवारी को शनिवार को पूछताछ के लिए बुलाया है। अन्य लोगों को भी जल्द ही बुलाया जायेगा।



## इन लोगों के यहां इडी ने की छापामारी

- आरती राय चौधरी पत्नी स्वर्गीय शरत चंद्र राय : निवासी राय बंगला, कैस्टेयर टाउन, थाना, अनुमण्डल एवं जिला- देवघर।
- अजय केसरी : 14, राम मंदिर रोड, पीओ/थाना- देवघर, शहर-देवघर राज्य-झारखंड पिन 814112
- विवेक मिश्रा : पिता- नित्यानंद मिश्रा, राय बंगला, आशाराम केसन रोड, देवघर टाउन, देवघर, झारखंड।
- अभिषेक झा : पिता-स्वर्गीय गोरेलाल झा, बी एन झा पथ, देवघर टाउन, देवघर, झारखंड।
- मुन्नम संजय : पिता- चंद्र नारायण बाजपेयी, मकान नंबर 21, वार्ड नंबर 7, परमेश्वर दयाल रोड बरमसिया, देवघर, देवघर, देवघर, जेएच, 814112
- योगेंद्र तिवारी : पिता- रामेश्वर तिवारी, जोगेंद्र तिवारी का गोदाम, होटल सिद्धार्थ के सामने, देवघर।
- योगेंद्र तिवारी : पिता- रामेश्वर तिवारी, बोंपास टाउन, डॉ. राजीव पांडे हॉस्पिटल के पास, देवघर।
- वैभव शाहाबादी पिता- निर्भय शाहाबादी और निर्भय शाहाबादी पिता विश्वनाथ शाहाबादी, शाहाबादी हाउस, डॉक्टर लेन मकतपुर, गिरिडीह, झारखंड-815301
- अमरनाथ टेकरीवाल : पिता- सीताराम टेकरीवाल मकान नं. 169, जमुआ थाना नं. 516, गोड्डा, थाना गोड्डा शहर, गोड्डा। 814133
- बरनाली राय : पत्नी -अरुण कुमार राय, सुकांत पल्ली बोराल, राजपुर, सोनारपुर (एम) बोराल, दक्षिण, 24 परगना, पश्चिम बंगाल,700154
- मनीष डालमिया और विजय डालमिया : (मैसर्स मनीष कंपनी प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक) डालमिया हाउस, 392, ब्लॉक - जी, न्यू अलीपुर, कोलकाता 700 053
- हरि कृष्ण चौधरी पिता-हनुमान दास चौधरी और अनिल चौधरी पिता- हरि कृष्ण चौधरी (मैसर्स विक्रम फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के निदेशक) 6बी, श्रीराम गार्डन, 15 बेल्वेडियर रोड, अलीपुर, कोलकाता, पश्चिम बंगाल- 700027
- मेसर्स मैहर डेवलपर्स वसुंधरा गार्डन, फ्लैट नंबर 902 ए, बरियातू, मोरहाबादी, रांची।
- रोहित उरांव : पिता- रामेश्वर उरांव, रागिनी विला, सरहुल नगर, बरियातू, सीएन होंडा सर्विस स्टेशन, रांची - 834009
- विनय कुमार सिंह : पिता साधुशरण सिंह बी1/सी, बेलेयर अपार्टमेंट, मेन रोड, रांची जीपीओ - ??रांची, झारखंड-834001
- श्रवण कुमार जालान : पिता केदार नाथ जालान, जालान रोड, अपर बाजार, रांची, झारखंड - 834001
- उमा शंकर सिंह : पिता राजेंद्र सिंह, चांदनी चौक, ओबरिया रोड, हटिया, रांची।
- योगेंद्र तिवारी और मेसर्स संथाल परगना बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड, डी-2, हरमू हाउसिंग कॉलोनी, रांची झारखंड 834001
- विकास कुमार अग्रवाल : पिता सोहन लाल अग्रवाल 95, के.बी. मार्ग, खजांची तालाब के पास, बोड्डम बाजार, हजारीबाग- 825301, झारखंड।
- रीतेश कुमार शर्मा: पिता नत्थूमल शर्मा (मैसर्स आलोकिक हाइट्स एलएलपी का भागीदार) पिता- नत्थूमल शर्मा, ग्रेवाल अपार्टमेंट, फ्लैट नंबर ई-5, 5वीं मंजिल, ग्रेवाल कॉलोनी, बेकारबांध, धनबाद, झारखंड- 826001
- अमरेंद्र तिवारी : पिता- रामेश्वर तिवारी फ्लैट नंबर 402, कोशिकी राधिका रीजेंसी अपार्टमेंट झारूडीह, बेकार बांध, धनबाद, 826001
- अमरेंद्र तिवारी और जोगेंद्र तिवारी : पिता रामेश्वर तिवारी एसबीआइ बिल्डिंग, दूसरी मंजिल, स्टेशन रोड, मिहिजाम, जामताड़ा-815354
- अमरेंद्र तिवारी एवं जोगेंद्र तिवारी : पिता रामेश्वर तिवारी स्टेशन रोड, मिहिजाम, जामताड़ा
- तनिष्क शोरूम टाटा चौक, भागलपुर रोड, दुमका
- प्राणतोष मिश्रा : पिता भवानी प्रसाद मिश्रा, डंगाल पाड़ा, हिजला रोड, सोनवाडंगाल, छोटूलाल मंदिर के पास, दुमका, झारखंड - 814101 पप्पू शर्मा: कुम्हार पाड़ा, दुमका, मेसर्स मैहर डेवलपर्स कुम्राबाद, बिजयपुर, दुमका, झारखंड 814119 मेसर्स सरन अल्कोहल प्राइवेट लिमिटेड, डिस्टिलरी रोड, गिलानपारा,पोस्ट दुमका, 814101
- शराब गोदाम खाता नंबर-91, प्लॉट नंबर-1053, मौजा- लखीकुंडी, थाना-दुमका (मुफस्सिल), जिला-दुमका, झारखंड-814101
- मेसर्स तिवारी ऑटोमोबाइल्स प्राइवेट लिमिटेड एयरपोर्ट रोड, लखीकुंडी, दुमका, झारखंड 814101, अनिल कुमार सिंह : पिता शालीग्राम सिंह, कुम्हार पारा, दुमका, झारखंड

**सीएम ने पथ निर्माण विभाग की समीक्षा की, दिये कई निर्देश**

# सड़कें खराब बनीं, तो इंजीनियर और ठेकेदार पर होगी कार्रवाई: हेमंत सोरेन

- सीएम ने फॉरेस्ट क्लीयरेंस की वजह से लंबित 13 सड़क परियोजनाओं की विशेष रूप से की समीक्षा, कहा- वन विभाग और पथ निर्माण विभाग आपस में समन्वय बना कर इसका निकालें समाधान
- मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा- सड़कों के किनारे उन लोकेशंस को चिह्नित करें, जो हेलीपैड निर्माण के लिए उपयुक्त होंगी, ताकि दुर्घटना में घायल लोगों को तत्काल एयर लिफ्ट करा कर अस्पताल लाया जा सके

- सड़कों का निर्माण तय समय पर पूरा हो, इसका ख्याल रखें: हेमंत सोरेन
- बेहतर और गुणवत्तायुक्त सड़कों का नेटवर्क बढ़ाने पर सरकार का विशेष जोर




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** बेहतर सड़कों के नेटवर्क से विकास को गति मिलती है। ऐसे में अच्छी सड़कों के निर्माण पर सरकार का विशेष जोर है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बुधवार को पथ निर्माण विभाग की उच्च स्तरीय बैठक में विभिन्न सड़क परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि सड़कों का निर्माण तय समय पर पूरा हो, इसका पूरा ख्याल रखें। अगर सड़कों की गुणवत्ता को लेकर कोई शिकायत मिलती है, तो संबंधित इंजीनियर और ठेकेदार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। मुख्यमंत्री को पथ निर्माण विभाग के सचिव ने बताया कि राज्य में फॉरेस्ट क्लीयरेंस से संबंधित 13 सड़क परियोजनाएं हैं। इनमें पांच में वन विभाग द्वारा एनओसी मिल चुका है, जबकि आठ सड़क परियोजनाएं फॉरेस्ट क्लीयरेंस की वजह से अटकी हुई हैं।

### 15 हजार किलोमीटर बननी हैं ग्रामीण सड़कें

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में 15 हजार किलोमीटर लंबी ग्रामीण सड़कों का निर्माण कराया जाना है। ऐसे में इन सड़कों के निर्माण में तेजी लाने की जरूरत है। उन्होंने यह भी कहा कि ग्रामीण सड़कों की क्वालिटी और मजबूतीकरण से किसी प्रकार का समझौता नहीं होगा। कई बार शिकायतें मिलती हैं कि एक तरफ सड़कें बन रहीं हैं और दूसरी तरफ से उखड़ भी रही हैं। इसे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। इसमें जो भी दोषी होंगे, उनके खिलाफ सरकार एक्शन लेगी। इस मौके पर अधिकारियों ने बताया कि 15 हजार किलोमीटर लंबी ग्रामीण सड़कों में 6 हजार किलोमीटर सड़कों का डीपीआर तैयार हो चुका है और 3 हजार किलोमीटर सड़क निर्माण को स्वीकृति दी जा चुकी है।

### सड़क निर्माण की मॉनिटरिंग की व्यवस्था हो

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में जो भी सड़कें बन रही हैं, उसके निर्माण की मॉनिटरिंग होनी चाहिए । इस सिलसिले में एक पोर्टल पर सड़कों के निर्माण की लाइव वीडियो अपलोड की जाये, ताकि उसकी क्वालिटी और निर्माण की गति की पल-पल जानकारी मिलती रहे।

### सड़कों के किनारे हेलीपैड निर्माण को लेकर कार्य योजना बनायें

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि सड़कों के किनारे हेलीपैड निर्माण को लेकर कार्य योजना बनायें। इसके तहत सड़कों के उन लोकेशंस को चिह्नित करें, जो हेलीपैड निर्माण के लिए उपयुक्त होंगी। इससे दुर्घटनाओं और आपातकालीन परिस्थितियों में घायलों को तत्काल एयरलिफ्ट करा कर अस्पताल पहुंचाया जा सके।

उच्च स्तरीय बैठक में मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, अपर मुख्य सचिव एल खियांगते, पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री की प्रधान सचिव वंदना दादेल, प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, सचिव सुनील कुमार, आइजी ए वी होमकर, पीसीसीएफ संजय कुमार और पीसीसीएफ शशिकर सामंता मौजूद थे।

# अनुसूचित जाति-जनजाति के एंटरप्रेन्योर्स के लिए इंडस्ट्रियल कॉरिडोर बनाया जाये: हेमंत सोरेन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड जैसे राज्य के सामाजिक आर्थिक परिप्रेक्ष्य में एमएसएमई सेक्टर काफी मायने रखती है। इस राज्य में इस सेक्टर के उद्योगों के विकास के लिए सभी जरूरी संसाधन उपलब्ध हैं, वहीं यह बड़ी संख्या में युवाओं को रोजगार देने की भी क्षमता रखता है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन उद्योग विभाग द्वारा छोटे उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए तैयार किये गये मेक इन झारखंड (परचेज प्रेफरेंस) पॉलिसी- 2023 की समीक्षा कर रहे थे। एग्रो बेस्ड इंडस्ट्रीज को बढ़ावा देने पर सरकार का विशेष जोर है। ऐसे में इस पॉलिसी में इस बात का विशेष रूप से ध्यान रखा जाये। मुख्यमंत्री ने कहा कि अनुसूचित जनजाति और अनुसूचित जाति के एंटरप्रेन्योर्स को बढ़ावा मिले। इसके लिए जरूरी है कि इनके लिए विशेष रूप से इंडस्ट्रियल कॉरिडोर की स्थापना हो, जहां बिजली-पानी-सड़क जैसी सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हों। इससे अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के ज्यादा से ज्यादा युवाओं को उद्योग लगाने के लिए बढ़ावा मिले, इसके लिए कार्य योजना बना कर उसे धरातल पर उतारें। अनुसूचित जनजाति और अनुसूचित जाति तथा महिलाएं उद्योग लगाने के प्रति आकर्षित हों, इसके लिए सर्विसेज सेक्टर से उन्हें जोड़ने की पहल की जाये। इसके तहत उन्हें होटल, रेस्टोरेंट, स्कूल, अस्पताल लैबोरेट्री आदि खोलने के लिए जमीन के साथ-साथ अन्य सुविधाएं भी मुहैया करायी जाये।

बैठक में मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, मुख्यमंत्री की प्रधान सचिव वंदना दादेल, प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, उद्योग सचिव जितेंद्र कुमार सिंह, अपर सचिव मनमोहन प्रसाद और अन्य अधिकारी मौजूद थे।

**आजसू सुप्रीमो ने नवाडीह में चूल्हा प्रमुखों को किया लामबंद, बोले जीत के दारोमदार होंगे**

# हेमंत सरकार 1932 के नाम पर राजनीतिक रोटी सेंक रही है: सुदेश

भयमुक्त और विकासयुक्त डुमरी बनायेंगे, यह विनोद बाबू और निर्मल दा का झारखंड है




फोटो : प्रदीप ठाकुर।

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नवाडीह।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा है कि डुमरी विधानसभा क्षेत्र को भयमुक्त और विकासयुक्त बनायेंगे। इस उपचुनाव में विचारधारा और चरित्र की लड़ाई है। एक तरफ ठगबाज, धोखेबाज झारखंड मुक्ति मोर्चा और उसके सहयोगी हैं और दूसरी तरफ विकास की बुनियाद पर राजनीति करने और विषयों, जनभावना के साथ चलने वाली आजसू पार्टी।

डुमरी विधानसभा क्षेत्र के नवाडीह स्टेडियम में आजसू पार्टी के चूल्हा प्रमुखों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने ये बातें कहीं। उन्होंने कहा कि आजसू पार्टी के चूल्हा प्रमुख ही उपचुनाव जीतने के दारोमदार होंगे। इसके साथ ही उन्होंने जोर देकर कहा कि गठबंधन सरकार 1932 के नाम पर राजनीतिक रोटी सेंक रही। मुख्यमंत्री विधानसभा में, सदन से बाहर और चुनावी मैदान में इस मुद्दे पर अलग- अलग बयानबाजी करते हैं। दरअसल इस मुद्दे पर सरकार राजनीतिक रोंटी सेंकती रही है। इस सरकार की पहचान लूट और झूठ, छल प्रपंच से की जाती है।

### डुमरी उपचुनाव ठगबाज, धोखेबाज और सौदेबाजों के खिलाफ

उन्होंने कहा कि डुमरी उपचुनाव ठगबाज, धोखेबाज और सौदेबाजों के खिलाफ है। 2019 में जनादेश के साथ हुए अपमान के खिलाफ है। यह भी जगजाहिर है कि एनडीए ने झारखंड अलग राज्य दिया, वर्ना झामुमो लटकाये रखता। इन्होंने हर समुदाय और शहीदों, क्रांतिकारियों को छला है। नक्सली हमले में शहीद हुए हरदिल अजीज सांसद सुनील दा का परिवार आज किन हालात से गुजर रहा, इसकी चिंता मुख्यमंत्री को नहीं है। धरती पुत्र शहीद निर्मल महतो हत्याकांड का सूत्रधार कौन है, इसका आज तक पता नहीं चला। जबकि समाज इसे जानना चाहता है। सुदेश महतो ने यह भी कहा, जब कुर्मी समाज का कोई युवा राजनीति में आगे बढ़ता है, तो उसके साथ षड्यंत्र क्यों होता है।

उन्होंने कहा कि संताल परिवार की राजनीति करने वाले सीएम सिदो कान्हू की तीसरी पीढ़ी के वंशज मंडल मुर्मू से कहते हैं कि नौकरी करके क्या करोगे। कुछ रोजगार क्यों नहीं करते। मंडल मुर्मू की मां बीमारहाल हैं और डॉक्टरों ने इलाज के लिए उच्च संस्थान ले जाने को कहा है। मंडल मुर्मू को हमने इंजीनयरिंग की पढ़ाई करायी है। आगे भी उस परिवार का ख्याल करेंगे। सम्मेलन को एनडीए की उम्मीदवार यशोदा देवी ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि वे भी झारखंड आंदोलनाकारी दिवंगत दामोदर महतो की पत्नी हैं। डुमरी के लिए हमारे परिवार ने भी लंबा संघर्ष किया है। हमारी लड़ाई किसी उम्मीदवार के खिलाफ नहीं भ्रष्ट सरकार के खिलाफ है।



## महिला क्रिकेट टीम के गठन को लेकर केडीसीए ने खिलाड़ियों संग की बैठक



कोडरमा (आजाद सिपाही)। जिला क्रिकेट एसोसिएशन ने इस वर्ष कोडरमा जिला महिला क्रिकेट टीम बनाने को लेकर तैयारी शुरू कर दी है। झुमरीतिलैया स्थित रॉयल सेलिब्रेशन बैंक्वेट हॉल में केडीसीए के पदाधिकारियों ने जिले की क्रिकेट खेलने वाली इच्छुक लड़कियों और अभिभावकों संग एक बैठक की। बैठक में सचिव दिनेश सिंह ने कहा कि आज क्रिकेट के क्षेत्र में कैरियर की अपार संभावनाएं खुली हुई है। लड़कियों को क्रिकेट के क्षेत्र में मेहनत कर कैरियर संवारना चाहिए। उपाध्यक्ष अनिल सिंह और संयुक्त सचिव कृष्णा ब्रह्मपुरिया ने खिलाड़ियों को हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया और कहा कि एक अच्छे ट्रेनर से महिला खिलाड़ियों को ट्रेनिंग दिलवाया जायेगा। झारखंड पब्लिक स्कूल इंदरवा के कंप्यूटर सह खेल शिक्षक राजीव रंजन सिन्हा ने अपने स्कूल में ट्रेनिंग सेंटर रखने की बात कही। बैठक में सचिव दिनेश सिंह, उपाध्यक्ष अनिल सिंह, ज्वाइंट सेक्रेट्री कृष्णा बरहपुरिया, आलोक पांडेय, ओम प्रकाश, सोनू खान, राजीव रंजन सिंहा, सुरेश प्रसाद, दीपक, प्रियंका मेहता, रजनी यादव, पूजा कुमारी, रिया, तेजस्विनी, सोनाली, अनु, राधा, पायल, सृष्टि, सोनीका, अंशु, रिया कुमारी, प्रियंका कुमारी, महिमा, सुमन, ज्योति मौजूद थे।

## बिजली के खंभे से टकरा कर वाहन दुर्घटनाग्रस्त



कोडरमा (आजाद सिपाही)। कोडरमा थाना क्षेत्र के बागीटांड राजकीय खनन संस्थान के समीप बुधवार की सुबह एक 407 वाहन संख्या बीआर 01 जीसी 1081 अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जिसमें चालक शिवकुमार बिहार के समस्तीपुर निवासी को हल्की चोट आई है। चालक ने बताया कि वह पटना से मेडिसिन लोड कर रांची जा रहा था। इसी दौरान बागीटांड के समीप वाहन अनियंत्रित होकर एक बिजली के खंभे से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। गाड़ी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

## बाबूलाल की संकल्प यात्रा को लेकर बैठक



मरकच्चो (आजाद सिपाही)। भारतीय जनता पार्टी की प्रखंड इकाई की बैठक प्रखंड के पंचायत नावाडीह1 पंचायत सचिवालय में 23 अगस्त को मरकच्चो मंडल अध्यक्ष विजय यादव की अध्यक्षता में की गयी। बैठक में आगामी 4 सितंबर को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के संकल्प यात्रा तथा डोमचांच में आयोजित कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु निर्णय लिया गया। डोमचांच में होने वाले कार्यक्रम सभा में सभी बूथों से अधिक से अधिक लोगों की उपस्थित पर विशेष चर्चा किया गया। बैठक में उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं ने डोमचांच में होने वाले कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर संकल्प लिया। बैठक का संचालन प्रखंड महामंत्री पवन सिंह व सुनील यादव ने किया। वही बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश कार्य समिति सदस्य रमेश सिंह, जिला महामंत्री राजकुमार यादव, बेदू साव, अनूप जोशी, दिनेश राणा, परमेश्वर सिंह, मोहन यादव, लखन पासवान, भोला यादव, नागेश्वर यादव, सदानंद कुशवाहा, चंद्रदेव कुशवाहा, जनार्दन महतो, यमुना यादव, कालेश्वर यादव, हीरालाल यादव, बिनोद यादव, महेंद्र मोदी समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## 5 सितंबर को बाबूलाल मरांडी बरकट्ठा में



जयनगर (आजाद सिपाही)। प्रखंड के दुर्गा मंदिर प्रांगण में भारतीय जनता पार्टी जयनगर मंडल की बैठक जयनगर मंडल अध्यक्ष रामदेव मोदी के अध्यक्षता में बैठक की गयी। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री यमुना यादव ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि 5 सितंबर को बरकट्ठा प्रखंड मुख्यालय में दिन 10 बजे झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री सह प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी संकल्प यात्रा को संबोधित करेंगे। विधायक श्री यादव ने कहा कि संकल्प यात्रा को लेकर बरकट्ठा विधानसभा के पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता बूथ स्तर तक संपर्क कर संकल्प यात्रा को ऐतिहासिक बनायें। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के आगमन को लेकर बरकट्ठा विधानसभा में काफी उत्साह है उनके कार्यक्रम में अप्रत्याशित भीड़ उमड़ेगी। मौके पर उप प्रमुख राजनारायण सिंह, सुरेंद्र प्रसाद मोदी, सदानंद सिंह, प्रदीप साव, राजू साव, संतोष मोदी, सीताराम यादव, सुधीर सिंह, वीरेंद्र कुमार, सुनील सिंह, विनोद गुप्ता, दीपक बर्णवाल, कुंदन गुप्ता, विक्की राणा, राजू यादव सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## अत्यधिक शराब सेवन से हुई मौत

कोडरमा (आजाद सिपाही)। जिले के मरकच्चो थाना क्षेत्र अंतर्गत महुवाटांड़ स्थित नदी किनारे सुनसान जगह से शव बरामद हुआ है। शव की पहचान 45 वर्षीय अर्जुन दास, पिता लक्ष्मण दास के रूप में हुई है। मृतक मरकच्चो थाना क्षेत्र के जामू का रहने वाला था, लेकिन शादी के बाद वह अपने ससुराल थाना क्षेत्र के ही भोजपुर में घर बनाकर सपरिवार रह रहा था। जानकारी के अनुसार, अर्जुन दास शराब का सेवन करता था और अत्यधिक शराब पीने की वजह से उसकी मौत हो गई। मरकच्चो पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल कोडरमा भेज दिया। साथ ही यूडी केस दर्ज किया गया है।

## कोडरमा में बंधन बैंक का मना स्थापना दिवस



कोडरमा (आजाद सिपाही)। जिला मुख्यालय स्थित बंधन बैंक में बुधवार को समारोहपूर्वक बैंक का 8वां स्थापना दिवस मनाया गया। मौके पर पेंशनर समाज के जिला अध्यक्ष नारायण मोदी, पूर्व सिविल सर्जन डॉ बालकेश्वर प्रसाद, शाखा प्रबंधक जय शिव कुमार ने दीप जलाकर और केक काटकर स्थापना दिवस कार्यक्रम की शुरूआत की। मौके पर बैंक कर्मी सोमा कुमारी, अजय पांडेय, प्राची कुमारी, रंजीत यादव, उमेश राणा, राजेश भारती, प्रदीप पासवान, कुंदन कुमार, रविशंकर, धर्मवीर के अलावा बैंक ग्राहकों में चंद्रकांत बरनवाल, अभिषेक आनंद, महावीर यादव, राजेश बरनवाल, मनीष मल्होत्रा, सतीश कुमार, मुकेश वर्मा, दिनेश विश्वकर्मा, श्वेता वर्मा, रणजीत कुमार, सुशील अग्रवाल समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम को लेकर डीडीसी ने की बैठक



कोडरमा (आजाद सिपाही)। भारत सरकार द्वारा आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत कोडरमा जिले दो प्रखंड जयनगर और मरकच्चो प्रखंड का चयन किया गया है। इन प्रखंडों में आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम संचालन को लेकर उप विकास आयुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में बैठक हुई। बैठक में इन प्रखंडों में सामाजिक विकास, बुनियादी ढांचा, कृषि व संबद्ध योजना, शिक्षा और स्वास्थ्य व पोषण को लेकर विस्तृत चर्चा की गयी। उप विकास आयुक्त ने संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को उक्त सामाजिक विकास, बुनियादी ढांचा, कृषि व संबद्ध योजना, शिक्षा और स्वास्थ्य व पोषण को लेकर चेतना शिविर का आयोजन करेंगे। साथ ही आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के दिये गये बिंदु पर पूरा करते हुए रिपोर्ट उपलब्ध कराने सुनिश्चित करेंगे। बैठक में मुख्य रूप से जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# हजारीबाग में शराब कारोबारी के घर इडी की छापेमारी

**शराब घोटाले से जुड़ा है मामला, कानी बाजार चौक स्थित किराये के मकान में रहते हैं विकास अग्रवाल**

आजाद सिपाही संवाददाता




**हजारीबाग।** हजारीबाग में एक बार फिर ईडी ने अपनी दबिश दी है। सदर थाना क्षेत्र के कानी बाजार चौक के निकट विकास अग्रवाल के घर में छापेमारी हुई है। उनके पिता का नाम सोहनलाल अग्रवाल है, जानकारी के अनुसार यह शराब घोटाले से जुड़ा हुआ मामला है, विकास अग्रवाल लक्ष्मीकांत अग्रवाल के घर में किराए में रह रहे हैं। बुधवार की दोपहर लगभग 1:00 बजे के आसपास ईडी ने उनके घर में छापेमारी की। इस दौरान सीआरपीएफ के जवान भी सुरक्षा में तैनात किये गये हैं, किसी भी व्यक्ति को घर के अंदर जाने की इजाजत नहीं दी जा रही है दो वाहनों से ईडी की टीम यहां पहुंची है। टीम ने पूरे घर को अपने कब्जे में ले लिया है किसी भी व्यक्ति को अंदर से बाहर या बाहर से अंदर आने की इजाजत नहीं दी जा रही है. जिस गाड़ी से ईडी की टीम आयी है, उन वाहनों के नंबर जेएच 01 डीजी 0835 और जेएच 03 टी 9353 है। सुबह से ही पूरे राज्यभर में ईडी की छापेमारी चल रही है। छापेमारी शराब घोटाला को लेकर की जा रही है। इसमें हजारीबाग के अलावा गिरिडीह और धनबाद में भी छापेमारी चल रही है। जमीन और शराब घोटाला मामले में ईडी की टीम बुधवार की सुबह से ही रांची सहित चार शहरों के 32 ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। रांची, धनबाद, दुमका, देवघर और गोड्डा में छापेमारी जारी है।

# जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक संपन्न, अवैध खनन पर रोक का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता




**कोडरमा।** उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में बुधवार को जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक हुई। इस दौरान उपायुक्त ने अवैध पत्थर, क्रशर, अवैध बालू उठाव, अवैध खनन के रोकथाम के लिए पूर्व के बैठक में लिए गए निर्णय के अनुपालन की बिन्दुवार समीक्षा करते हुए जिला खनन पदाधिकारी द्वारा की गयी कार्रवाई का ब्यौरा लिया। उपायुक्त ने जिला खनन पदाधिकारी को अवैध खनन, परिवहन, भंडारण करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही जिला परिवहन पदाधिकारी को बिना नंबर व ओवरलोड वाहनों की जांच करते हुए विधिसंगत कार्रवाई करने का निर्देश दिये। जिला अंतर्गत भंडारण अनुज्ञप्ति क्षेत्र पर स्थित क्रशरों के संचालन से होने वाले प्रदूषण की रोकथाम हेतु अनुमंडल पदाधिकारी के नेतृत्व में टीम बनाकर क्रशरों और खादानों की जांच करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि वैसे क्रशर और खादान जो प्रदूषण सुरक्षा मानकों का अनुपालन नहीं कर रहे हैं, वैसे क्रशरों की जांच करते हुए कार्रवाई करेंगे। उन्होंने कहा कि संयुक्त रूप से टीम बनाकर अवैध रूप से ब्लू स्टोन के उत्खनन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिये। इस दौरान पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, वन प्रमंडल पदाधिकारी सूरज कुमार सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी संदीप कुमार मीना, अपर समाहर्ता अनिल तिर्की, जिला खनन पदाधिकारी दारोगा राय और संबंधित विभाग के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ मतदान केंद्रों के भवन और स्थल परिवर्तन प्रस्ताव पर चर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता




**हजारीबाग।** समाहरणालय सभा कक्ष में सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी तथा सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ मतदान केन्द्रों का पुनर्वव्यस्वीकरण और स्थल परिवर्तन के संदर्भ में बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र में 4, बरही विधानसभा क्षेत्र में 9, मांडू विधानसभा क्षेत्र में 11, हजारीबाग विधानसभा क्षेत्र में 4 सहित कुल 28 मतदान केंद्रों के भवन या स्थल परिवर्तन प्रस्ताव पर चर्चा के उपरांत सहमति जतायी गयी। विदित हो कि सहायक निर्वाचन निर्वाचक पदाधिकारी की ओर से मतदान केंद्रों की वर्तमान भौतिक स्थिति यथा भवन की जर्जरता, मतदाताओं को अधिक दूरी तय करने तथा मूलभूत सुविधाओं के आभाव आदि के मापदंडों के संदर्भ में मतदान केंद्रों की वर्तमान उपलब्ध सुविधाओं का सत्यापन कराया गया था। बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के जयनगर प्रखंड के बूथ संख्या 75 को नवनिर्मित नवसृजित प्राथमिक विद्यालय सरमाटांड़, बूथ संख्या 41 को पंचायत सचिवालय करियावां, चलकुशा प्रखंड के बूथ संख्या 287 को राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय मस्केडीह, बूथ संख्या 311 को उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय महतोड़ीह, चौबे में परिवर्तित किया गया है।

बरही विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बरही प्रखंड के बूथ संख्या 304 को मध्य विद्यालय बेंदगी पूर्वी भाग, बूथ संख्या 305 को मदरसा अजीजया जियाउल उलूम रसोइया धमना में, बूथ संख्या 306 को उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय लसकरी में, बूथ संख्या 323 को प्लस टू उच्च विद्यालय बरही के कमरा संख्या 1 में, बूथ संख्या 330 को प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय बरही के कमरा संख्या 1 और बूथ संख्या 331 प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय बरही के कमरा संख्या 2 में, बूथ संख्या 401 को नव प्राथमिक विद्यालय अलगडीहा में, चंदवारा प्रखंड अंतर्गत बूथ संख्या 223 को आंगनवाड़ी केंद्र पथलगड़ा में, बूथ संख्या 224 को उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय पथलगड़ा में परिवर्तित किए जाने का प्रस्ताव दिया गया है। हजारीबाग विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नगर निगम के बूथ संख्या 244 को आनंदा उच्च विद्यालय हजारीबाग में, सदर प्रखंड अंतर्गत बूथ संख्या 396 को मॉडल आंगनबाड़ी नर्सरी स्कूल केंद्र केसुरा 2 में, बूथ संख्या 381 को पंचायत भवन बहेरी के हॉल में, बूथ संख्या 383 को पंचायत भवन बहेरी के कमरा संख्या एक में परिवर्तित करने का प्रस्ताव दिया गया। इस प्रकार कुल 28 मतदान केंद्रों के स्थल परिवर्तन हेतु प्रस्ताव पर चर्चा की गयी।

इस बैठक में निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी सदर, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह-अनुमण्डल पदाधिकारी बरही, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह-भूमि सुधार उप समाहर्त्ताबरही, उप निर्वाचन पदाधिकारी हजारीबाग और सभी प्रखंडों के सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी तथा राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि यथा- आम आदमी पार्टी से देव चौहान, बहुजन समाज पार्टी से शीला देवी, भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी से गणेश कुमार सीटू, इंडियन नेशनल कांग्रेस से कृष्णा प्रसाद सिंह और मनोज नारायण भगत आदि उपस्थित थे।

## समाचार प्रकाशित करने पर पत्रकारों को मिली जान से मारने की धमकी

बड़कागांव (आजाद सिपाही)। देश के विभिन्न राज्यों में पत्रकारों पर हमले रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। अब ताजा मामला बड़कागांव प्रखंड के बादम से सामने आया है, जहां ग्रामीणों ने विद्यालय में तालाबंदी की खबर छापना पत्रकार को महंगा पड़ गया। दरअसल प्रखंड के ग्राम बादम स्थित उत्क्रमित उर्दू कन्या मध्य विद्यालय में अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति न मिलने, विद्यालय में पदस्थापित शिक्षिका की उपस्थिति ना होने के कारण 21 अगस्त को ग्रामीणों द्वारा विद्यालय में तालाबंदी की गई थी जिसकी खबर को संकलन करने के लिए स्थानीय एक दैनिक अखबार के पत्रकार बेलाल सगीर और आरिफ वकार स्थल पर पहुंचकर समाचार संकलन कर रहे थे तभी विद्यालय के सीआरपी तनवीर अख्तर खबर नहीं प्रकाशित करने की धमकी देने लगे। वही समाचार संकलन कर प्रकाशित करने के उपरांत सीआरपी द्वारा जान से मारने की धमकी देकर थाना में आवेदन देते हुए रंगदारी मांगे जाने की बात कही है। बताते चलें कि ग्रामीणों द्वारा तालाबंदी करने के उपरांत जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा चुरचू प्रखंड के बीईओ नागेश्वर सिंह को जांच के लिए भेजा गया था। वही मामले की गंभीरता को देखते हुए बड़कागांव के पत्रकार संघ ने सामूहिक रूप से सीआरपी तनवीर अख्तर के विरुद्ध जांच करते हुए कानूनी कार्रवाई करने हेतु बड़कागांव थाना में आवेदन देकर अपने जान माल की सुरक्षा के गुहार लगाई है। वही मामले को संज्ञान में लेते हुए प्रेस क्लब हजारीबाग में अग्रतर कार्रवाई की बात कही है। मौके पर वरिष्ठ पत्रकार उग्रसेन गिरी, उमेश दांगी, नरेश कुमार, दीपक सिन्हा, सदानंद शर्मा, पिंटू कुशवाहा, आनंद राज, अमित मालाकार, विकास रंजन, रितेश ठाकुर, रियासत हसन, सज्जाद रही, सुनील कुमार साहू, हरिश्चंद्र कुमार, साहित बड़कागांव प्रखंड अन्य पत्रकार मौजूद थे।

# हाथियों के झुंड ने कई गांवो में मचायी तबाही

**घरों को तोडा और फसलों को किया बर्बाद**

ज्योतिष पंडा





**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में बुधवार की रात को हाथियों ने गांव के कई मकान और खेत में लगी फसल, मकई, केला बगान, बैगन, चहारदीवारी और कई घरों की दीवारें तोड़ दीं। सबसे पहले हाथियों के झुंड बेरहो गांव पहुंचे वहां हाथी के डर से भागने के क्रम में बेरहो निवासी विक्की राम पिता रूपलाल राम घायल हो गया। उसे रात में ही हजारीबाग अस्पताल ले जाया गया। बेरहो में हाथियों ने बालेश्वर महतो, कामेश्वर प्रसाद कुशवाहा, कौलेश्वर महतो, दिनेश्वर महतो, अशोक महतो, काशी महतो का मकई के फसल को चट कर गये। वही गणेश महतो, लखन महतो का चारदिवारी तोडा और धान का बिचडा नष्ट कर दिया। भुदेव राम का मकई, मुली सहित कई फसलों को बर्बाद कर दिया है।

**झुंड में शामिल हाथियों ने एक घर को पूरी तरह से तहस-नहस कर दिया:**

बेरहो से आने के बाद बुधवार सुबह तीन बजे हाथियों का झुंड डुमर गांव पहुंचा वहां टापु सिंह पिता रघु सिंह के मिट्टी के घर को पूरी तरह तोड कर तहस-नहस कर दिया। गनीमत रही की टापु सिंह की पत्नी सोनी देवी अपने दो बच्चे जिया कुमारी, ओर जीविका कुमारी को लेकर बडे ससुर जगन्नाथ सिंह के घर में थी, नही तो बडी घटना घट जाती स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि सुबह चार बजे हाथनी ने टापु सिंह के घर को अपना निशाना बनाया और घर को तोड़-फोड़कर रख दिया। डुमर गांव में जमनी देवी पति तुलसी प्रजापति के 10 कट्ठा में लगे मकई के फसल को नष्ट कर दिया। किसानों ने विभाग से मुआवजे की मांग की है।

### गजराज फिर पहुंचे विष्णुगढ़

विष्णुगढ़। सप्ताह भर बाद पुनः गजराज विष्णुगढ़ पहुंच गये।गजराज के आतंक से विष्णुगढ़ के गावो में भय का माहौल है। बीती रात भेलवारा पंचायत के महुआटांड़ गाव में हाथियों के झुंड के झुंड ने भुवनेश्वर गंझू पिता फूलचंद गंझू, रमेश गंझू पिता फूलचंद गंझू, नरेश गंझू पिता फूलचंद गंझु और सोमर गांझू, पिता दिनू गंझू चारों के घरों को तोड़ दिया और घरों में रखे अनाज को चट कर गये। मुखिया लक्ष्मी कुमारी ने घटनास्थल पर जाकर ग्रामीणों के को राहत सामग्री देते हुए भविष्य में भी मदद करने का आश्वासन दिया ।

## विभावि में भूगोल स्नातकोत्तर का परीक्षा परिणाम घोषित



हजारीबाग (आजाद सिपाही)। विनोबा भावे विश्वविद्यालय में भूगोल स्नातकोत्तर फाइनल सत्र का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया है। इस परीक्षा में स्थानीय मार्खम कॉलेज के परीक्षार्थियों का बेहतर प्रदर्शन रहा। विश्वविद्यालय के टॉप टेन में पांच विद्यार्थी मार्खम कॉलेज के हैं। कॉलेज के विभागाध्यक्ष डॉ प्रदीप कुमार सिंह ने छात्रों की बेहतर परिणाम पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा की छात्रों की परिश्रम एवं मेहनत ने रंग लाया है तथा विश्वविद्यालय के टॉप टेन की सूची में पांच विद्यार्थी मार्खम कॉलेज के शामिल हो कर अपने अभिभावकों समेत कॉलेज को गौरवान्वित किया है। कॉलेज की प्रधानाचार्या डॉ संध्या प्रेम ने छात्रों की इस सफलता पर कॉलेज के भूगोल विभाग के अध्यक्ष डॉ सिंह समेत शिक्षकों में डॉ रंजीत कुमार दास, प्रो डीपी यादव, प्रयोगशाला सहायक कृष्णकांत तिवारी, रिसर्च स्कॉलर दीनानाथ ठाकुर को बधाई दी है। प्रधानाचार्या ने कहा कि छात्रों की बेहतर सफलता विभाग के अध्यक्ष समेत शिक्षकों का मार्गदर्शन और छात्रों के परिश्रम का यह प्रतिफल है। कॉलेज के सभी शिक्षकों ने छात्रों की इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए प्रधानाचार्या, विभागाध्यक्ष समेत विद्यार्थियों को बधाई दी है। विश्वविद्यालय में मार्खम कालेज के टॉप टेन में पांच परीक्षार्थियों में है गुणवंती कुमारी (द्वितीय स्थान), विक्रम कुमार (चतुर्थ स्थान), आकांक्षा कुमारी (पंचम स्थान), आकाश कुमार (षष्ठ स्थान) और उपेंद्र कुमार (आठवें स्थान) पर शामिल हैं।

## गायत्री शक्तिपीठ के तहत गोष्ठी का आयोजन



इचाक (आजाद सिपाही)। गायत्री शक्तिपीठ हजारीबाग के बैनर तले इचाक प्रखंड इकाई की ओर से प्रखंड स्तरीय गोष्ठी की आयोजन हुआ। आयोजन जगरनाथ महतो इंटर महाविद्यालय उरुका में किया गया, जिसमें विष्णुगढ़, दारू, टाटी झरिया तथा पदमा प्रखंड से लोग शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत वेद माता गायत्री, देवमूर्ति तपोनिष्ठ पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य तथा माता भगवती देवी के चित्र पर पुष्पांजलि और दीप प्रज्वलित कर की गयी। शांतिकुंज हरिद्वार गायत्री परिवार के झारखंड प्रभारी त्रिलोचन भाई साहब ने अपने संबोधन में कहा कि मानव में देवत्व का विकास वर्तमान परिस्थितियों की मांग है। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के अध्यक्ष बटेश्वर प्रसाद मेहता तथा संचालन प्रखंड समन्वयक प्रो राजेंद्र यादव ने किया। कार्यक्रम में भाजपा पूर्वी मंडल अध्यक्ष जयनंदन मेहता, सांसद प्रतिनिधि हरिहर प्रसाद मेहता, श्री राम सेवा संगठन के सुजीत मेहता, हिंदू युवा संघ के मनोज मेहता, आदर्श युवा संगठन के गौतम कुमार, जगन्नाथ महतो इंटर महाविद्यालय के प्राचार्य बसंत कुमार, शिक्षक प्रतिनिधि विजय कुमार दास, प्रदीप कुमार मेहता, रामचंद्र मेहता, राखी देवी, संजू देवी, मंगला कुमारी, गायत्री परिवार हजारीबाग के युवा समन्वयक धनंजय आचार्य, श्याम भाई साहब समेत कई लोग उपस्थित थे।

## होलंग हाई स्कूल में फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन



टाटीझरिया (आजाद सिपाही)। प्रखंड के होलंग हाई स्कूल मैदान में आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन हो गया। टूर्नामेंट में टाटीझरिया पंचायत के मुरूमातु, टाटी, बिशाय, मूरकी, होलंग, कंदागढा कुल 6 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मुकाबला बिशाय और होलंग टीम के बीच खेला गया। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि टाटीझरिया पंचायत के मुखिया सुरेश यादव उपस्थित रहे। इस दौरान मुखिया ने फाइनल में पहुंचे बिशाय और होलंग टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर फुटबॉल को किक मारकर मैच का शुरूआत किया। बिशाय की टीम ने होलंग की टीम को 2-0 से पराजित कर खिताब पर कब्जा जमा लिया। इस अवसर पर मुखिया सुरेश यादव ने विजेता तथा उपविजेता टीम को फुटबॉल देकर पुरस्कृत किया। उन्होंने कहा कि खेल से अनुशासन, एकाग्रता में वृद्धि होती है। इस तरह के टूनार्मेंट के आयोजन होने से युवाओं को अपने प्रतिभा को दिखाने का अवसर मिलता है। मौके पर अजय महतो, बिरेन्द्र सिंह, धनंजय महतो, विकास ठाकुर, अशोक किस्कू, राजू महतो, गणेश मुर्मू व अन्य मौजूद रहे।

## झामुमो सभी पंचायतों में संयोजक मंडली का करेगा गठन



इचाक (आजाद सिपाही)। अंबेडकर भवन में झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड संयोजक मंडली की बैठक की गयी। बैठक की अध्यक्षता 20 सुत्री प्रखंड अध्यक्ष सह संयोजक मंडली सदस्य मनोहर राम ने किया। संचालन झारखंड मुक्ति मोर्चा के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष गंगेश्वर प्रसाद मेहता ने किया। सभी 19 पंचायत की तिथि तय की गयी। सभी पंचायत में प्रखंड संयोजक मंडली के द्वारा पंचायत में जाकर कमेटी बनायेंगे। मनोहर राम ने कहा कि झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के जनहित के कार्यों को जनता तक पहुंचायेंगे। मौके पर दिगंबर कुमार मेहता, उमेश गुप्ता, पियारी देवी, दिनेश प्रसाद मेहता, सतोष कुमार मेहता, रामदिप प्रसाद मेहता, सुरेंद्र प्रसाद मेहता, इंद्रदेव मेहता, रामफल मेहता, बबुन हसदा, विजय राम, राजेन्द्र ठाकुर, कुलदीप राम, सुरेश टुंडु, बसंत राम, देवनारायण मेहता, सुरज कुमार, सुभाष भुइया, निकेश कुमार, सुजीत भुइयां, शंकर साव, जगदीश हंसदा समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## झामुमो संयोजक मंडली की बैठक में लिये गये कई निर्णय



बड़कागांव (आजाद सिपाही)। झारखंड मुक्ति मोर्चा की संयोजक मंडली की बैठक बड़कागांव में हुई। इसकी अध्यक्षता बड़कागांव मुख्य संयोजक संजय सिंह ने की कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय सचिव सह मुख्य संयोजक जिला अध्यक्ष संजीव कुमार बेदिया और विशिष्ट अतिथि जिला संयोजक मंडली सदस्य नीलकंठ महतो उपस्थित हुए। श्री बेदिया ने कहा कि झारखंड में हेमंत सोरेन की सरकार के नेतृत्व में झारखंडी की हिट और कल्याण के लिए झारखंड सरकार कम कर रही है। छात्र-छात्राओं और महिलाओं के लिए बिभिन्न योजनाएं चलाई जा रही है। रश्मि टुडू और शांति देवी ने ने कहा कमेटी गठन करते समय महिलाओं को भी कमेटी में जोड़ने का प्रयास किया जाये ताकि महिला अपना हक अधिकार के लिए बात कर सके। मौके पर उपस्थित संयोजक मंडली सदस्य मुख्य संयोजक संजय सिंह, झमन प्रसाद, हेमंत भुईयां, मोहन सोरेन, संजय भुईया, रश्मि टुडू, शांति देवी, राकेश मिश्रा, अशोक गुप्ता विशेश्वर राम, सफीउल्लाह अंसारी, इंद्रदेव राम, राजेंद्र मुंडा, नंदकिशोर भुइयां, सुल्तान अंसारी, सोहेल असगर, मोहम्मद हुसैनबरजू राम, प्रीतम कच्छप, विनोद बेसरा ,राजेंद्र भुईया, विनोद यादव समेत दर्जनों महिला पुरुष शामिल थे। उक्त आशय कि जानकारी संजय भुइया ने प्रेस विग्यप्ति जारी कर दी।

## न्यू गिरिडीह और रांची के बीच नये मेल एक्सप्रेस का परिचालन 12 सितंबर से

कोडरमा (आजाद सिपाही)। यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर न्यू गिरिडीह और रांची के मध्य न्यू गिरिडीह-रांची-न्यू गिरिडीह गाड़ी का परिचालन किया जायेगा। धनबाद रेल मंडल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमरेश कुमार ने बताया कि इस गाड़ी का विशेष उद्घाटन 12 सितंबर को 10 बजे न्यू गिरिडीह स्टेशन से रांची स्टेशन के बीच चलने वाली गाड़ी संख्या 03309 के रूप में किया जायेगा। यह गाड़ी न्यू गिरिडीह से खुलकर जमुआ, धनवार, महेशपुर हॉल्ट, कोडरमा, हजारीबाग टाउन, बरकाकाना, मेसरा, टाटीसिलवे होते हुए रांची को जायेगी।

## ठगी की आदत ने ली शमशाद की जान, पुलिस की कार्रवाई सराहनीय

# 14 घंटे में किया घटना का उद्भेदन, पांच आरोपी गिरफ्तार

**कुछ लोगों ने की शमशाद की हत्या, घटना मॉब लिंचिंग का नहीं: पीयूष पांडेय**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** ठगी करने की आदत ने शमशाद अंसारी की जान ले ली। वह हर जगह नटवरलाल की तरह घूमता था और लोगों को ठगने का काम करता था। यही वजह थी कि सिकनी में भी जब उसने एक वृद्ध व्यक्ति से 22000 रुपए लेकर भागने लगा। जिसके बाद कुछ लोगों ने उसकी पिटाई कर दी। जिससे उसकी मौत हो गई। हालांकि पुलिस ने शमशाद अंसारी के मौत के मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार भी कर लिया गया है। इस बात का खुलासा बुधवार की शाम प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रामगढ़ एसपी पीयूष पांडे ने किया है।

**सोशल मीडिया और समाज में गलत बयान बाजी करने वालो पर पुलिस की नजर:**

एसपी पीयूष पांडे ने बताया कि सोशल मीडिया और कुछ अन्य मीडिया में इस घटना को लेकर मॉब लिंचिंग की बात की जा रही है। कुछ स्थानों पर इसे प्रचारित भी किया जा रहा है। लेकिन पुलिस की नजर हर उस बिंदु पर है। शमशाद अंसारी की मौत जरूर हुई है लेकिन यह वारदात मॉब लिंचिंग कि नहीं है। एसपी ने बताया कि इस कांड को मॉब लिंचिंग की श्रेणी में रखना उचित नहीं होगा। मॉब लिंचिंग की घटना में बड़ी संख्या में अनियंत्रित भीड़ तंत्र के द्वारा हत्या की घटना को अंजाम दिया जाता है। जबकि इस कांड में कुछ अपराधियों द्वारा घटना को कारित किया गया है। इस तरह की घटना को मॉब लिंचिंग का रूप देना गांव और स्थानीय ग्रामीणों की छवि को भी धूमिल कर सकता है। साथ ही भ्रामक खबर फैलने से पूरे क्षेत्र में अशांति पैदा होगी और कुछ सामाजिक तत्वों द्वारा इसका गलत फायदा उठाकर समाज में भ्रम फैलाया जा सकता है। जिससे विभिन्न समुदायों के बीच तनाव और विवाद की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। अगर कोई भ्रामक सूचना फैलता है तो पुलिस कानूनी स्तर से कार्रवाई करेगी।

**दो बार जेल जा चुका था शमशाद:**

एसपी ने बताया कि शमशाद अंसारी का आपराधिक इतिहास रहा है। वह पहले गोला और पतरातू क्षेत्र में चिंताई और ठगी के मामले में जेल जा चुका था।

**छापामारी में थे शामिल**

छापामारी में एसडीपीओ किशोर कुमार रजक, रजरप्पा थाना हरिनंदन सिंह, दारोगा सोनू कुमार, जयप्रकाश शर्मा सहित अन्य शामिल थे।

### मॉब लिंचिंग का नहीं है मामला

उन्होंने बताया कि सिकनी गांव में मंगलवार को शमशाद अंसारी जब गया था तो उसने जयधन महतो को इस बात का झांसा दिया कि उनका बेटा किसी उलझन में फंस गया है, और उसे बचाने के लिए पैसे की आवश्यकता है। गांव वालों को जब उसे ठग के बारे में पता चला तो वे उसे ढूंढे और उसकी पिटायी कर दी। हालांकि इस दौरान ग्रामीणों के द्वारा उसे ठग के बारे में पुलिस को सूचना भी दी गयी थी। यह पूरी वारदात को कुछ लोगों के द्वारा मिलकर अंजाम दिया गया है। इसमें किसी भी तरह से मॉब लिंचिंग जैसी कोई बात नहीं है।

### गिरफ्तार लोगों में इनका है नाम

एसपी पीयूष पांडे ने बताया कि गिरफ्तार लोगों में सिकनी गांव के पूरन महतो, भुवनेश्वर महतो, हीरालाल महतो, बालेश्वर महतो और अरविंद महतो शामिल हैं। जिस वक्त शमशाद अंसारी की पिटाई की गयी थी, यह लोग वहां मौजूद थे। इस वारदात में कुछ और लोगों की भी पहचान की गयी है। जिनकी गिरफ्तारी शीघ्र कर ली जायेगी।

### मजिस्ट्रेट की निगरानी में डॉक्टरों ने की पोस्टमार्टम

रामगढ़ सिकनी में शमशाद अंसारी की हुई मौत के बाद शव का पोस्टमार्टम किया गया। मजिस्ट्रेट की निगरानी में वीडियोग्राफी के साथ पोस्टमार्टम कराया गया। डॉक्टरों की एक तीन सदस्यीय टीम ने शव का पोस्टमार्टम किया। टीम में डॉ वीके पंडित, डॉ डेविड केरकेटा और डॉ अजित कुमार सिंह शामिल थे।

## सीसीएलकर्मी की इलाज के दौरान मौत

**कुजू (आजाद सिपाही)।** मुरपा (कुजू) निवासी सह सीसीएलकर्मी 55 वर्षीय नरेश महतो का निधन इलाज के दौरान मेडिका अस्पताल रांची में हो गया। मौत की खबर बाद क्षेत्र में शोक की लहर समेत उनके आवास पर शोक संवेदनाएं प्रकट करने के लिए तांता लगा रहा। इधर, परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। मालूम हो कि नरेश महतो को रजरप्पा में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गए थे। नरेश महतो बाइक से गोला से लौट रहे थे। नरेश महतो कुजू पूर्वी पंचायत सदस्य ईश्वर महतो के पिता थे। इधर, बुधवार को मुरपा शमशान घाट में उनका अंतिम संस्कार किया गया।

## रेलवे डीआरएम से मिला सेवटा का प्रतिनिधिमंडल



**कुजू (आजाद सिपाही)।** रांचीरोड रेलवे स्टेशन के समीप ग्राम सेवटा में रेलवे फाटक को यथावत चालू रखने और रेलवे ओवरब्रिज की मांग को लेकर ग्रामीणों का एक प्रतिनिधिमंडल धनबाद डीआरएम कमल किशोर सिन्हा से मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधि मंडल में शामिल सदस्यों ने डीआरएम को आवेदन पत्र सौपा। सौपे गये आवेदन पत्र के माध्यम से प्रतिनिधि मंडल ने डीआरएम से जब तक फाटक के तौर पर रेलवे ओवरब्रिज नहीं बनाया जाता है तब तक सेवटा रेलवे फाटक को न बंद करते हुए आमजनो व ग्रामीणों के लिए यथावत चालू रखा जाये। प्रतिनिधि मंडल में खोगेंद्र साव, परमेश्वर साहू, भीम साहू,संजय शाह, सोनू साव शामिल रहे।

## शिशु विद्या मंदिर में मनी गोस्वामी तुलसीदास जयंती

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** रामप्रसाद चंद्रभान सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में गोस्वामी तुलसीदास जयंती धूमधाम से मनायी गयी। इस दौरान छात्र छात्राओं के बीच प्रांतीय सुलेख, चित्रकला और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा दितीय से लेकर दशम तक के लगभग 1100 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। जिसमें कक्षा दो एवम तीन के लिए सुलेख, चतुर्थ और पंचम के लिए चित्रकला और कक्षा छः से दशम के लिए निबंध प्रतियोगिता आयोजित हुई। मौके पर कार्यक्रम प्रमुख शैलेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि सभी विषयों से चयनित प्रतिभागियों की कॉपियां प्रांत भेजी जायेगी, जो प्रतिभागी प्रांत लेवल में चुने जायेंगे उन्हें पुरस्कार और प्रसस्ती पत्र देकर सम्मानित किया जायेगा। वही, विद्यालय के प्रधानाचार्य वरुण कुमार चौधरी ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## रामनारायण मेमोरियल कॉलेज में सेमेस्टर 6 के विद्यार्थियों को दी विदाई




**हंटरगंज/चतरा (आजाद सिपाही)।** स्थानीय आर.एन.एम. कॉलेज में सेमेस्टर-06, सत्र 2020-23 के छात्र और छात्रों को धूमधाम से विदाई दिया गया। मंच का सफल संचालन रिया कौर और सौर्य सिंह ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कॉलेज के प्रचार प्रोफेसर जैनेंद्र कुमार सिंह ने अपने अमृतवाणी से विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया और उन्हें उच्च शिक्षा के लिए मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कॉलेज के प्रो. पूजा सिंह, प्रो.श्वेता सिंह, प्रो. मंजू सिंह ,एमएसएस कोऑर्डिनेटर फहीम अहमद प्रो. अनिल सिंह, प्रो.फखरुद्दीन अंसारी ने अहम भूमिका निभाई। कार्यक्रम में भाषण, नृत्य और कॉमेडी की प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। अंतिम में सेमेस्टर 6 के विद्यार्थियों द्वारा केक काटा गया तथा कॉलेज के तरफ से विद्यार्थियों को उपहार देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गयी। कार्यक्रम में उपस्थित ऋषभ, नीरज, नीतीश, स्नेहलता, अंकिता, सौरव, जावेद, और कुंदन ने अहम भूमिका निभाई ।

## फील्ड फायरिंग रेंज संघर्ष समिति के यदुनंदन यादव बने प्रखंड अध्यक्ष



**हंटरगंज/चतरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के खुट्टीकेवाल पंचायत सचिवालय में बुधवार को देवरी डुमरी फील्ड फायरिंग रेंज के प्रस्ताव का विरोध को लेकर ग्यारह पंचायत के जन प्रतिनिधियों और बुद्धिजीवियों की एक बैठक आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता मुखिया संघ के अध्यक्ष अशोक कुमार यादव ने किया। बैठक में फील्ड फायरिंग रेंज प्रस्ताव को विरोध करने के लिए 11 पंचायत को मिलकर संयुक्त रूप से एक संघर्ष समिति का गठन किया गया। जिसका अध्यक्ष यदुनंदन यादव को बनाया गया। इसके अलावा समिति के 11उपाध्यक्ष, 13 सचिव, और एक कोषाध्यक्ष तथा सभी प्रभावित क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य, संबंधित पंचायत के मुखिया, सभी पंचायत समिति सदस्य और वार्ड सदस्यों का गठन किया गया। बैठक में फील्ड फायरिंग रेंज के विरोध में विशेष चर्चा किया गया तथा आंदोलन की रूपरेखा तैयार की गयी।

## फील्ड फायरिंग रेंज को लेकर की बैठक



**हंटरगंज/चतरा (आजाद सिपाही)।** अंचल अधिकारी मो जुल्फिकार आलम ने प्रखंड कार्यालय के सभागार में बुधवार को देवरी डुमरी फील्ड फायरिंग रेंज प्रस्ताव को लेकर पंचायत प्रतिनिधियों के साथ बैठक किया। बैठक में सभी जनप्रतिनिधियों से लेटर पैड पर प्रस्ताव के विरोध और समर्थन में अपना मंतव्य देने को कहा। इस दौरान उन्होंने बताया कि पंचायत प्रतिनिधियों का मंतव्य जिला को भेजा जायेगा। इसलिए सभी पंचायत प्रतिनिधि अपने लेटर पैड पर मंतव्य लिखकर दें। इस पर बैठक में पंचायत प्रतिनिधियों ने आपत्ति जताते हुए कहा कि पंचायत प्रतिनिधियों का एक शिष्टमंडल लिखित रूप से आपके कार्यालय को अपना मंतव्य सुपूर्द कर दिया है। जनप्रतिनिधियों ने किसी भी हाल में फायरिंग रेंज नहीं बनने देने की पंचायत और गांव के लोगों के विचार से अंचल अधिकारी को अवगत कर दिया तथा जनप्रतिनिधियों ने आवश्यकता पड़ने पर लिखित रूप से भी देने की बात कही। इस बैठक में अंचल अधिकारी के अलावा सभी पंचायत प्रतिनिधि और बुद्धिजीवी शामिल थें।

## मतदान केंद्रों के रेशनलाइजेशन को लेकर बैठक



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** मतदान केंद्रों के रेशनलाइजेशन को लेकर बुधवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी चंदन कुमार ने जिला समाहरणालय के सभागार में बैठक किया। बैठक के दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार के द्वारा बैठक में उपस्थित जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सहित अन्य अधिकारियों व विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को वर्तमान में 22 बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र एवं 23 रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मतदान केंद्रों के रेशनलाइजेशन से संबंधित प्रस्ताव की जानकारी दी गयी। इस दौरान उन्होंने वैसे मतदान केंद्रों जिनका नाम वर्तमान में बदल गया हो, विभिन्न मतदान केंद्रों जहां वर्तमान में मतदाताओं की संख्या काफी कम हो व उन मतदान केंद्रों को नजदीकी मतदान केंद्र के साथ मर्ज करने आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी ने उपरोक्त प्रस्ताव पर बैठक में उपस्थित अधिकारियों एवं विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा के क्रम में सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से भी उनके उनके क्षेत्रों में मतदान केंद्रों के रेशनलाइजेशन से संबंधित प्रस्ताव उपलब्ध कराने की अपील की। बैठक में निवार्ची पदाधिकारी 23 रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र सह अनुमंडल पदाधिकारी, निवार्ची पदाधिकारी 22 बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र सह भूमि सुधार उपसमाहर्ता, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों, विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों सहित अन्य उपस्थित थे।

# 23वें जैन तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ का मोक्ष कल्याणक महोत्सव धूमधाम से मना

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** शहर के मेन रोड स्थित श्री दिगंबर जैन मंदिर व रांची रोड के श्री पारसनाथ जिनालय में बुधवार को 23 वें जैन तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ के मोक्ष कल्याणक महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान भगवान पारसनाथ का जलाभिषेक और शांतिधारा व निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। साथ ही जयकारों और मंत्रोच्चार के साथ भगवान का अभिषेक, विश्व की मंगल कामना एवं सुख-समृद्धि के लिए शांतिधारा, सामूहिक पूजा की गयी। निर्वाण कांड के सामूहिक उच्चारण के बाद निर्वाण लाडू चढ़ाया गया और भगवान पार्श्वनाथ की आरती की गयी। वहीं मोक्ष, मुकुट सप्तमी के दिन छोटी-छोटी बालिकाएं और कुंवारी कन्याएं पूरे दिन का निर्जला उपवास की। बताते चले कि इस दिन देव-शास्त्र-गुरु की सामूहिक भक्ति करके आत्म चिंतन करने के साथ ही श्री जी पूजन, स्वाध्याय, मनन-चिंतन, सामूहिक प्रतिक्रमण आदि में दिन बिताया जाता हैं। साथ ही सायंकाल घोड़ी-बग्घी में बैठाकर उन्हें घुमाया जाता है व अगले दिन उनका पारण कराया जाता है।

**जलाभिषेक व शांतिधारा का सौभाग्य इन्हें हुआ प्राप्त:** श्री दिगंबर जैन मंदिर में जलाभिषेक का सौभाग्य रितु जैन, अमराव देवी जैन पाटनी व रांची रोड में सुरेश सेठी, महावीर प्रसाद, विकास गंगवाल को प्राप्त हुआ। जबकि, शांतिधारा का सौभाग्य विद्याप्रकाश पदम चंद छाबड़ा, इंद्रमणि देवी चुड़ीवाल व रांची रोड में रतन कुमार दीपक जैन, आनंद जैन, विकाश जैन शामिल थे। वही, निर्वाण लाडू का सौभाग्य सुभाष कुमार, वैभव पाटनी, ममता गंगवाल, रेणु चुड़ीवाल, सुनिता पाटनी, सुनिता चुड़ीवाल का नाम शामिल है।

**राहगीरों के बीच किया गया प्रसाद का वितरण:** कार्यक्रम के पश्चात रांची रोड स्थित श्री पारसनाथ जिनालय के प्रांगण से राहगीरों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया।

मौके पर समाज अध्यक्ष माणिक जैन, नरेन्द्र छाबड़ा, अरविंद सेठी, कार्यक्रम संयोजक नीरज सेठी और संजीव सेठी, रमेश सेठी, जीवन पाटनी, राजेश सेठी, देवेंद्र गंगवाल, ललित चुड़ीवाल, पदमचंद छाबड़ा, पदम सेठी, बिमल सेठी, अजय जैन, बीरेंद्र गंगवाल, विवेक अजमेरा, राजीव जैन, अशोक सेठी, अशोक जैन, विनय जैन, सुभाष पाटनी, मनोज काला, प्रवीण पाटनी, शांतिलाल सेठी, बंटी सेठी, संजय सेठी, राजेन्द्र चुड़ीवाल, प्रदीप पाटनी, निशांत सेठी, दीपक बड़जात्या, सौरव अजमेरा, सुनील पाटनी, किशोर सेठी, बबलू सेठी, अशोक काला, राजेंद्र बगड़ा, टीकम चंद बगड़ा, विनोद सेठी, सुमत जैन आदि उपस्थित थे।

# जिलास्तरीय योगासन प्रतियोगिता में 400 प्रतिभागी हुए शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** रामगढ डिस्टिक योगासना स्पोर्ट्स एसोसियशन के तत्वावधान में शहर के थाना चौक स्थित गणक मैरिज हॉल के सभागार में बुधवार को योगासना प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष विकास कुमार सिंह व संचालन प्रवक्ता प्रदीप राज उर्फ बबलू ने किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला खेल पदाधिकारी मारकस हेम्ब्रम, विशिष्ट अतिथि संघ संरक्षक सह डीएवी डी जोन की क्षेत्रीय निदेशक उर्मिला सिंह, संरक्षक विजय मेवाड, कोलकाता कारबाइड के प्रबंधक राजकुमार जायसवाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर मुख्य अतिथि खेल पदाधिकारी मारकस हेम्ब्रम ने कहा कि योगा एक खेल का रूप ले लिया है। योगा सिर्फ स्वास्थ्य के लिये ही नहीं बल्कि कैरियर के विकल्प के रूप में स्थापित हो रहा है, इसमें कैरियर की काफी संभावनायें है। जिला स्तर पर इसे आगे बढाने का काम किया जायेगा। इससे पूर्व अतिथियों का स्वागत मोमेंटो देकर व तुलसी पौधा देकर किया गया। प्रतियोगिता में लगभग 400 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

**योग से एकाग्रता में बढोतरी होता है: उर्मिला सिंह**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उर्मिला सिंह ने कहा कि रामगढ में योगासना में गहरी रूचि है प्रतिभागियों ने काफी प्रभावी प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि योग से एकाग्रता में बढोतरी होता है, यह विद्यार्थियों के लिये काफी कारगर है। यह प्रतियोगिता आनेवाले भविष्य का बेहतर संकेत है।

**हर लोग योग से जुडे और राज्य व राष्ट्र के नव निर्माण में अपना किरदार निभायें: विजय**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाजसेवी विजय मेवाड ने कहा कि हर लोग योग से जुडे और राज्य व राष्ट्र के नव निर्माण में अपना किरदार निभायें। निर्णायक के रूप में झारखंड संघ के प्रहलाद भगत, संतोषी कुमारी, विकास गोप, डॉ सुरजीत घोषाल, सोनाली सरकारी, शंकर राणा, प्रशांत कुमार सिंह, चेताली मुखर्जी, कमेटी के सचिव जेपी सिंह, संजय शुक्ला, बिनोद मिश्रा, प्रशांत कुमार, राजू अग्रवाल, सुरेश गणक, अविनाश कुमार आदि उपस्थित थे।

# मांडू सीडीपीओ और सुपरवाइजर को ग्रामीणों ने घेरा

**दो घंटे बाद मुखिया व पुलिस के हस्तक्षेप के बाद छोड़ा गया**

**हरवे में आंगनबाड़ी सेविका चयन को लेकर पहुंचे थे माण्डू सीडीपीओ**

आजाद सिपाही संवाददाता






**कुजू।** माण्डू प्रखंड अंतर्गत करमा उत्तरी पंचायत के हरवे स्थित राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय में आंगनबाड़ी सेविका चयन को लेकर ग्रामसभा कराने पहुंची मांडू सीडीपीओ प्रतिमा कुमारी और सुपरवाइजर सुल्ताना परवीन को ग्रामीणों ने घेरा। तकरीबन दो घंटे बाद पूर्व मुखिया शक्ति कुमार महतो और कुजू ओपी के सअनि हीरालाल मुंडू के हस्तक्षेप के बाद ग्रामीणों ने उन्हें छोड़ा। बताया जाता है कि विद्यालय की आंगनबाड़ी सेविका अनीता देवी के पति के मृत्यु के पश्चात उसका सीसीएल में नौकरी होने से आंगनबाड़ी सेविका का पद खाली हो गया था। खाली पद पर नवनियुक्ति करने के लिए चुनाव कराने सीडीपीओ व सुपरवाइजर हरवे गांव में पहुंचे थे। जहां सात महिलाओं द्वारा सेविका के लिए फॉर्म भरकर जमा किया गया। इधर, योग्यता और प्रतिशत के आधार पर सुलेखा कुमारी पति संजय मुंडा का नाम आंगनबाड़ी सेविका के रूप में चयन किए जाने से ग्रामीणों ने विरोध जताते हुए हंगामा करने लगे। साथ ही, सीडीपीओ और सुपरवाइजर की गाड़ी को रोककर घेर लिया। ग्रामीणों ने आवेदिका अंजली कुमारी पति तालेश्वर मुंडा की योग्यता अधिक होने का हवाला देते हुए चयन करने की मांग की। जबकि सीडीपीओ का कहना था कि मानक के आधार पर सुलेखा की योग्यता है इसलिए उसका चयन किया गया। परंतु ग्रामीणों द्वारा विरोध के बाद पुलिस को सूचना दी गयी। जिस पर पुलिस और पूर्व मुखिया की हस्तक्षेप के बाद ग्रामसभा को अगले आदेश तक स्थगित किए जाने की सहमति पर ग्रामीणों ने सीडीपीओ व सुपरवाइजर को छोड़ा। मौके पर मुखिया सरोज कुमारी, उप मुखिया रीता देवी समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## भुरकुंडा में चंद्रयान-3 की सफलता को लेकर अखंड-हरिकीर्तन का आयोजन



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** इच्छा पुरण बालाजी हनुमान मंदिर सह खोपडिया बाबा धर्मशाला भुरकुंडा बाजार में बुधवार को चंद्रयान तीन के सफल लैंडिग को लेकर अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया। अखंड हरिकीर्तन मे लोगो कें हरे राम-हरे कृष्ण, श्रीराम जय राम जय राम के भक्ति जयकारों से भुरकुंडा बाजार क्षेत्र गूंजता रहा। इस दौरान लोगो ने अराध्य देवी देवताओं से चंद्रयान-3 के सफल लैंडिग की कामना की। अखंड-हरिकीर्तन में सुनील साव, बृजनंदन दास, शम्भू ब्यास, अभिषेक मिश्रा, विकास सोनी, अशोक साव, नंदे राम, ओमप्रकाश गुप्ता, नागों राय, प्रेमनाथ विश्वकर्मा, अमित शर्मा, बिल्लू अग्रवाल, विनय मिश्रा, विनोद शर्मा, राजकिशोर पांडेय, विक्कू रजक सहित दर्जनों लोग शामिल थें।

## भुरकुंडा से कांवरियों का जत्था बाबानगरी देवघर के लिए रवाना



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** पवित्र श्रावण माह के पावन अवसर पर भोले बाबा के दर्शन के लिए बुधवार को भुरकुंडा पटेल से कांवरियों का जत्था देवघर के लिए रवाना हुआ। इस दौरान क्षेत्रवासियों ने हर-हर महादेव सहित अन्य आराध्य देवी-देवताओं के जयकारों के साथ कांवरियों को रवाना किया। इससे पूर्व कांवरियों ने पटेलनगर स्थित शिव मंदिर में पूजा अर्चना कर यहां से देवघर के लिए रवाना हुए। बताया गया की सुलतान गंज से जल भरकर 105 किलो मीटर पैदल चलते हुए शनिवार को बाबा नगड़ी देवघर के मंदिर में जलाभिषेक करेंगे। साथ ही शनिवार को ही बासुकीनाथ मंदिर में भी जलाभिषेक करेगे। देवघर रवाना होने वालों में रवि कुमार, विनोद कुमार, दीपक कुमार, आनंद कुमार, छोटू कुमार, राजू कुमार, दीपक गोस्वामी आदि शामिल हैं।

## प्रजापिता ब्रह्माकुमारी इश्वरीय विश्वविद्यालय ने चलाया रक्षाबंधन और राजयोग मेडिटेशन कार्यक्रम



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** पवित्र सावन माह के पावन अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय राजयोग पतरातू सेवा केंद्र ने सात दिवसीय कार्यक्रम के 6ठे दिन बुधवार को भुरकुंडा क्षेत्र में दिव्य ईश्वरीय रक्षाबंधन और राजयोग मेडिटेशन कार्यक्रम चलाया। कार्यक्रम के दौरान भुरकुंडा थाना प्रभारी अमित कुमार, एसआइ अक्षय कुमार, मयंक प्रसाद, सुनील को ब्रह्माकुमारी रोशनी ने ईश्वरीय रक्षासूत्र बांध कर सुखद जीवन की बाबा भोलेनाथ से मंगल कामना की। इसके बाद सीसीएल प्रशिक्षण केंद्र सौंदा डी में प्रशिक्षक सुधांशु कुमार और आरके प्रसाद को राजयोग मेडिटेशन के बारे में जानकारी दिया गया। भुरकुंडा मीडियाकर्मियों को भी ब्रह्माकुमारी रोशनी ने ईश्वरीय रक्षासूत्र बांधा। साथ ही उन्होंने कहा कि पवित्र माह सावन में बाबा परमपिता शिव परमात्मा से ईश्वरीय रक्षासूत्र बांधवाकर, शिव बाबा की आज्ञा पर चल कर हम सदा उनकी छत्रछाया में सुरक्षित रह सकते हैं। अपने को आत्मा समझ ज्योतिर्लिंग शिव बाबा से राजयोग का अभ्यास कर मन की शांति पा सकते हैं। बीके रामदेव ने मीडियाकर्मियों को ब्रह्माकुमारीज संस्था का परिचय देकर संस्था का अंतरराष्ट्रीय मुख्यालय माउंट आबू में होने वाले मीडिया सम्मेलन में आने का निवेदन किया। कार्यक्रम में बीके रामदेव, ब्रह्माकुमारी ऊषा, रोशनी शामिल थीं।

## हाउसकीपिंग स्टाफ के बच्चों के बीच जूता का वितरण



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** सामुदायिक विकास पहल के तहत नॉर्थ एनटीपीसी कर्णपुरा का उद्देश्य अपने समर्पित हाउसकीपिंग स्टाफ के बच्चों का समर्थन करना है। अपने कर्मचारियों और उनके परिवारों के लिए बेहतर भविष्य बनाने की अपनी प्रतिबद्धता के तहत, एनटीपीसी नॉर्थ कर्णपुरा ने अपने हाउसकीपिंग कर्मियों के बच्चों को जूते प्रदान करने के लिए एक जूता वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके उद्देश्य इन युवा व्यक्तियों को उन उपकरणों के साथ सशक्त बनाना है, जिनकी उन्हें आत्मविश्वास से अपनी शैक्षिनिक यात्रा को आगे बढ़ाने और नए क्षितिज तलाशने के लिए आवश्यकता है। इसमें 71 लाभार्थियों को लाभ मिला। यह जूता वितरण कार्यक्रम उन कई पहलों में से एक है, जो कंपनी अपने कर्मचारियों और उनके परिवारों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए करती है।कार्यक्रम में वसुंधरा लेडीज क्लब के उपाध्यक्ष, महासचिव, वरिष्ठ सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम का आयोजन सीएसआर कार्यकारी एनए शिपो द्वारा किया गया।


**पूर्व तट रेलवे**

निविदा सं.eT-CRW_MCS-EL-2-2023

**कार्य का नाम :** 24 महीने के लिए कैरिज मरम्मत कार्यशाला, मन्चेश्वर में एसी कोचों में 1100 Ah VRLA बैटरी बैंक (56 सेल्स) की हेल्थ जांच (Health Check) और नये 1100 Ah VRLA बैटरी बैंक द्वारा अत्यधिक पुराने (Overaged) 1100 Ah VRLA बैटरी बैंक (56 सेल्स) का प्रतिस्थापन।

विज्ञापित मूल्य (रुपये में) : 17,07,592.20, EMD (रुपयेमें) : 34,200.00, पूरा होने की अवधि : 24 महीने।

बिड प्रारंभ होने की तिथि : दिनांक : 22.08.2023,

**निविदा बंद होने की तिथि व समय : दिनांक :** 05.09.2023 को 1500 बजे।

ऐसी निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है एवं इस तरह प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव पर ध्यान नहीं दिया जायेगा।

ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण विस्तृत विवरण एवं शुद्धिपत्र वेबसाइट http://www.ireps.gov.in में उपलब्ध है।

उप मुख्य विद्युत अभियन्ता, कैरिज मरम्मत कार्यशाला, मन्चेश्वर

PR-488/O/23-24

# क्या चाहते हैं पहाड़

सुप्रीम कोर्ट ने एक याचिका पर सुनवाई करते हुए सोमवार को ठीक ही कहा कि देश के हिल स्टेशनों की कैरीइंग कपैसिटी का मूल्यांकन बड़ा मसला है। अदालत ने संकेत दिया है कि अगले हफ्ते वह पहाड़ी राज्यों में इस तरह के मूल्यांकन के काम को आगे बढ़ाने के लिए विशेषज्ञों की एक समिति गठित कर सकती है। यह मामला ऐसे समय सामने आया है, जब पिछले करीब दो हफ्तों से मॉनसूनी बारिश दो पहाड़ी राज्यों- उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में कहर बरपा रही है। भूस्खलन के दिल दहला देने वाले दृश्य सामने आये हैं। कई जगहों से बड़ी-बड़ी बिल्डिंगें गिरने, रोड और दूसरे इन्फ्रास्ट्रक्चर के क्षतिग्रस्त होने की खबरें आयी हैं। इन घटनाओं में दोनों राज्यों में अब तक 103 लोग मारे जा चुके हैं। जाहिर है, इन घटनाओं की रोशनी में इस मसले की अहमियत काफी बढ़ गयी है, लेकिन तथ्य यह है कि वहां हालात काफी पहले से खराब हो रहे थे। खासतौर पर जोशीमठ में जमीन धंसने से कुछ समय पहले ही काफी लोगों को विस्थापित होना पड़ा था। खैर, ग्रीन ट्राइब्यूनल्स और अलग-अलग अदालतों के सामने अलग-अलग रूपों में यह मसला पहुंचता रहा है। इसी याचिका की सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार ने बताया कि एक अन्य मामले में उत्तराखंड के अलमोड़ा स्थित जीबी पंत नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ हिमालयन एन्वायरनमेंट एंड सस्टेनेबल डिवेलपमेंट ने हिल स्टेशनों की कैरीइंग कपैसिटी के मूल्यांकन को लेकर दिशानिर्देश तैयार किये थे, जिन्हें 2020 में सुप्रीम कोर्ट में सबमिट किया जा चुका है। हालांकि बेंच ने साफ किया कि इस तरह के मूल्यांकन का काम किसी एक संस्थान पर नहीं छोड़ा जा सकता। निश्चित रूप से देश के प्रमुख संस्थानों से इस क्षेत्र के जाने-माने विशेषज्ञों की देखरेख में ही यह काम होना चाहिए, ताकि इस पर तात्कालिकता का प्रभाव एक हद से ज्यादा न हो। हालांकि तात्कालिक घटनाएं बताती हैं कि बरसों से इस संवेदनशील मुद्दे की अनदेखी होती रही है। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट का इस पर ध्यान देते हुए आवश्यक पहल करना काफी मायने रखता है, लेकिन यह बात भी नहीं भुलायी जा सकती कि पहाड़ की आबोहवा, जलवायु और भौगोलिक बनावट के साथ छेड़छाड़ का सिर्फ एक पहलू नहीं है। टूरिस्टों की बढ़ी हुई संख्या को नियंत्रित करना जरूरी है, लेकिन इन क्षेत्रों के विकास के ढांचे का सवाल भी उतना ही महत्वपूर्ण है। इस पर संपूर्णता में केंद्र और राज्य सरकारों को ही सोचना और फैसला करना है। यह काम विशेषज्ञों की कोई एक समिति गठित कर देने या उसकी सिफारिशें आ जाने भर से नहीं होता। यह सुनिश्चित करना ज्यादा जरूरी है कि ऐसे सिफारिशें पहले की अन्य विशेषज्ञ समितियों की रिपोर्टों की तरह धूल खाती पड़ी न रह जायें। अगर सुप्रीम कोर्ट की पहल सरकारों को पहाड़ी क्षेत्रों की खास बनावट और उनकी विशिष्ट जरूरतों के प्रति ज्यादा संवेदनशील बना सके तो यह एक बड़ी उपलब्धि होगी।

**बेंच ने साफ किया कि इस तरह के मूल्यांकन का काम किसी एक संस्थान पर नहीं छोड़ा जा सकता। निश्चित रूप से देश के प्रमुख संस्थानों से इस क्षेत्र के जाने-माने विशेषज्ञों की देखरेख में ही यह काम होना चाहिए, ताकि इस पर तात्कालिकता का प्रभाव एक हद से ज्यादा न हो।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**हमारे देश में महिला न्यायाधीशों की संख्या पुरुषों से काफी कम है। सुप्रीम कोर्ट में 73 वर्षों में 268 जज बने, जिनमें से केवल 11 महिलाएं रहीं। आज तक कोई महिला चीफ जस्टिस नहीं बनी हैं। कानूनी पेशा ऐतिहासिक रूप से पुरुष प्रधान रहा है। इसलिए अब भी देखा जाता है कि महिला जजों के साथ कई बार पदोन्नति में भेदभाव होता है।**

# कानूनी पेशे में लैंगिक पूर्वाग्रह व महिला अधिवक्ताओं की चुनौतियां



रुचि सिंह



कानूनी पेशे में लैंगिक पूर्वाग्रह एक प्रचलित मुद्दा है। महिला अधिवक्ताओं को अपने क्षेत्र में कई चुनौतियों और बाधाओं का सामना करना पड़ता हैं। पेशे की व्यावहारिक प्रकृति के बावजूद लैंगिक पूर्वाग्रह और भेदभाव समस्या बनी हुई है। महिलाएं अक्सर रूढ़िवादिता का शिकार होती हैं। हालांकि समय के साथ समाज की सोच में भी बदलाव आ रहा है।

**नियुक्ति-प्रोन्नति में हैं भेदभाव**

हमारे देश में महिला न्यायाधीशों की संख्या पुरुषों से काफी कम है। सुप्रीम कोर्ट में 73 वर्षों में 268 जज बने, जिनमें से केवल 11 महिलाएं रहीं। आज तक कोई महिला चीफ जस्टिस नहीं बनी हैं। कानूनी पेशा ऐतिहासिक रूप से पुरुष प्रधान रहा है। इसलिए अब भी देखा जाता है कि महिला जजों के साथ कई बार पदोन्नति में भेदभाव होता है। अन्ना चांडी (स्व) आजाद भारत की पहली महिला न्यायाधीश थीं, जो 1959 से 1967 तक पद पर रहीं। कॉर्नेलिया सोराबजी ने पहली महिला अधिवक्ता बन कर इस पेशे में महिलाओं के प्रवेश का रास्ता खोला। झारखंड में ज्ञानसुधा मिश्रा हाइकोर्ट की पहली महिला मुख्य न्यायाधीश बनीं। वह 2008 से 2010 तक पद पर रहीं। कानून की पढ़ाई में छात्राओं का प्रतिनिधित्व और प्रदर्शन सराहनीय होता है, पर आगे चलकर उन्हें पुरुषों से कम सफलता मिल पाती है। पूर्व मुख्य न्यायाधीश नूतलपाटि वेंकटरमणा ने कहा था, उच्च न्यायालयों में महिला न्यायाधीशों की संख्या 11.5 फीसदी है। यहां सुप्रीम कोर्ट में, वर्तमान में हमारे पास मौजूदा 33 में से चार महिला न्यायाधीश हैं। यानी यह केवल 12 फीसदी है। 1.7 मिलियन अधिवक्ताओं में से केवल 15 फीसदी महिलाएं हैं। राज्य बार काउंसिल में निर्वाचित प्रतिनिधियों में केवल दो फीसदी महिलाएं हैं। बार काउंसिल ऑफ इंडिया में कोई महिला सदस्य है ही नहीं। इसमें तत्काल सुधार की आवश्यकता है। वहीं वर्तमान मुख्य न्यायाधीश धनंजय यशवंत चंद्रचूड़ ने कार्ल मार्क्स के मशहूर उद्धरण का शब्दांतरण कर कहा था, महिलाओं को सिर्फ एकजुट होकर आगे बढ़ने की आवश्यकता है। उनके पास खोने के लिए कुछ भी नहीं, बल्कि सिर्फ उनकी खुद की बेड़ियां हैं।

**कानूनी पेशे में महिलाओं के लिए एक और बड़ी चुनौती कार्य-जीवन संतुलन बनाये रखने की है।**

पूर्व में निर्मित कई कानूनी भवनों में शौचालयों की कम संख्या और सामूहिक शौचालय महिलाओं के लिए दुविधाजनक हैं, हालांकि अब निर्मित होने वाले भवनों में इसकी व्यवस्था की जाने लगी है।

लैंगिक वेतन अंतर भी एक समस्या हैं, हालांकि यह महिला न्यायाधीशों पर लागू नहीं होता, क्योंकि उन्हें सरकारी वेतनमान मिलता है, पर यह महिला अधिवक्ताओं, लॉ फर्म और कानूनी संगठनों में कार्यरत महिलाओं पर काफी हद तक लागू होता है। उन्हें अक्सर अपने पुरुष समकक्षों की तुलना में कम भुगतान किया जाता है। यह उनके पेशेवर विकास और करीयर प्रक्षेपवक्र पर भी महत्वपूर्ण प्रभाव डालता है। मुवक्किलों को भी पुरुष अधिवक्ताओं को वरीयता देते हुए देखा जा सकता है, क्योंकि उन्हें लगता है कि पुरुष अधिवक्ता कानूनी कार्रवाई में ज्यादा सजग रहते हैं। लॉ फर्म और वरिष्ठ अधिवक्ता भी अपने कार्य के लिए पुरुष अधिवक्ताओं का ज्यादा चयन करते पाये जाते हैं। अन्य कानूनी संगठनों में नेतृत्व पदों में विविधता की कमी इस मुद्दे को कायम रखती है।

कानूनी पेशे में असुरक्षा भी एक बहुत बड़ी चुनौती है। आपने कई बार महिला अधिवक्ताओं व कार्यकर्ताओं को शाम ढलने से पहले कार्य पूर्ण कर सुरक्षित घर पहुंचने की जल्दी में देखा होगा। अक्सर न्याय की लड़ाई लड़ने में अधिवक्ताओं का सामना कई विकृत मानसिकता वाले अपराधियों से होता है। ऐसे में महिला अधिवक्ता या महिला न्यायाधीश ज्यादा खतरे में रहती हैं, क्योंकि कुछ मामलों में देखा गया है कि उन पर दबाव बनाने के लिए उनकी अस्मिता पर हमला किया जाता है। उन्हें कई बार ट्रोल किया जाता है।

कानूनी पेशे में महिलाओं के लिए एक और बड़ी चुनौती कार्य-जीवन संतुलन बनाये रखने की है। कानूनी क्षेत्र में लंबे समय तक काम के घंटे और उच्च कार्यभार आम बात है, जिससे महिलाओं के लिए अपने निजी जीवन को समय दे पाना काफी मुश्किल हो जाता है। महिला अधिवक्ताओं को भुगतान शुदा मातृत्व अवकाश मिलने का भी कोई प्रावधान नहीं है। महिला अधिवक्ताओं के बारे में यह भी सामाजिक अवधारणा हैं कि वे समायोज्य प्रकृति की नहीं होतीं, पर यह गलत है। बस कानून की जानकार होने की वजह से वह अपने साथ होने वाले अन्याय के खिलाफ आवाज उठाती हैं। बाकी उनका स्वभाव भी आम महिलाओं की तरह सौम्य ही होता है।

महिलाओं के साथ घटने वाले अपराधों में लगातार इजाफा हो रहा है। ऐसे में महिलाओं का कानूनी व्यवस्था में सक्रिय होना अति आवश्यक भी है, क्योंकि यह देखा गया है कि छेड़छाड़, बलात्कार, दहेज प्रताड़ना और घरेलू हिंसा की पीड़िताएं मानसिक अवसाद का शिकार हो जाती हैं, जहां उनहें पुरुषों से भय की अनुभूति होती है। इसलिए उनका महिला अधिवक्ताओं से खुल कर बिना किसी संकोच के अपने साथ हुए अत्याचार को वर्णित करना ज्यादा आसान होता है। और महिला न्यायाधीशों से यह उम्मीद की जाती है कि वह एक महिला होने के नाते स्त्री वर्ग की मानसिक पीड़ा को ज्यादा बेहतर ढंग से समझ कर उन्हें उचित न्याय दे सकती हैं।

समय के साथ कानूनी पेशे में महिलाओं की संख्या में इजाफा देखा गया है, पर अब भी इसमें कई बदलावों की जरूरत है। मुझे यह देखकर काफी हर्ष होता है कि महिलाओं ने कानूनी क्षेत्र में कई ऐसी उपलब्धियां हासिल की हैं, जो अविस्मरणीय हैं।

'लेडी ऑफ जस्टिस' की प्रतिमा को कानून के एक अहम प्रतीक के तौर पर देखा जाता है, जहां उनके हाथ में एक तराजू होता है, जो बिना किसी भेदभाव के सभी के लिए समान न्याय, अधिकार और अवसरों का प्रतिनिधित्व करता है। अब यह हम सब की जिम्मेदारी है कि हम इस प्रतीक को फलीभूत कर सकें।

## जमशेदपुर की खबरें

### झारखंड क्षत्रिय महिला संघ का दो दिवसीय सावन मेमिम 2023 का आयोजन आज



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** झारखंड क्षत्रिय महिला संघ ने सावन के खास मौके पर इस वर्ष सावन मेमिम 2023 का आयोजन किया जायेगा। बुधवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर मंजू सिंह ने बताया जमशेदपुर के बिष्टुपुर क्लब हाउस में 24 अगस्त से 26 अगस्त तक चलने वाली दो दिवसीय कार्यक्रम में मेला महोत्सव के साथ-साथ मोटिवेशनल टॉक का भी आयोजन किया जायेगा। जिसमें महिलाओं को शिक्षा से सशक्तिकरण, स्वस्थ शरीर व सशक्त नारी, मेंटल फिटनेस, पर्यावरण और महिलाएं जैसे मुख्य विषयों पर टॉक शो का आयोजन होगा। मेला में कई वस्तुओं के साथ साथ खाने का स्वादिष्ट भोजन उपलब्ध रहेगी। उन्होंने झारखंड क्षत्रिय महिला संघ के सभी इकाइयों के द्वारा संयुक्त रूप से आयोजिय कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए शहर वासियों से अपील की।

### चंद्रयान-3 के सफल लैंडिंग पर सूर्य मंदिर समिति ने किया लड्डू का वितरण



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** भारत ने अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में इतिहास रच दिया है। चंद्रयान-3 ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सॉफ्ट लैंडिंग कर दी है। इस गौरवशाली मौके पर जमशेदपुर में हर ओर जश्न का माहौल है। बुधवार को सिदगोड़ा सूर्य मंदिर समिति ने मंदिर परिसर के समक्ष लड्डू का वितरण व आतिशबाजी कर जश्न मनाया। भूपेंद्र सिंह के नेतृत्व में समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों ने हाथों में तिरंगा लेकर श्रद्धालुओं व आमजनों का मुंह मीठा कराकर इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर बधाई दी। इस दौरान मंदिर समिति के सदस्यों ने 'हर हर महादेव' एवं 'भारत माता की जय' के नारे लगाकर खुशियां व्यक्त की। इससे पहले, पदाधिकारियों ने वीर बजरंगबली की आरती कर राष्ट्र की उन्नति और तरक्की की कामना की। मौके पर अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, महासचिव अखिलेश चौधरी, अमरजीत सिंह राजा, शैलेश गुप्ता, शशिकांत सिंह, कृष्णमोहन सिंह, संतोष यादव, बंटी अग्रवाल, कंचन दत्ता, प्रेम झा, प्रमोद मिश्रा, कुमार संदेश, रॉकी सिंह, विक्रम चंद्राकर समेत अन्य सदस्यगण मौजूद रहे।

# मंत्री चंपई सोरेन ने विकास योजनाओं को लेकर वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से की बैठक

**15 योजनाओं की कार्य प्रगति का समीक्षा कर आवश्यक दिशा निदेश दिये।**



आजाद सिपाही संवाददाता

**सरायकेला।** सरायकेला खरसावां जिले के विधायक सह राज्य के मंत्री चंपई सोरेन के अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एक विशेष बैठक आहूत की गई। बुधवार को बैठक में मंत्री चंपई सोरेन ने नगर पंचायत सरायकेला में विकास व नागरिक सुविधा को उत्कृष्ट करने हेतु पूर्व मे घोषित 15 योजनाओं की कार्य प्रगति का समीक्षा कर आवश्यक दिशा निदेश दिए। बैठक में मंत्री के द्वारा कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत सरायकेला को जुडको लिमिटेड रांची के साथ आपसी तालमेल स्थापित करते हुए यथाशीघ्र डीपीआर बनाने का निर्देश दिया। इस दौरान मंत्री ने जुड़को लिमिटेड रांची, अंचल अधिकारी सरायकेला, कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत और अन्य संबंधित पदाधिकारी आगामी दिनांक 25 और 26 अगस्त को संयुक्त रूप से स्थल निरिक्षण कर विस्तृत विश्लेषण तथा चर्चा कर डीपीआर निर्माण हेतु परामर्शी का चयन कर कार्य प्रारंभ करने का निर्देश दिया। योजना में खरकई नदी के किनारे मरीन ड्राइव का निर्माण है, डेली मार्केट में बहुमंजिली मंडी हाउस का निर्माण, बाजार में मल्टी परिसर का निर्माण, माजना घाट में पार्क का निर्माण, कुदरसाई शिव मंदिर में पार्क का पुनर्निर्माण, पब्लिक दुर्गा मंदिर का सौंदर्यकरण, दीवानसाइ में मैरेज हॉल का निर्माण। खरकाई नदी में माजना घाट के पास बियर का निर्माण शामिल है। बैठक में मुख्य रूप से जुडको के परियोजना निदेशक, कार्यपालक अभियंता स्वर्णरेखा परियोजना, खरकई नहर प्रमंडल, आदित्यपुर अंचल अधिकारी सरायकेला, कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत और जुडको के डीपीएम शामिल रहे।

### चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग देख रोमांचित हुए पटमदा प्रखंड के आदिवासी

# बच्चों के संग पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी ने जम कर मनाया जश्न

**प्लस टू हाई स्कूल के बच्चे, सामाजिक संस्था नाम्या स्माइल फाउंडेशन ने बड़े स्क्रीन पर की लाइव प्रसारण**



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** चंद्रयान-3 की चंद्रमा पर सफलता पूर्वक लैंडिंग के साथ ही भारत ने इतिहास रच दिया। भारत चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाला दुनिया का पहला देश बन गया है। चंद्रयान-3 की सफलता के बाद जमशेदपुर में जश्न के साथ गर्व और रोमांच का माहौल है। बुधवार को सामाजिक संस्था नाम्या स्माइल फाउंडेशन की ओर से पटमदा प्रखंड के आदिवासी प्लस टू हाई स्कूल बांगुरदा में चंद्रयान 3 के सफल लैंडिंग का बड़े स्क्रीन पर लाइव प्रसारण किया गया। चंद्रयान-3 की चंद्रमा पर सफल सॉफ्ट लैंडिंग को लेकर हर कोई उत्साहित था और जैसे ही चंद्रयान के कदम चांद पर पड़े तो स्कूली बच्चों के साथ पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी भी जश्न में झूम उठे। स्कूली बच्चों के संग कुणाल षाड़ंगी ने भी जमकर जश्न मनाया। इस दौरान स्कूल के छात्र एवं छात्राओं ने बड़े स्क्रीन पर लाइव टेलिकास्ट के माध्यम से कई नई वैज्ञानिक बातों को भी जाना। चंद्रयान 3 के सफल लैंडिंग होते ही पूरा स्कूल परिसर 'भारत माता की जय', 'जय हिंद' और 'देश के वैज्ञानिक' जिंदाबाद के नारों से गुंजायमान हो उठा। इस दौरान बच्चों को मिठाई खिलाकर इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर खुशियां मनाई गई।मौके पर उपस्थित पूर्व विधायक कुणाल षाडंगी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं इसरो के महान वैज्ञानिकों को इस अत्यंत महत्वपूर्ण एवं अभूतपूर्व उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा पीएम नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व एवं दूरदृष्टि से आज भारत ने सौर मंडल में एक नया इतिहास रच दिया। स्पेस टेक्नोलॉजी में भारत ने विश्व भर में अग्रिम पंक्ति में अपना मजबूत स्थान बना लिया है। पूरा विश्व आज भारत के वैज्ञानिकों की विद्ववता के प्रति नतमस्तक दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा सही अर्थों में आज भारत पूरे विश्व में एक महाशक्ति के रूप में उभरा है। पूरा देश इस महान उपलब्धि के लिए गौरवान्वित महसूस कर रहा है। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता सह पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी, विमल बैठा, धवल सेठ, आकाश श्रीवास्तव, सोनू श्रीवास्तव, विजय सोए, जीतू कुमार, लोबिन समेत कई अन्य मौजूद रहे।

### अवैध शराब के खिलाफ पुलिस का छापा, 250 लीटर जावा महुआ किया नष्ट, उपकरण जप्त



**चांडिल (आजाद सिपाही)।** सरायकेला खरसावां जिले में एसपी बिमल कुमार के निर्देश पर पुलिस अवैध शराब भट्टियो के खिलाफ लगातार छापेमारी कर रही है। बुधवार को पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तिरुलडीह के पाँयलॉग गांव में नदी किनारे अवैध शराब भट्टी को ध्वस्त कर दिया। तिरुलडीह प्रभारी के अनुसार अवैध शराब भट्टी का गुप्त सूचना मिलते ही त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त स्थल पर छापामारी की गई। जहां 250 लीटर जावा महुआ विनस्ट किया गया। अवैध शराब बनाने वाले उपकरणों को जप्त की गई। उन्होंने बताया भट्टी के पास घनी झरिया थी। जिसका फायदा उठाकर संचालक भागने में सफल रहा। फिलहाल पुलिस जांच कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

### जमशेदपुर की बिटिया चेरी अग्रवाल टाइम्स वूमेन अचीवर्स अवार्ड से सम्मानित






**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** शहर की 30 वर्षीय चेरी अग्रवाल को मीडिया साक्षरता व पत्रकारिता के क्षेत्र में उनके कार्य को देखते हुए उन्हें प्रतिष्ठित टाइम्स वूमेन अचीवर्स अवार्ड से सम्मानित किया गया। देहरादून की हयात रिजेंसी में उनके भाई अंकित अग्रवाल ने चेरी अग्रवाल की ओर से यह अवार्ड प्राप्त किया। राज्यपाल ले. ज. गुरमीत सिंह इस समारोह में मुख्य अतिथि शामिल हुए। फिलहाल चेरी अग्रवाल यूनेस्को को मीडिया क इन्फॉर्मेशन लिट्रेसी यूथ कमेटी में बतौर एशिया पेसिफिक रीजनल कॉ-ऑर्डिनेटर के रूप में अपनी सेवायें दे रही हैं। उन्होंने विश्वविख्यात लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स यूके व इंडियन इंस्टीच्यूट जर्नलिज्म एंड न्यू मीडिया से दो मास्टर्स डिग्री हासिल की। उनके कामों ने प्रतिष्ठित पुरस्कार दिलाये हैं। 2020 यूनाइटेड नेशनंस पॉपुलेशन फंड ने लाडली मीडिया और जेंडर संसेविटी के लिए एडवर्टाइजिंग अवार्ड उन्हें 2020 में एशियन एंड इंटरनेशनल रिलेशंस विषय में हार्वर्ड कॉलेज अमेरिका में कांफ्रेंस में बतौर डेलीगेट स्कॉलर और यूनेस्को के ग्लोबल यूथ फोरम में मीडिया और साक्षरता और यूनेस्को के ग्लोबल यूथ फोरम में मीडिया साक्षरता विशेषज्ञ और वक्ता के रूप में पैनल चर्चा में पेरिस और स्वीडन में आमंत्रित किया जा चुका है। अपने पेशेवर जीवन में मीडिया और सूचना साक्षरता और जेंडर और यूथ के अधिकार के क्षेत्र में लगातार कार्यरत रही हैं। इस क्षेत्र में 130 से ज्यादा मूल प्रकाशनों में अपना योगदान दिया है। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर यूरोप के कई देशों की प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों से अपने शोध कार्यों के लिए काफी सारे सम्मान हासिल किये। आज के इएमइए और एपीएसी से संबंधित टेक पॉलिसी डेवेलपमेंट से जुड़े विश्वास और सुरक्षा संबंधी उभरते मुद्दों पर अपने योगदान से मीडिया साक्षरता के क्षेत्र में लगातार काम कर रही हैं।

**उत्साह : चंद्रयान-3 की सफलता पर रंका मोड़ पर पटाखा फोड़ और मिठाई बांट कर चंद्रोत्सव मनाया गया**

# इसरो ने देश का मान बढ़ाया है : ओम प्रकाश केशरी

**मोदी सरकार ने भारत को विश्व गुरु बनाकर कृतिमान स्थापित किया है : संतोष दूबे**

**चंद्रयान 3 ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचकर इतिहास रच दिया है : रितेश चौबे**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा।** भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे की अध्यक्षता में चंद्रमा पर चंद्रयान मिशन 3 की सफलता पर रंका मोड़ पर पटाखा फोड़कर व मिठाई बांटकर चंद्रोत्सव मनाया गया।

मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी ने कहा कि इसरो ने देश का मान बढ़ाया है चंद्रयान 3 चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचकर ऐतिहासिक काम किया है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने भारत को विश्व गुरु बनाने का काम किया है। भारत ने विश्व में पहला स्थान हासिल किया है। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद देते हैं एवं इसरो वैज्ञानिक को बधाई देते हैं।

जिला महामंत्री संतोष दूबे ने कहा कि मोदी सरकार ने भारत को विश्व गुरु बनाकर कृतिमान स्थापित किया है। देश में खुशी का माहौल है।

भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे ने कहा कि चंद्रयन 3 चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचकर इतिहास रच दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को विश्व में स्थापित करने का काम किया है कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष विनोद तिवारी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष हरेंद्र दूबे, भाजयुमो जिला महामंत्री संजय कमलापुरी, मीडिया प्रभारी लक्ष्मीकांत पाण्डेय, नवीन जायसवाल, मनीष कुमार गुप्ता, विनय चंद्रवंशी, रविन्द्र जायसवाल, उमेश कश्यप, दीपक तिवारी, अजीत पाण्डेय, राकेश पाठक, दिनेश पासवान, उदय कुशवाहा, आनंद मोहन तिवारी, धर्मनाथ झा, बिजय केशरी, अंजली गुप्ता, प्रियंका कुमारी, उदय कुमार कुशवाहा, बृजेंद्र कुमार पाठक, भारदूल डीजे, कंचन कुमार, अनवर शाह, सुधीर कुशवाहा, दिनेश तिवारी, विवेक पाठक, संजय तिवारी, अरविंद प्रजापति सहित अन्य सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग को लेकर एचडी मेमोरियल एकेडमी में प्रार्थना सभा आयोजित



**मेराल (आजाद सिपाही)।** चंद्रयान 3 के सफल लैंडिंग को लेकर बुधवार को एसडी मेमोरियल एकेडमी में प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा सामूहिक रूप से चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। इस संबंध में स्कूल के डायरेक्टर ब्रजेश कुमार मिश्रा ने बताया की विद्यालय प्रारंभ होने के पूर्व की जाने वाली प्रार्थना इतनी शक्ति हमें देना दाता, मन का विश्वास कमजोर हो ना के बाद राष्ट्र का सबसे महत्वपूर्ण मिशन चंद्रयान-3 का आज सफलतापूर्वक चांद पर लैंडिंग के लिए प्रार्थना की गई। इस मौके पर विद्यार्थियों द्वारा चंद्रयान 3 का बनाया गया मॉडल भी प्रदर्शित किया गया। इससे पूर्व शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को चंद्रयान-3 को लेकर विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही सभी छात्र-छात्राओं को बुधवार के शाम 5:30 बजे से चंद्रयान की चांद पर लैंडिंग को लेकर टीवी प्रसारण को देखने के लिए प्रेरित किया गया, ताकि विद्यार्थी विज्ञान तथा अंतरिक्ष के प्रति प्रेरित हो सकें। प्रार्थना सभा में छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षक अमरेंद्र कुमार मिश्रा, श्याम देव पांडे, गौतम कुमार, मृत्युंजय पांडे, जयप्रकाश पांडेय, तृप्ति टोप्पो, एनिमा कुजूर, नसरीन खातून, उपासना कुमारी आदि शामिल थे।

## जीएन कांवेंट स्कूल में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम आयोजित



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** सीबीएसई से मान्यता प्राप्त स्थानीय जीएन कॉन्वेंट स्कूल में राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के प्रथम चरण गढ़वा जिला स्वास्थ्य संस्था के कुमार संजीव शरण (मनःचिकित्सक, एनसीडी प्रभाग) एवं राजकुमार वर्मा (सलाहकार, एनसीडी प्रभाग) के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। सबसे पहले निदेशक मदन केशरी ने आए अतिथियों का स्वागत किया। बच्चों को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने तम्बाकू मुक्त भविष्य के लिए युवाओं को आगे आने का आह्वान किया। छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए विद्यालय के निदेशक मदन केशरी ने कहा कि तम्बाकू सेवन को छोड़ना पूरी तरह से संभव है। समुचित परामर्श और सामाजिक सहयोग और मजबूत इच्छाशक्ति की इसमें प्रमुख भूमिका है। इस अवसर पर बच्चों के बीच राष्ट्रीय तम्बाकू जागरूकता अभियान आधारित क्विज प्रतियोगिता भी आयोजित की गयी। जिसमें अमृतेश राज पांडेय को प्रथम स्थान (शब्द कोष), दिव्या दीप सोनी दशम को द्वितीय स्थान (स्कूल बैग), आकाश कुमार पांडेय दशम को तृतीय स्थान ( शब्द कोष लघु) प्रदान किया गया। शेष सभी छात्र-छात्राओं को सान्त्वना पुरस्कार के रूप में इंस्टूमेंट बॉक्स दिए गए। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक संतोष प्रसाद, संजीव कुमार का योगदान सराहनीय रहा।

## भवनाथपुर में वज्रपात से एक व्यक्ति की मौत, चार छात्राएं घायल

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** बुधवार की दोपहर तेज बारिस के बीच हुई वज्रपात की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गयी, जबकि चार छात्राएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। जानकारी के अनुसार मकरी के निमिया टोला निवासी छठु राम अपने घर के बाहर बैठे थे कि अचानक हुई वज्रपात में उसकी मौत हो गई। घायल छात्राओं में थाना क्षेत्र के पंडरिया निवासी सुरेंद्र मेहता की पुत्री ज्योति कुमारी (15), रमजान अंसारी की पुत्री शब्बू निशा (15), सीताराम मेहता की पुत्री रुपांजलि कुमारी (16) तथा चपरी निवासी संजय साह की पुत्री सपना कुमारी (16) शामिल हैं। घर पंहुचने से कुछ दूर पहले ही चारों छात्राओं को घायल देख स्थानीय लोगों के सहयोग से इलाज हेतु स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर लाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद सभी छात्राओं को सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार उक्त सभी छात्रा भवनाथपुर स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर की 10वीं कक्षा में पढ़ती हैं।

## भंडरिया पुलिस ने बाल विवाह निषेध अधिनियम के तहत तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**भंडरिया (आजाद सिपाही)।** भंडरिया थाना पुलिस ने बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के तहत तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा। इसकी जानकारी देते हुए थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर संजय कुमार खाखा ने बताया कि उत्तराखंड लाल कुआं निवासी विश्वजीत कुमार, उसके बड़े भाई मनोज कुमार व भंडरिया टोला तेनटाड़ निवासी बूटन मिंज उर्फ संजय मिंज के नाम शामिल हैं। इस घटना से संबंधित भण्डरिया थाना प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया कि भंडरिया के 14 वर्षीय नाबालिग लड़की को बीस हजार रुपय पैसा का लालच देकर बाल विवाह कराया जा रहा था। लोगों के द्वारा इसकी सूचना थाने को मिली थी, जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए इन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है।

## आरके पब्लिक स्कूल गढ़वा में गोस्वामी तुलसीदास की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित

**तुलसीदास के प्रकाश से हिन्दी जगत अनन्त काल तक प्रकाशमान होता रहेगा : अलखनाथ पांडेय**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा।** आरके पब्लिक स्कूल गढ़वा में महाकाव्य रामचरित मानस और हनुमान चालीसा के रचयिता गोस्वामी तुलसीदास की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

मौके पर आरके पब्लिक स्कूल के निदेशक अलखनाथ पाण्डेय और कार्यक्रम में आए अतिथि सहित विद्यालय के अधिकारी एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने संयुक्त रूप से गोस्वामी तुलसीदास के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।

इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता सह स्कूल के निदेशक अलखनाथ पाण्डेय ने कहा कि राम के अनन्य उपासक गोस्वामी तुलसीदास हिन्दी साहित्याकाश के उन दैदीप्यमान नक्षत्रों में से एक हैं, जिनके प्रकाश से हिन्दी जगत अनन्त काल तक प्रकाशमान होता रहेगा। निःसन्देह तुलसीदास एक प्रतिभाशाली कवि, महान भक्त, पहुँचे हुए महात्मा तथा लोकनायक थे और इन सभी रूपों में वे महान थे। उन्होंने कहा कि तुलसीदास का स्थान सर्वोपरि है। उनकी कविता ने उन्हें हिन्दी साहित्य ही नहीं बल्कि विश्व साहित्य में ऊँचा स्थान दिलाया है। यद्यपि उनकी कविता का विषय भक्ति एवं आध्यात्म ही रहा है परंतु उन्होंने जीवन के सम्पूर्ण व्यापारों को चित्रित किया है। जीवन, जगत और प्रकृति के जीते-जागते चित्र हमें तुलसी के काव्य में मिलते हैं। तुलसी के काव्य लौकिक तथा पारलौकिक, दोनों प्रकार के आनन्द के साधन हैं।

मौके पर विजय चौबे जी, अनुज शर्मा जी, रौशन धर दुबे जी, सुरेन्द्र राम जी, बालेंद्र दुबे जी सहित विद्यालय के अधिकारी एवं शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## टीडीएम कॉलेज में सावन महोत्सव के तहत रंगोली और मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित

**दोनों प्रतियोगिताओं में प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को पुरस्कृत किया गया**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**श्री बंशीधर नगर।** नगर पंचायत के अधौरा स्थित टीडीएम इंटर कॉलेज में सावन महोत्सव के तहत छात्राओं के बीच रंगोली एवं मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दोनों प्रतियोगिताओं में प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। वहीं प्रतियोगिता में शामिल सभी छात्राओं को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि स्नेहलता सिंह (गोरा दी) ने छात्राओं को मार्गदर्शन देते हुए उन्हें और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि नीलाम्बर-पीताम्बर विश्वविद्यालय में मानविकी विभाग के डीन सह संस्कृत विभाग के विश्वविद्यालय अध्यक्ष डॉ बिनोद कुमार पाठक ने कहा कि महाविद्यालय का यह कार्य अति सराहनीय है। वहीं विशिष्ट अतिथि एसएसजेएसएन कॉलेज गढ़वा के भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि इस प्रतियोगिता से छात्राओं में ज्ञान की वृद्धि होगी। शारदा महेश शर्मिष्ठा देव डिग्री महाविद्यालय अधौरा के प्राचार्य प्रशांत सहाय ने कहा कि यह छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए सुनहरा अवसर है। इस मौके पर टीडीएम इंटर कॉलेज के प्राचार्य धनन्जय सिंह ने कहा कि महाविद्यालय बच्चों के शैक्षणिक, मानसिक और शारीरिक विकास के लिए सतत प्रयासरत है। रंगोली प्रतियोगिता में नीतिशा कुमारी को प्रथम, सबरीना खातून को द्वितीय और सरिता कुमारी को तृतीय पुरस्कार दिया गया। मेहंदी प्रतियोगिता में सबीना खातून को प्रथम, पूनम कुमारी को द्वितीय और सोनम कुमारी को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। माधुरी कुमारी, सोनी कुमारी, प्रभा कुमारी, सुचिता कुमारी और मधु कुमारी को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया। दोनों प्रतियोगिताओं के सफल समन्वयन के लिए शिक्षिका ममता कुमारी को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर शिक्षिका बेबी कुमारी, जूही कुमारी, वरुण पांडेय, अमरेश यादव, उमेश सिंह, विवेक सिंह, राजीव रंजन प्रताप देव, दिलीप गुप्ता, रजनीश कुमार, सुनील सोनी, पंकज सिंह, भीष्म नारायण सिंह, नवनीत सिंह, पंकज पासवान, जितेंद्र कुमार, रामपवन बाबू, विनेश पाल सहित छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

**GOVERNMENT OF JHARKHAND**
**URBAN DEVELOPMENT OF DEPARTMENT**
**NAGAR PANCHAYAT, CHHATTARPUR**

**VERY SHORT TERM TENDER NOTICE NO.- NPC-13/2023-24**

| SL. | WARD NO. | REFERENCE NO. SCHEME NAME | ESTIMATE COST | EARNEST MONEY (2% OF ESTIMATE COST) | TENDER FEE | COMPLETION OF WORK |
|---|---|---|---|---|---|---|
| नागरिक सुविधा मद | | | | | | |
| 1 | 11 | Construction of RCC DRAINS From H/o Amrendra Ram to Culvert Via H/o Param Ram in ward No. 09 | 7,32,527.00 | 14,650.00 | 5,000.00 | 30 DAYS |
| 2 | विभाग का नामः– | | नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड, रॉची। | | | |
| 3 | विज्ञापनदाता का नामः– | | कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, छतरपुर। | | | |
| 4 | परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं स्थानः– | | प्रकाशन की तिथि से दिनांक– 02.09.2023 तक 4:00 अपराह्न तक। स्थान– कार्यालय नगर पंचायत, छतरपुर। | | | |
| 5 | निविदा प्राप्ति की तिथि, समय एवं स्थानः– | | दिनांक– 04.09.2023, समय– 2:00 बजे अपराह न तक, स्थान– कार्यालय नगर पंचायत, छतरपुर। | | | |
| 6 | निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थानः– | | दिनांक– 04.09.2023, समय– 2:30 बजे अपराह्न तक, स्थान– कार्यालय नगर पंचायत, छतरपुर। | | | |
| 7 | हेल्प लाईन नं0– | | 7779992012 | | | |

नोटः– निविदा से सम्बंधित नियम एवं शर्ते कार्यालय के सूचना पट्ट एवं palamu.nic.in पर भी देखा जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत, छतरपुर।

PR 305355 (District) 23-24 (D)

**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन ग्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**
**नियोजनालय, तोरपा खूँटी**

**भत्ती कैम्प–2023**

राज्य के बेरोजगार युवकों को निजी क्षेत्र में नियोजित करने के उदेश्य से नियोजनालय, तोरपा (खूँटी) के द्वारा दिनांकः–25 अगस्त 2023 दिन शुक्रवार को पूर्वाहन् 10:00 बजे से 3:00 बजे अपराह्न तक नियोजनालय, तोरपा (खूँटी) परिसर में भत्ती कैम्प 2023 आयोजित किया जा रहा है।

भत्ती कैम्प में निम्नलिखित नियोजकों ने उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की है:–

| SL NO | Name and Address of the Employer | Name of the Post | No.of Vacancies | Qulification | Exp. (in yrs.) | Age (Age in yrs) | SALARY | LOCATION | Remark |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Fusion Micro Finance pvt ltd | 1. Relation Ship Officer 2. Senior Relation Ship Officer | 60 | Inter& Above | - | 18-32 | 11000 | Jharkhand | Only for Male |
| 2 | Seva Sahyog Security pvt ltd | 1.Socurity Guard 2.Security Supervisor 3.Gunman 4.Security Officer 5.OfficeStaff 6.Cook 7.House Keeping supervisor | 213 | Non Matric to Graduation | - | 18-55 | 8000-20000/ | Jharkhand & Other | Only for Male |
| 3. | Suzuki Motors PVT. LTD. Gujrat | Trainee | 300 | 10th ,12th ,ITI/Diploma, Graduation | - | 18-21 | For Non-Tech-13K For Tech-16K Diploma-14K | Gujrat/andhra | Only for Male |
| 4 | Bajaj electrical Ltd pune | Trainee | 200 | Diploma B.tech/BE ITI/Diploma, Graduation | - | 18-21 | 19500-22000 | Pune | Only for male |

- योग्य एवं इच्छुक आवेदक (उम्मीदवार) जो पूर्व से निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा www.rojgar.jharkhand.gov.in पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त उल्लेखित भत्ती कैम्प में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों की छाया प्रति, अंक प्रमाण पत्रों की छाया प्रति, आवासीय प्रमाण पत्रों की छाया प्रति तथा बायोडाटा दो प्रतियों में दो पासपोर्ट साईज के फोटो के साथ साक्षात्कार हेतू उपस्थित हो सकते है। जो उम्मीदवार पूर्व में निबंधित है उन्हे पुनः निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं है। चूंकि रिक्तियाँ निजि क्षेत्र से संबंधित है अतएव चयन की प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं रहेगा। विभाग एवं नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य कर रहें है। भत्ती कैम्प में भाग लेने के लिए किसी भी प्रकार का मार्ग भत्ता देय नहीं होगा।

प्रभारी नियोजन पदाधिकारी, (तोरपा)
खूँटी

PR305362 (Labour Employment and Traning)23-24*D

**हजारीबाग नगर निगम, हजारीबाग**

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर निगम कार्यालय पत्रांक 333/सा०प्र०, दिनांक 30.01.2021 के द्वारा प्रकाशित विज्ञापन शुल्क में आंशिक संशोधन किया जाता है, साथ ही Jharkhad Local Bodies Advertisement Regulation] 2017 के प्रावधानों के अंतर्गत किसी भी विज्ञापन हेतु Outdoor Media Device (OMD) अधिष्ठापन के निमित संबंधित विज्ञापान दाता यथा व्यक्ति/एजेन्सी को नगर निगम अंतर्गत निबंधन अनिवार्य होगा। नगर निगम कार्यालय द्वारा संशोधित विज्ञापन शुल्क एवं निबंधन शुल्क हेतु निम्न तालिका निर्धारित की गई है:–

| Sl. No. | Type of Advertisement | Non. Government Land (For Agency) | Non.Govt. Land (For Individual) |
|---|---|---|---|
| 1 | Advertising Hoarding/ Bill Board/Building Board/Advertisement on commercial Building | 1) Rate:- Rs. 72 /- Per sq. ft. Per year 2) Registration fee: - Rs. 25,000/- per year 3) Time Period:- Maximum 5 Year | 1) Rate:- Rs. 72/- per. sq.ft. Per Year. 2) Registration fee:-Rs. 108 /-Per. Sq. ft. Per Year (Each Hoarding) 3) Time Period:- Maximum 5 Year |

**निबंधन एवं विज्ञापन की प्रक्रियाः–**

1. नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत विज्ञापन लगवाने वाले व्यक्ति अपने विज्ञापन शुल्क एवं निबंधन शुल्क का भुगतान निगम द्वारा प्राधिकृत ऐजेन्सी मेसर्स रितिका प्रिन्टेक प्रा०लि०, शाखा जुलु पार्क में जमा कराऐंगें।
2. विज्ञापन हेतु निबंधन कराने वाली ऐजेंसी को JLBAR–2017 के प्रावधानों के आलोक में Annexure 1 (अनुलग्नक–1) में आवेदन सभी दस्तावेजों की स्वयं अभिप्रमाणित प्रति सहित उपरोक्त निबंधन शुल्क की राशि DD/Cheque के माध्यम से नगर आयुक्त नगर निगम हजारीबाग के नाम से निगम कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा।
3. निबंधन हेतु आवेदन प्राप्ति के 30 दिनों के अन्दर नियमानुसार निबंधन की प्रक्रिया पूर्ण करते हुए अर्हताधारी को Annexure 2 (अनुलग्नक–2) अंतर्गत प्रदान करते हुए निबंधन संख्या आवंटित की जाएगी।
4. विज्ञापन प्रदर्शन हेतु विज्ञापन पटट्/होर्डिंग/बिल बोर्ड इत्यादि के अधिष्ठापन हेतु संबंधित विज्ञापन एजेंसी द्वारा Annexure 3 (अनुलग्नक–3) के माध्यम से नगर निगम कार्यालय को आवेदन समर्पित किये जाऐगे।
5. JLBAR–2017 के प्रावधानानुसार Annexure 3 (अनुलग्नक–3) अंतर्गत OMD के स्थल की विस्तृत विवरणी यथा मापी, Locality Plan, GPS Photographs अन्य इमारतों/सडकों से दुरी, की प्रति समर्पित करना अनिवार्य है।
6. विज्ञापन कार्य हेतु इच्छुक एजेन्सी नगर निगम कार्यालय से आवेदन प्रपत्र Annexure–1 (अनुलग्नक–1), Annexuure–3 (अनुलग्नक–3) एवं विभिन्न विज्ञापन माध्यमों की विस्तृत सूची (Typology Discreption) Annexure–5 (अनुलग्नक–5) प्राप्त कर सकते हैं।
7. इस सबंध में पूर्व से अधिसूचित विज्ञापन दरों को इस हद तक संशोधित समझा जाए।
8. भविष्य में नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड सरकार अथवा केन्द्र/राज्य सरकार द्वारा इस संबंध में बनाये गये नियम/विनयम एवं दिये गये निर्देशो का अनुपालन करना अनिवार्य होगा।
9. उपरोक्त निदेर्शो का अनुपालन नही किये जाने की स्थिति में संबंधित विज्ञापनदाता व्यक्ति/ऐजेन्सी के विरूद्व झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम 2011 एवं Jharkhand Local Bodies Advertisement Regulation, 2017 की सुसंगत धाराओं के तहत कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।
10. उपरोक्त सभी प्रावधान तत्काल प्रभाव से लागू किये जाते है।

प्रशासक
नगर निगम हजारीबाग।

PR.NO.305295 Urban Development and Housing(23-24):D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, सिमडेगा**

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – प0नि0वि0/सिमडेगा/03/2023–24, दिनांक 22.08.2023**

1. विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल सिमडेगा।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– 06.09.2023 से 08.09.2023 को कार्यालय अवधि में।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 11.09.2022 को अपराह्न 3.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 11.09.2022 को अपराह्न 3.30 बजे।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– क)मुख्य अभियंता (यातायात) का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड, अभियंत्रण छात्रावास, गोल चक्कर, धुर्वा, राँची। ख)अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ अचंल, राँची। ग)कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, सिमडेगा।
6. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– क्रमांक 5 में उल्लेखित स्थानों पर।
7. कार्य की विवरणी :–

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राषि (लाख में) | अग्रधन की राषि (रूपया में) | परिमाण विपत्र का मुल्य (रूपया में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | कोलेबिरा–गॉंगूटोली–जामडीह पथ के कि0मी0 22वें में हाफ गैन्ट्री का अधिष्ठापन कार्य। | 7.00 | 14,000.00 | 1250.00 | 30 दिन |
| 2. | कोचेडेगा–रामरेखाधाम–छत्तीसगड़ सीमा तक पथ में सड़क सुरक्षा संबंधित कार्य। | 25.00 | 50,000.00 | 5000.00 | 30 दिन |
| 3. | पथ प्रमण्डल, सिमडेगा अंतर्गत विभिन्न पथों में Yellow Blinker का अधिष्ठापन कार्य। | 5.00 | 10,000.00 | 750.00 | 30 दिन |
| 4. | कैरबेड़ा–बानाबीरा–बकरीकोना–कोंडरा पथ के कि.मी. 0 में (कैरबेड़ा चौक पर) हॉफ गैन्ट्री का अधिष्ठापन कार्य। | 7.00 | 14,000.00 | 1250.00 | 30 दिन |
| 5. | सिमडेगा–रेंगारी–केरसई–बोलबा–उड़ीसा सीमा तक पथ के कि.मी. 1 एवं 32वें में पैभर ब्लॉक लगाने का कार्य। | 20.00 | 40,000.00 | 5000.00 | 30 दिन |
| 6. | कोचेडेगा–रामरेखाधाम–छत्तीसगड़ सीमा तक पथ एवं फ्लैंक की साधारण मरम्मति कार्य। | 20.00 | 40,000.00 | 5000.00 | 60 दिन |
| 7. | सिमडेगा–जलडेगा–हुरदा–गिरदा–मनोहरपुर तक पथ में पुल पुलिया की मरम्मति एवं रेलिंग निर्माण कार्य। | 20.00 | 40,000.00 | 5000.00 | 60 दिन |
| 8. | सिमडेगा–सेवई–किनकेल–कुरडेग –कुटमाकच्छार छत्तीसगढ़ सीमा तक पथ के कि.मी. 26, 29, 37,38 एवं 46वें में अवस्थित पुल का मरम्मति एवं रंगाई पुताई कार्य। | 25.00 | 50,000.00 | 5000.00 | 45 दिन |
| 9. | कुरडेग(MDR-044) – करमडीह –गरियाजोर– छत्तीसगढ़ सीमा तक पथ के कि.मी. 10वाँ में अवस्थित पुलिया 2x44 मी0 आर.सी.सी रैलिंग का निर्माण कार्य। | 3.00 | 6,000.00 | 750.00 | 30 दिन |
| 10. | सिमडेगा–सेवई–किनकेल–कुरडेग –कुटमाकच्छार छत्तीसगढ़ सीमा तक पथ के कि.मी. 8.00 में शंख नदी पर अवस्थित पुल का मरम्मति एवं रंगाई पुताई कार्य। | 7.00 | 14,000.00 | 1250.00 | 30 दिन |

1. निविदा की शर्त्ते कार्यालय के सूचना पट पर देखी जा सकती है, जिसका अनुपालन अनिवार्य होगा।
2. प्राक्कलित एवं अग्रधन की राशि घट–बढ़ सकती है, जो कि परिमाण विपत्र बिक्री के समय देखा जा सकता है।
3. परिमाण विपत्र का मूल्य भारतीय स्टेट बैंक द्वारा जारी बैंक ड्राफ्ट के रूप में ही स्वीकार्य होगा, जो निविदा आमंत्रण तिथि के बाद जारी की गई हो तथा किसी भी परिस्थिति में लौटाया नहीं जाएगी एवं बैंक ड्राफ्ट कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, सिमडेगा के पदनाम से हो।
4. पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड सरकार में निबंधित संवेदकों के लिए युकेन निबंधन आवश्यक है।
5- PWD कोड में संशोधन के फलस्वरूप 10 प्रतिशत न्यूनतम दर की अधिसीमा समाप्त कर दी गई है।
6. वित्तीय वर्ष 2022–23 गैर–योजना मद अंतर्गत अपूर्ण कार्य करने वाले संवेदकों को निविदा प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जायेगी।

कार्यपालक अभियंता
पथ निर्माण विभाग पथ प्रमंडल सिमडेगा।

PR 305378 Road(23-24)D

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 24 अगस्त, 2023
www.azadsipahi.in


# केंद्र सरकार से सप्लाई कटौती का होने लगा असर, राज्य में गरीबों के राशन पर संकट

संतोष सिन्हा

**बालूमाथ (आजाद सिपाही)।** झारखंड में एक करोड़ 25 लाख से अधिक लाभुकों को अगस्त महीने में मिलने वाले राशन पर संकट है। इसका मूल कारण है कि केंद्र ने राज्य को मिलने वाले अनाज में से 74 हजार मीट्रिक टन की कटौती कर दी है। अगस्त महीने के लिए निर्धारित खाद्यान्न के कुल आवंटन लगभग 1,46,000 मीट्रिक टन के विरूद्ध 74 हजार मीट्रिक टन की कटौती कर ली गयी है। इसकी वजह से राज्य के आधे से अधिक लाभुक को खाद्यान्न नहीं मिल पायेगा। आंकड़ों के अनुसार राज्य में 2.79 करोड़ लाभुकों को केंद्र अनाज देता है। इस बार करीब 50 फीसदी की कटौती कर दी गयी है। ऐसे में करीब सवा करोड़ लोगों को अनाज मिलने पर संकट गहरा गया है। झारखंड के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री रामेश्वर उरांव ने भी स्वीकार किया है कि 74 हजार मीट्रिक टन अनाज की कटौती से राज्य के समक्ष यह संकट खड़ा हो गया है। केंद्र का कहना है कि झारखंड को यह अनाज पहले ही आवंटित कर दिया गया है। लेकिन अनाज वितरण का पोर्टल बताता है कि 74 हजार टन अनाज बांटा ही नहीं गया। मंत्री रामेश्वर उरांव के मुताबिक यह आंकड़ा 57 हजार मीट्रिक टन होना चाहिए। राज्य सरकार केंद्र के राशन कटौती के आंकड़े को विवादास्पद मानती है। जानकारी के मुताबिक केंद्र की ओर से बताया गया है कि वर्ष 2022 में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना अंतर्गत केंद्र सरकार द्वारा उपलब्ध कराये गये खाद्यान्न का संपूर्ण वितरण नहीं हुआ है। इस योजना अंतर्गत शेष खाद्यान्न झारखंड में बचा हुआ है। बचे खाद्यान्न की कटौती की गई है। राज्य के सामने यह जांच का विषय है कि योजना के तहत बचे हुए खाद्यान्न कहां हैं। अनाज का पूर्ण वितरण नहीं किए जाने के लिए कौन जिम्मेवार है। राज्य के खाद्य आपूर्ति मंत्री डा. रामेश्वर उरांव का कहना है कि केंद्र का दावा सही भी हो सकता है। लेकिन राज्य सरकार के पास जो आंकड़ा है। उसके अनुसार 57 हजार मीट्रिक टन खाद्यान्न की कटौती होनी चाहिए थी। खाद्यान्न के आंकड़ों में यहां अंतर है। मंत्री ने कहा कि वे केंद्र से बात करेंगे कि एक साथ न कटौती की जाये। किश्तों में यह खाद्यान्न काटा जाए। राज्य सरकार कोशिश करेगी कि किसी तरह लाभुकों तक अनाज पहुंचाया जाये। राज्य सरकार इस समस्या को दूर करने के लिए हर संभव प्रयास करेगी।

### केंद्र सरकार 2.79 करोड़ लाभुकों को देती है अनाज




राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन और राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के तहत राज्य की कुल जनसंख्या का 84.71 प्रतिशत अर्थात 2.79 करोड़ लाभुकों को खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाता है। खाद्य सुरक्षा मिशन के अंतर्गत हर महीने 1,46,000 मीट्रिक टन खाद्यान्न आवंटन दिया जाता है। मगर इसके विरुद्ध इस माह के लिए 18 अगस्त तक मात्र 29,917 मीट्रिक टन खाद्यान्न का वितरण हो पाया है। इस प्रकार अगस्त में अभी तक 1,16,000 मीट्रिक टन खाद्यान्न का वितरण 18 अगस्त तक नहीं हो पाया है। जिसका असर लातेहार ,पलामू सहित राज्य के सभी जिलो मे देखे जा रहे है। वही गरीबो के घरो मे राशन सामग्री के वीना चुल्हा भी बंद है। बालूमाथ प्रखंड के सभी पंचायतो मे भी इसका प्रभाव देखे जा रहे है।

## एनएनएम की छात्रा के साथ छात्रवृत्ति के नाम पर हो रही वसूली

# पीड़ित महिला ने ओडियो किया जारी, कार्रवाई करने की मांग

**पहाड़ी नर्सिंग ट्रेनिंग स्कूल से । मिल रही धमकी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार झारखंड के हेमंत सोरेन के सरकार में आदिवासी छात्रा के साथ छात्रवृत्ति के नाम पर अवैध वसूली करने का मामला प्रकाश में आया था। अब कंप्लेन वापस लेने के लिए मिल रहा है। धमकी लातेहार प्रखंड के दुगिला गांव की महिला सुगन्ति कुमारी व मुनिता कुमारी ने मुख्यमंत्री और, उपायुक्त रांची, स्वास्थ्य सचिव व निदेशक प्रमुख रांची, जिला कल्याण पदाधिकारी रांची को आवेदन देकर बताई है। कि पहाड़ी नर्सिंग ट्रेनिंग स्कूल ओरमांझी के संचालक विजय कुमार व रेणु कुमारी ने पंद्रह हजार रुपये की डिमांड की जा रही है ।लेकिन अभी तक स्कूल के ऊपर कोई भी करवाई नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि ट्रेनिंग स्कूल में 134 एएनएम छात्रा से छात्रवृत्ति के नाम से आएं हुए राशि से पंद्रह



हजार रुपये अवैध वसूली की जा रही है। इसके साथ ही जो एएनएम छात्रा पैसे देने से इंकार कर रही है। तब इन दोनों छात्रा को परीक्षा में फेल करने व कैरियर बर्बाद करने की धमकी दी जा रही है ।सुगंती कुमारी ने बताया कि कॉलेज के रेनू मैम बोलती है कि हम जिसको जिसको बोलेंगे उसको उसको छेड़छाड़ का और रेप का झूठा केस करना होगा तब जाकर हम तुमको परीक्षा में पास करवाएंगे नहीं तो तुम्हारा कैरियर बर्बाद होना तय है रेनू कुमारी एवं विजय सिन्हा का कहना यह भी है कि मेरा पहुंच बहुत ऊपर तक है। महिला ने एक ओडियो रिकार्डिंग जारी कर कहा है कि पैसे के लिए दबाव बनाया जा रहा था। तो मैं डर से पैसा दे भी दी है। आदिवासी समाज से आने वाली महिला अभी डरे व सहमे हुई है। मुनिता कुमारी और सुगंती कुमारी से कुछ सादे कागज में रेनू कुमारी एवं विजय सिन्हा हस्ताक्षर भी करवा ली है। महिला ने कोर्ट से एफिडेविट करवाकर पहाड़ी नर्सिंग ट्रेनिंग स्कूल ओरमांझी के संचालक के विरुद्ध दिया गया है। इसके बावजूद भी हेमंत सोरेन के सरकार में एक आदिवासी महिला को इंसाफ नहीं मिल रहा है। महिला ने अपने हक की लड़ाई को लेकर डीसी से लेकर मुख्यमंत्री तक गुहार लगा चुकी है। लेकिन महिला को सिर्फ आश्वासन के सिवाय कुछ नहीं मिला है। महिला ने संचालक पर कार्रवाई करने को लेकर आस जगाएं हुए बैठी हुई है। अब देखना होगा कि संचालक पर सरकार कारवाई करती है या करवाई के नाम पर लीपापोती होता है।

## चंद्रयान-3 के सफल लैंडिंग के लिए पूजा-अर्चना



**लोहरदगा।** चंद्रयान-3 के सफल लैंडिंग के लिए बुधवार की सुबह बरवाटोली चौक स्थित प्रसिद्ध मनोकामना सिद्धि दुर्गा मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना व हवन की गयी। अनुष्ठान के माध्यम से चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई. इस दौरान उपस्थित भक्तों ने चंद्रयान-3 के सफलतापूर्वक लैंडिंग के लिए माता रानी से प्रार्थना की। मंदिर समिति के अध्यक्ष रमेश कुमार साहू ने कहा कि आज बहुत ही ऐतिहासिक पल है। आज देश का सिर पूरे विश्व के सामने गर्व से ऊंचा उठ गया है। हम सभी माता रानी से प्रार्थना कर रहे हैं. यदि माता रानी की कृपा रही तो निश्चित रूप से हम सफल होंगे। कहा कि यह देश के गौरव का क्षण है. सभी की निगाह इस समय चंद्रयान-थ्री के सफल लैंडिंग को लेकर टिकी हुई है। यह अभियान हमारे देश के गौरव को और भी बढ़ने का काम करेगा। पूजा अनुष्ठान के दौरान संरक्षक शंभू साहू, कोषाध्यक्ष आशीष अग्रवाल, लवकुश अग्रवाल, अनीश अग्रवाल, सुमित कुमार समेत काफी संख्या में महिलाएं, बच्चे, युवा और अन्य मौजूद थे. गौरतलब है कि लोग चंद्रयान-3 मिशन से जुड़ी पल-पल की खबर पर नजर बनाए हुए हैं।

## नि:शुल्क मेगा मेडिकल चेकअप कैंप का आयोजन

**लोहरदगा।** कल्याण अस्पताल हेसल बसारडीह संचालित विकास भारती बिशुनपुर एवं भगवान महावीर मेडिका सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल रांची के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 26 अगस्त 2023 दिन शनिवार को कल्याण अस्पताल हेसल बसारडीह लोहरदगा में निशुल्क मेगा मेडिकल चेकअप हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया है। जिसमें मेडिका हॉस्पिटल रांची के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ रोहित कुमार डीएम नस रोग विशेषज्ञ न्यूरोलॉजिस्ट डॉक्टर अमित कुमार एमसीएच न्यूरो सर्जरी नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर आनंद दिया अनुराधा और जनरल फिजिशियन डॉ केसी लाल मरीजों का निशुल्क स्वास्थ्य जांच करेंगे। इस स्वास्थ्य जांच शिविर में ग्रामीण जनता निशुल्क ईसीजी जांच, ब्लड प्रेशर, शुगर मधुमेह, स्त्री रोग, हड्डी रोग आदि का इलाज करा सकेंगे। उक्त जांच शिविर में मरीजों का मुफ्त में पैथोलॉजिकल टेस्ट एवं दवा वितरण किया जाएगा। यह जांच शिविर शनिवार सुबह 10:30 बजे से प्रारंभ हो जायेगा। आम जन अस्पताल में पूर्व में अपना पंजीयन करा सकते हैं। जांच शिविर में कैंसर से संबंधित रोग का भी चिकित्सा परामर्श दिया जायेगा।

## हर्षोल्लास के साथ मनायी तुलसीदास जयंती



**सेन्हा-लोहरदगा।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सेन्हा में बुधवार को रामचरित मानस के रचयिता गोस्वामी तुलसीदास जयंती मनाया गया। कार्यक्रम से पूर्व विद्यालय प्रबंधनकरिणी समिति के उपाध्यक्ष सुदेश्वर साहू, संरक्षक रामलाल महतो एवं प्रधानाचार्य विमलेश कुमार तिवारी के द्वारा संयुक्त रूप से भारत माता, ॐ और सरस्वती जी का चित्र पर द्विप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। गोस्वामी तुलसी दास के चित्र पर पुष्पार्चन किया गया. वही प्रधानाचार्य बिमलेश कुमार तिवारी ने तुलसीदास के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा ही जन जन में लोकप्रिय और समाज को सही दिशा देने के लिए समग्र विचारक थे। सुदेश्वर साहू ने कहा की तुलसीदास जी के कारण ही आज हिंदुओ का पवित्र धर्म ग्रन्थ रामचरित मानस घर घर मे है। तुलसीदास जी रामचरित मानस में भगवान राम का सम्पूर्ण जीवनी को उद्धरित किया है। जो अतुलनीय है। साथ ही विद्यालय के भैया बहनों ने गोस्वामी तुलसी के जीवनी पर विशेष प्रकाश डालते हुए बहुत ही उत्साहपूर्वक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। संरक्षक रामलाल महतो ने कहा कि रामचरित मानस भारतीय भाषाओं में ही नही विश्व की सर्वाधिक भाषाओं में गद्य पद्य दोनों विधा में कई कई बार अनुवादित हो चुका है। महापुरुषों की जीवनी मानने से छात्र छात्राओं और बच्चो में कर्तव्यनिष्ठ, अनुशासन, दायित्व बोध का ज्ञान प्राप्त होता है। जयंती के उपरांत भैया बहनों के बीच प्रसाद वितरण किया गया।

## घाटी में ऑटो पटली, चार घायल



**महुआडांड।** महुआडांड थाना क्षेत्र के ग्राम सोहरपाठ से सुबह लोगों से भरी ऑटो वाहन बांस खुखड़ी बिछने के लिए बारेसाढ़ जंगल व हेनार जंगल गारू जा रहे थे। इस क्रम में बारेसाढ़ घाटी में मोटरसाइकिल को बचाने के क्रम में असंतुलन हो कर पटल गयी। जिसमें महिला जमनी देवी पति सुर्या कंवर उम्र 65 वर्ष, नंदन कंवर पिता पण्डा कंवर, भीम कंवर पिता पुरानेसाए कंवर, सुखदेव खेरवार सहित अन्य 11 लोग आशिंक रूप से घायल हुए। लोकल प्रशासन व ग्रामीणों के मदद से सभी घायलों को महुआडांड सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भेजा गया। जहां जमनी देवी गंभीर रूप से घायल है। वही नंदन कंवर का दायां पैर टूट गया है। साथ ही ऑटो वाहन चालक भीम कंवर व सुखदेव खेरवार को गंभीर रूप से चोट लगी है। सभी को प्रथामिक उपचार के बाद प्रभारी डॉक्टर अमित खलखो द्वारा बहेतर इलाज के लिए लातेहार रेफर कर दिया गया है।

## महुआडांड़ रामपुर स्थित दीप्ति हॉस्पीटल चल रहा है झोलाछाप डाक्टर के सहारे

# हॉस्पीटल संचालक निकेत पर आपराधिक मुकदमा हो दर्ज: अभय

### हॉस्पीटल संचालक निर्धारित किये गये मानको को ठेंगा दिखा संचालित कर रहे हैं निजी हॉस्पीटल

आजा सिपाही संवाददाता

**महुआडांड।** प्रखण्ड मुख्यालय स्थित दीप्ती हॉस्पीटल के संचालक निजी हॉस्पीटल खोलने के लिए तय किए गये मानको को अनदेखा कर मनमाने तरीके से हॉस्पीटल चला कर लोगों की जिंदगी के साथ खेलवाड़ कर रहा है। इस संबंध में लोगों ने बताया कि दीप्ती हॉस्पीटल के संचालक निकेत कुमार के पास न तो मेडिकल स्टोर का लाईसेंस है और न ही प्रशिक्षण प्राप्त किये हुए डाक्टर, नर्स और स्टॉफ। संचालक के द्वारा हॉस्पीटल में एक्स-रे मशीन, ऑपरेशन ठियेटर, लैब, आदि तो स्थापित कर लिया गया है परन्तु प्रशिक्षण प्राप्त किये हुए एक भी स्टॉफ नही है। इनका ऐसे करने वाले सभी झोलाछाप। ऐसे में मरीज जिदंगी बचेगी या जायेगी। वहीं इलाज के नाम पर मरीजों से अनाप-शनाप पैसा भी लिया जा रहा है। लोगों ने दीप्ती हॉस्पीटल के संचालक निकेत कुमार पर लातेहार उपायुक्त एवं सिविल सर्जन से जाचोंपरांत कार्रवाई करने की मांग की है।



**छापेमारी होने पर बंद कर फरार हो जाता है संचालक।**
लोगों ने बताया कि अवैध संचालकों के विरुद्ध छापेमारी के दरम्यान दीप्ती हॉस्पीटल के संचालक निकेत कुमार हॉस्पीटल बंद कर फरार हो जाता है। राज्य के स्वास्थ्य सचिव और लातेहार सिविल सर्जन के निर्देश के आलोक में पूर्व मे भी एसडीएम नीत निखिल सुरीन, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. अमित खलखो और अन्य प्रशासनिक पदाधिकारी बिना कागजात के निजी प्रैक्टिस करने वाले चिकित्सकों के विरुद्ध महुआडांड थाना पुलिस के सहयोग से छापेमारी अभियान चलाया गया था। अभियान के क्रम में महुआडांड स्थित कई क्लीनिकों में छापेमारी की गयी थी और निजी क्लीनिक खोलकर निजी प्रैक्टिस करने वाले तथाकथित डाक्टरों से कागजात की मांग की गयी। प्रशासन के द्वारा अचानक किये गये छापेमारी अभियान से क्लीनिक खोलकर निजी प्रैक्टिस करने वाले तथाकथित डाक्टरों में हडकंप मच गयी थी। कई तथाकथित डाक्टरों ने तो अपने क्लीनिक में बाकायदा ताला लगा दिये थे बाद मे मामला ठंडा होने पर पुनः खोल दिए। **हॉस्पीटल खोलने के लिए इन मानको को पुरा किया जाना है अनिवार्य।** कंही भी निजी हॉस्पीटल खोलने के लिए संचालक को कई मानकों को पूरा करना आवश्यक होता है। इस संबंध में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महुआडांड के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. अमित खलखो ने बताया कि प्रशिक्षण प्राप्त किये हुए डाक्टर, नर्स और स्टॉफ की आवश्यकता पड़ती है। एक्स-रे मशीन, ऑपरेशन ठियेटर, लैब, आदि चलाने के लिए प्रशिक्षित स्टॉफ की आवश्यकता होती है। डा. अमित खलखो ने बताया कि दीप्ती हॉस्पीटल की जांच की जायेगी और नियम सम्मत कारवाई की जायेगी।

### क्या कहते हैं 20सूत्री अध्यक्ष अभय मिंज

सरकार द्वारा निर्धारित किये गये मानको को ठेंगा दिखा कर संचालन कर रहे दीप्ती हॉस्पीटल के संचालक निकेत कुमार को लेकर 20सूत्री अध्यक्ष सह प्रखंड उपप्रमुख अभय मिंज ने इसे गंभीरता से लेते हुए कहा कि ये गलत है। संचालक निकेत कुमार पर अपराधिक मुकदमा दर्ज किया जाना चाहिए। श्री मिंज ने लातेहार उपायुक्त, लातेहार सिविल सर्जन एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी से हॉस्पीटल की गहन जांच कर कार्रवाई करने की मांग कि है।

## शिलान्यास विकास योजनाओं में पूरी तरह पारदर्शिता बरती जायेगी: कन्हाई सिंह



**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड के छिपादोहर पूर्वी क्षेत्र में बुधवार को जिला परिषद मद से 15वीं वित्त आयोग राशि से छिपादोहर उप स्वास्थ्य केंद्र मरम्मत कार्य का शिलान्यास किया गया। कार्यक्रम में पूर्वी जिला परिषद सदस्य कन्हाई सिंह,मुखिया बेरनिका कुजूर व अन्य अतिथियों द्वारा वैदिक मंत्र उच्चारण के बीच पूजन व बारी बारी से नारियल फोड़कर संपन्न होने के बाद शीलापट का अनावरण किया गया ।मौके पर जिला परिषद सदस्य कन्हाई सिंह ने कहा कि पूर्वी क्षेत्र में जिला परिषद मद द्वारा सर्वप्रथम कार्य कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में कराया जाने वाली सभी विकास कार्यों में पूर्ण पारदर्शिता बरती जाएगी ।इसी का परिणाम है कि शीलापट्ट मे प्राक्कलन राशि 937770 रुपये और मजदूरीदर 326.85 अंकित किया गया कि जबकि इससे पूर्व क्षेत्र में कराया जाने वाले किसी भी योजनाओं में प्राक्कलन राशि का जिक्र नहीं किया जाता था। जिससे लोगों में भ्रम की स्थिति कायम रहता था। पूर्वी जिला परिषद सदस्य ने कहा कि पूर्वी क्षेत्र के सभी पंचायत में विकास योजनाओं में तेजी लाया जायेगा जिसकी शुरूआत आज हो गयी है।

## योजना के निर्माण कार्य से ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट से लोगों को मिलेगी निजात : सुखदेव उरांव



**कैरो (लोहरदगा)।** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 22 अगस्त मंगलवार को जिला परिषद सद्स्य सुखदेव उरांव, प्रखंड प्रमुख राम उरांव, जिप उपाध्यक्ष विनोद उराँव ने हनहट ग्राम मे गोविंद महतो के घर के पास ग्रामीण पाईप-लाईन जलापूर्ति योजना के तहत डीप बोरिंग योजना का रखा गया आधारशिला। मौके पर उपरोक्त सम्मानित लोगो के द्वारा आधारशिला का विधिवत रुप से पूजन कर नारियल फोड़ कर योजना निर्माण कार्य का रखा गया आधारशिला। वही इस अवसर पर प्रखंड क्षेत्र से जिला परिषद सदस्य सुखदेव उरांव ने कहा कि 15 वीं वित्त आयोग मद से योजना का प्राक्कलित राशि 1165819/-रुपए के लागत से पाईप लाईन जलापूर्ति योजना के तहत डीप बोरिंग निर्माण कार्य की आधारशिला रखी जा रही है। यह योजना हनहट ग्रामीणो की बहूप्रतिक्षित मांग थी जिसे आज पुरा किया जा रहा है, अब इस आस-पास लोगों को पेय जल संकट से निजात मिलेगी।

## नेतरहाट: लेवी को लेकर नक्सली संगठन टीपीसी ने पानी टंकी निर्माण कार्य पर लगायी रोक

# खौफ के कारण दो महीने से कार्य पूरी तरह ठप

आजाद सिपाही सवांददाता

**महुआडांड़।** नक्सली संगठन टीपीसी के भय से पिछले दो महीने से पीएचईडी विभाग से प्रर्यटन नगरी। नेतरहाट मे बन रहे पानी टांकी, इटकवेल, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, के स्टाफ क्वार्टर का निर्माण कार्य बंद पड़ा है। इस संबंध मे मिली जानकारी के अनुसार पीएचईडी विभाग के पेयजल आपूर्ति योजना के तहत नेतरहाट तालाब के समीप बन रहे उक्त योजना को गत 13 जून 2023 को निर्माण कार्य स्थल के पास टीपीसी संगठन ने पोस्टर लगा कार्य बंद



करने के निर्देश दिया था। तब से लेकर अभी तक निर्माण का कार्य संवेदक के द्वारा बंद कर रखा गया है। उक्त कार्य सेप्टरा पीओ और जेवी शिवा कांत मिश्रा नामक दो कंपनी मिलकर कर रहे हैं। कार्य 2024 तक पूर्ण करना था लेकिन संवेदक द्वारा अब तक 50% भी कार्य नहीं किया जा सका है। चिपकाये गये पोस्टर मे ठेकेदारों को चेतावनी जारी करते हुए लिखा गया है कि क्षेत्र मे हो रहे कार्य बिना संगठन को माईनेज किये बिना न करें अन्यथा फौजी कार्रवाई की जायेगी। पोस्टर मे चोर, दलाल को भी होशियार करते हुए लिखा गया है कि संगठन का नाम बेचकर कार्य न करें अन्यथा गोली खाने को तैयार रहें। इस संबंध में पूछे जाने पर नेतरहाट थाना प्रभारी बंधन भगत ने बताया कि उन्हें मामले की जानकारी नहीं है, लेकिन फिर भी वह अपने स्तर से मामले की जांच कर रहे है। बता दें कि साल 2022 से ही नेतरहाट क्षेत्र में नक्सली धीरे-धीरे एक बार फिर दहशत फैलाने में जुट गए हैं। लंबे अरसे तक शांत रहने के बाद इस वर्ष नक्सली जिले में विकास कार्यों में लगे मुंशी के साथ मारपीट की घटना को अंजाम दे चुके हैं। साथ ही एक व्यक्ति की जान भी ले चुके है। वहीं इस संबंध में ठिकेदार एवं पीएचईडी विभाग के जेई से संपर्क स्थापित करने के लिए फोन भी किया गया पर फोन रिसीव नही किये जाने के कारण बात नही हो पायी।

## बिजली बिल वसूली शिविर में लगभग एक लाख रुपये राजस्व की हुई प्राप्ति



**किस्को/लोहरदगा।** जिले के किस्को प्रखंड क्षेत्र में बिजली उपभोक्ताओं को सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ दिलाने हेतु विद्युत अवर प्रमंडल कुडू लोहरदगा की ओर से महीने के हर 23 तारीख को परहेपाट पंचायत सचिवालय के समीप शिविर लगाकर बिजली बिल वसूली कैंप लगाया जाता है। इसी तरह पतरातु सब स्टेशन में महीना के 28 तारीख को बिजली बिल वसूली शिविर लगाकर बकाया बिजली बिल वसूली की जाती है। इसी निमित्त बुधवार को किस्को थाना के बगल पर स्थित पंचायत सचिवालय परहेपाट के प्रांगण में शिविर आयोजित कर क्षेत्र के बिजली बिल बकाया राशि की वसूली की गयी। बिजली कर्मियों ने बताया कि किस्को थाना के समीप पर स्थित परहेपाट पंचायत सचिवालय प्रांगण में लगाये गये बिजली बिल वसूली शिविर में लगभग 70 कंजूमर के द्वारा अपना बिजली बकाया बिल राशि भुगतान किया गया।

## एनएच 143 ए में कुडू मुख्य बाजार गेट पर बना जानलेवा गड्ढा, आये दिन हो रही दुर्घटनाएं



**कुडू-लोहरदगा।** एनएच 143 ए कुडू-लोहरदगा मुख्य मार्ग में इंदिरा गांधी चौक के नजदीक साप्ताहिक बाजार के मुख्य गेट के सामने बीच सड़क पर बने जानलेवा गड्ढे इन दिनों राहगीरों के लिए परेशानी का सबक बना हुआ है । आए दिन इस गड्ढे में दो पहिया वाहन दुर्घटना होते रहती है । इस जानलेवा गड्ढा में बाजार ताड गेट का नाली का गंदा पानी हर समय भरा रहता है । जिसका दुर्गंध से आस-पास के लोगों का जीना मुहाल हो गया है। अब तक कई दुर्घटनाएं हो चुकी है। कुडू-लोहरदगा रोड निर्माण योजना के तहत कुडू में बन रहे रोड और नाली निर्माण कार्य भी इससे लगभग एक सौ फीट पहले तक करके पिछले दो माह से संवेदक बंद कर दिया है। ज्ञात हो कि इस सड़क से आए दिन यहां के स्थानीय विधायक राज्य के वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव का काफिला सहित अन्य नेता मंत्री रोड में बने इसी जानलेवा गड्ढे को पार कर गुजरते रहते है लेकिन अभी तक किसी भी जनप्रतिनिधियों का ध्यान इस पर नहीं दिया है। अगर समय रहते जल्द इस गड्ढे को नही भरा गया तो कभी भी गंभीर दुर्घटना से इंकार नही किया जा सकता है।

## खनन टास्क फोर्स और एनजीटी की बैठक



**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में खनन टास्क फोर्स और एनजीटी की बैठक आयोजित हुई। बैठक में सर्वप्रथम बीते 15 दिनों में अवैध बालू उठाव, परिवहन, खनन संबंधी थाना स्तर से की गयी कार्रवाई की समीक्षा की गयी। प्रखण्डवार कार्रवाई व राजस्व संग्रहण की समीक्षा की गयी। सभी थाना प्रभारियों को निदेश दिया गया कि नियमित रूप से अवैध बालू उठाव/परिवहन, चिप्स-पत्थर का अवैध खनन/परिवहन, बॉक्साईट का अवैध खनन/परिवहन संबंधी जांच का कार्य किया जाय। साथ ही, उठाव संबंधी चालान की भी जांच की जाय। एनजीटी अंतर्गत जारी आदेश का अक्षरश: पालन करने का निदेश सभी पदाधिकारियों/अंचल अधिकारियो/थाना प्रभारियों को दिया गया।

## दो लाभुकों के बीच बोलेरो और ट्रैक्टर वाहन वितरित



**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण और पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार द्वारा मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना अंतर्गत दो लाभुकों के बीच बुधवार को समाहरणालय परिसर में वाहन का वितरण किया गया। इस दौरान दोनों अधिकारियों द्वारा वाहन की चाभी भी लाभुकों को सौंपी गई। मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना अंतर्गत बराटपुर ग्राम निवासी रमेश उराँव को चौपहिया वाहन बोलेरो और अंबेरा ग्राम निवासी रीतिक कुमार को ट्रैक्टर वाहन प्रदान किया गया है। मौके पर आईटीडीए परियोजना निदेशक अरविंद कुमार लाल, जिला कल्याण पदाधिकारी नारायण राम समेत अन्य उपस्थित थे।

## चार मतदान केंद्रों की युक्तिकरण संबंधी बैठक



**लोहरदगा।** उपायुक्त-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में 72-लोहरदगा के नगर परिषद, लोहरदगा अंतर्गत चार मतदान केंद्रों के युक्तिकरण संबंधी बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में चार मतदान केंद्र संख्या 259, 262, 274 और 286 का युक्तिकरण किये जाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

## जंगली हाथी से पीड़ित लाभुकों को वन विभाग ने मुआवजा का चेक सौंपा



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के रुकी पंचायत सचिवालय में रुकी गांव में जंगली हाथी से क्षतिग्रस्त घर व फसल पीड़ित लाभुकों को वन विभाग द्वारा बुधवार को दिन के ढाई बजे मुआवजा चेक के माध्यम से दिया गया। इस क्रम में प्रखंड प्रमुख सविता देवी, पूर्व उपप्रमुख कृष्ण कुमार लोहरा व विभाग के कर्मी द्वारा संयुक्त रूप से रुकी पंचायत अंतर्गत 10 पीड़ितों के बीच चेक का वितरण किया। चेक लेने वाले ग्रामीणों में घुमा उरांव, आनंदित होरो, बंधना उरांव, सेवानी होरो, हेरमेंईन बाड़िग, बासुदेव उरांव, दानियल होरो, हिरामुनि होरो, फुलमनी होरो, नमलेन तोपनो के नाम शामिल हैं। वहीं अन्य बचे पीड़ितों को भी जल्द मुवावजा मिलने की बात विभाग द्वारा कही गयी। मौके पर प्रखंड प्रमुख सविता देवी ने कहा कि कुछ दिन पूर्व जंगली हाथी के उत्पात से कई घरों को नुकसान पहुंचा था। कई लोगों की फसल भी बर्बाद हुई थी। जिससे लोगों को काफी नुकसान हुआ। विभाग द्वारा मुआवजा मिलने से लोगों को राहत मिलेगी। इस मौके पर कई ग्रामीण महिला-पुरुष उपस्थित थे।

## पंडरिया गांव में 16 पोल से लगभग डेढ़ लाख रुपये के बिजली तार की हुई चोरी

**गुमला (आजाद सिपाही)।** कुलाबीरा पंचायत के पंडरियां गांव के 16 बिजली के पोल का तार काट कर अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली। जिससे करीब 200 परिवार पूरी तरह से प्रभावित हो गये हैं। इस संबंध में बिजली विभाग के कनीय अभियंता कृष्ण कुमार ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध गुमला थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी है। जिसमें कहा गया है कि 19 अगस्त की देर रात कुलाबीरा पंचायत के पंडरिया गांव में सिसई फीडर के 11 केबी का विद्युत रेबिट तार की चोरी अज्ञात चोरों के द्वारा कर ली गयी है। जिसकी जानकारी मुझे फोन पर गांव के विजेंद्र साहू ने दी। घटना के सत्यापन के लिये विद्युतकर्मी करण साहू को गांव भेजा गया और घटना सही पाया गया। उक्त घटना से 16 पोल का तार चोरी होने के कारण करीब डेढ़ लाख रुपये का राजस्व की क्षति हुई है। उन्होंने अज्ञात चोर के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की।

## पत्नी के साथ मारपीट और जहर देने के बाद इलाज के क्रम में मौत मामले में पति गिरफ्तार



**गुमला (आजाद सिपाही)।** कामडारा थाना क्षेत्र के गांव कोंडेकेरा में पत्नी के साथ मारपीट व जहर देकर हत्या करने के आरोप में पुलिस ने पति को गिरफ्तार कर गुमला जेल भेज दिया। जानकारी के मुताबिक कामडारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव कोंडेकेरा में विगत 18 अगस्त को कोंडेकेरा निवासी एरावत ओहादार किसी बात को लेकर अपनी पत्नी प्रियंका देवी के साथ मारपीट की थी। इसमें प्रियंका देवी ने जहर का सेवन कर लिया। वहीं उसकी मौत 19 अगस्त को इलाज के लिए रांची रिम्स ले जाने के दौरान रास्ते में हो गयी। उसके बाद मृतका प्रियंका देवी की मां ने थाने में एक आवेदन सौंप कर मृतका के पति एरावत ओहदार, ससुर रामवृत ओहदार, सास विमला देवी और देवर राजकुमार ओहदार के ऊपर मारपीट करने और जबरन जहर खिलाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। वहीं कामडारा पुलिस ने बुधवार को थाने में दर्ज कांड संख्या 42/23 के तहत कांड संख्या-42/22 के प्राथमिकी अभियुक्त एरावत ओहदार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में मंडल कारा गुमला भेजा दिया।

## सुजीत टेटे को समिति का अनुमंडल प्रभारी मनोनीत किये जाने पर दी बधाई

**बसिया (आजाद सिपाही)।** आदिवासी मूलवासी किसान मजदूर बचाव संघर्ष समिति झारखंड प्रदेश के संयोजक अजीत गुड़िया के द्वारा बसिया प्रखंड के बरई निवासी सुजीत टेटे को समिति का अनुमंडल प्रभारी मनोनीत किया गया। सुजीत टेटे को अनुमंडल प्रभारी मनोनीत किये जाने पर मुख्य रूप से पीसी बड़ाईक, कल्याण टोपनो, लाखों उरांव, अमित बघवार, रोशन बरवा, प्रकाश तिर्की, सोम खड़िया, भागीरथी साहू एवं उपस्थित सभी सम्मानित कार्यकर्ताओं के द्वारा बधाई दी गयी।

**बैठक :** छत्तीसगढ़, झारखंड और उड़ीसा पुलिस की संयुक्त बॉर्डर मीटिंग आयोजित

# नक्सलियों पर नकेल कसने को लेकर बनायी गयी रणनीति

विधानसभा चुनाव 2023 शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर किया गया विचार-विमर्श

जशपुर के पुलिस अधीक्षक ने गुमला पुलिस अधीक्षक डॉ एहतेशाम बकारिब को मोमेंटों भेंट किया

आजाद सिपाही संवाददाता






**गुमला।** पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर रेंज की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय जसपुर छत्तीसगढ़ के सभागार कक्ष में जिला जशपुर छत्तीसगढ़ की सीमा से लगे झारखंड और उड़ीसा जिलों के दंडाधिकारी और पुलिस अधिकारियों के साथ संयुक्त रूप से बॉर्डर मीटिंग का आयोजन किया गया। इस मीटिंग में सभी तरह के अंतरराज्यीय अपराधी और गिरोहों पर निगरानी रखने के अलावा सीमा पर नक्सल अभियान तेज करने तथा चेकनाका लगाकर गहनता से जांच करते हुए उचित कार्रवाई किए जाने के संबंध में विस्तृत रूप से चर्चा की गई।

बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर जशपुर के पुलिस अधीक्षक द्वारा गुमला पुलिस अधीक्षक डॉ एहतेशाम बकारिब को मोमेंटों भेंट किया। इस बैठक में झारखंड छत्तीसगढ़ और उड़ीसा की पुलिस की टीम मौजूद रही। वहीं विधानसभा निर्वाचन चुनाव 2023 को लेकर गहनता से विचार विमर्श किया गया तथा चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो इसको लेकर रणनीति भी बनाई गई।

वहीं बैठक में सभी चिन्हित वारंटियों को गिरफ्तार करने का निर्देश प्राप्त हुआ। इसके अलावा तीनों राज्यों में अंतर राज्यीय गिरोह और बदमाशों की सूची जारी कर उन पर निगरानी रखने का भी निर्देश दिया गया। इसके अलावा नक्सलियों की गतिविधियों पर भी पैनी नजर रखने के अलावा छापामारी अभियान तेज कर उन पर नकेल कसने को लेकर रणनीति बनाई गई। आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर अपराध नियंत्रण के अलावा विभिन्न पहलुओं पर गहनता से विचार विमर्श किया गया। तीनों राज्यों की सीमा में गश्ती अभियान के साथ-साथ वाहनों की गहनता से जांच किए जाने को लेकर भी विचार विमर्श किया गया।

## अमित उरांव अध्यक्ष, हिमांशु केसरी सचिव एवं राजेश कुमार सिंह बने कोषाध्यक्ष

जिला स्तरीय बिरसा मुंडा पुस्तकालय एवं सावित्री बाई पुस्तकालय संचालन समिति का गठन

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** नवनिर्मित जिला स्तरीय बिरसा मुंडा पुस्तकालय एवं सावित्री बाई पुस्तकालय के संचालन समिति के लिए गठन को लेकर एक आम सभा कराई गई। जिसकी अध्यक्षता अपर समाहर्ता सुधीर कुमार गुप्ता ने की। बैठक में समाज के बुद्धिजीवी सेवानिवृत्त कर्मी समाजसेवी के साथ-साथ शहर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। संचालन हेतु कमेटी का गठन किया गया।

इस चयन प्रक्रिया में आम सभा के द्वारा पर्यवेक्षक के रूप में निवर्तमान नगर परिषद अध्यक्ष दीप नारायण उरांव को आम सभा द्वारा नियुक्त किया गया। दीप नारायण उरांव एवं प्रशासन के संयुक्त पर्यवेक्षण में अमित उरांव को अध्यक्ष हिमांशु केसरी को सचिव एवं राजेश कुमार सिंह को कोषाध्यक्ष चुना गया। सदस्य के रूप में 30 गणमान्य व्यक्तियों को रखा गया। जिसमें अरिजीत सिंह, रोज खाखा, संयुक्त देवी, विकास सिंह, कमलेश्वर भगत, अकील रहमान, सेत कुमार, पवन अग्रवाल, सीता देवी, शांति बाड़ा, हेमंत कुमार, सुशील कुमार, रॉबर्ट टोप्पो, हेमलता देवी, नरेश उरांव, नौशाद अंसारी, प्रेम एक्का, माधुरी मिंज, तबीयस डुंगडुंग, सुधीर कुजूर, सोनिया कुमारी, अनिल पन्ना, प्रवीण तिर्की, विश्वनाथ उरांव प्रेम रोज मिंज, खुदी भगत, छोटे लाल उरांव, रमेश सिंह के नाम शामिल हैं।

सभी उपस्थित प्रबुद्ध जनों ने नव नियुक्त अध्यक्ष सचिव एवं कोषाध्यक्ष को शुभकामनाएं एवं बधाइयां दी। सभा में अंचलाधिकारी सदर एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी सदर के साथ-साथ प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

## घाघरा में महिला सशक्तिकरण को लेकर सेमिनार आयोजित

ग्रामीण महिलाएं कृषि और वनोपज को तकनीक रूप से समझकर समृद्ध हो सकती हैं : बीडीओ

आजाद सिपाही संवाददाता




**घाघरा।** प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित पुस्तकालय में बुधवार को महिला सशक्तिकरण को लेकर सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बीडीओ दिनेश कुमार, सीओ प्रणव ऋतुराज, पुस्तकालय के अध्यक्ष अगस्टिन महेश कुजूर, सचिव अनिरुद्ध चौबे ने संयुक्त रूप से स्वामी विवेकानंद के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया।

मौके पर उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुए बीडीओ दिनेश कुमार ने कहा कि ग्रामीण महिलाएं कृषि और वनोपज को तकनीक रूप से समझकर समृद्ध हो सकती हैं। ग्रामीण महिलाओं के सशक्तिकरण से संबंधित नियमित प्रशिक्षण मिलना चाहिए। महिलाएं ग्रामीण महिलाएं कई सरकारी कार्यभार से जुड़कर आत्मनिर्भर हो रही हैं। वहीं विशिष्ट अतिथि सीओ प्रणव ऋतुराज ने कहा कि महिलाएं पुरुष की अपेक्षाकृत अधिक सफल उद्यमी साबित हुई हैं। ग्रामीण महिलाओं का समूह धीरे-धीरे आत्मनिर्भर हो रहा है। पुस्तकालय सचिव अनिरुद्ध चौबे ने कहा कि महिलाएं अब अबला नहीं सबला की ओर बढ़ रही हैं। कई क्षेत्रों में महिलाएं अपना परचम लहरा रही हैं, चाहे वह खेल का क्षेत्र हो, पढ़ाई का क्षेत्र हो या नौकरी का क्षेत्र हो। थाना प्रभारी अमित कुमार चौधरी ने कहा कि समाज की बेहतरी महिलाओं के हाथों में है। छात्राएं पढ़ाई में अधिकांश ध्यान दें।

इस मौके पर उपस्थित लोगों में अगस्टिन महेश कुजूर, भूतपूर्व निदेशक भारत सरकार आरके गुप्ता बसंत साहू सहित लोग उपस्थित थे।

**कार्यक्रम :** रायडीह प्रखंड में कांग्रेस पार्टी लीडरशिप डेवलपमेंट मिशन की बैठक आयोजित

# सक्रिय और कर्मठ कार्यकर्ताओं को आगे लाना लीडरशिप डेवलपमेंट मिशन का उद्देश्य : अध्यक्ष

लीडरशिप डेवलपमेंट मिशन के तहत सभी प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्षों का किया गया चयन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रायडीह।** प्रखंड के शंख मोड़ माझाटोली में प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष इस्माइल कुजूर की अध्यक्षता में लीडरशिप डेवलपमेंट मिशन के तहत बैठक आहुत की गई। बैठक में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष चैतु उरांव, गुमला विधानसभा कोऑर्डिनेटर पवन गौतम उपस्थित हुए।

लीडरशिप डेवलपमेंट मिशन के बारे में चर्चा कर सभी कार्यकर्ताओं को बतलाया गया और लीडरशिप डेवलपमेंट मिशन के तहत प्रखंड अध्यक्ष का चयन किया गया। जिसमें आदिवासी कांग्रेस, ओबीसी कांग्रेस, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, छात्र संघ कांग्रेस, एसी प्रकोष्ठ, सेवादल एवं सभी सेल प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष चुने गए। साथ ही विधानसभा कोऑर्डिनेटर द्वारा माला पहनाकर सभी का स्वागत किया गया।

मौके पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष चैतु उरांव ने कहा कि बूथ, पंचायत, प्रखंड, जिला स्तर पर कांग्रेसी कार्यकर्ता जो सेवा भाव से पार्टी एवं ग्रामीणों के लिए काम करते हैं जो सक्रिय हैं और आगे बढ़ नहीं पाते हैं वैसे सक्रिय सदस्यों को आगे लाना है और लीडर के रूप में उसे प्रोजेक्ट करना है। आज हम सभी ने मिलकर संगठन का विस्तार किया है, जो आने वाले दिनों में संगठन को मजबूती प्रदान करेगा।

गुमला विधानसभा कोऑर्डिनेटर पवन गौतम ने कहा कि सेल प्रकोष्ठ के सभी प्रखंड अध्यक्ष आप सभी जल्द से जल्द अपनी कमेटी बना लें, आप सभी कांग्रेस के समर्पित कार्यकर्ता हैं। आप सभी झारखंड में गठबंधन द्वारा चल रही सरकार की लाभकारी योजना को लोगों को बताने का काम करें, तभी हम मजबूत होंगे और होने वाला 2024 लोकसभा चुनाव में जीत हासिल कर सकते हैं। राहुल गांधी सदन में गरीबों की आवाज बनते हैं तो आप सभी उनके नक्शे कदम पर चलते हुए कांग्रेस पार्टी को मजबूत करें। कार्यक्रम का संचालन वारिस खान ने किया। मौके पर और काफी संख्या में कांग्रेसी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित हुए। साथ ही कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष चैतु उरांव के कार्यों से प्रभावित होकर अनिता खलखो, जयंती टोप्पो, शैलेस झा ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की।

बैठक में महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष अमृता भगत, जिला महासचिव फिरोज आलम, शाहिद अहमद, वारिस खान, सचिव अनिल साहू, तरुण गोप, नशिम ताज, कादिर अली,अनिल एक्का, आनंद राम, नोरवत कुजूर, आईजक मिंज, अशोक तिग्गा, अमृत कुजूर, मो रहमान शाह, समीर लकड़ा, सुनील तिर्की, सहुरन तुरी, जेहरु मांझी, पतरस खलको, राजेश उरांव, आसीत पोल मिंज, हिलारुस टोप्पो, मोनिका टोप्पो, चरिया उरांव, लिली ग्रेस लकड़ा, रॉबिन मिंज, अल्मा तिर्की, इग्नेशिया बरवा, प्रभा टोप्पो, रजनी लकड़ा, शांति खेस, पुष्पा मिंज, रहमत खान, किरण एक्का, अनीता उरांव, जयंती टोप्पो, अलबेत एक्का, अन्ना कुजूर, सलीम टोप्पो, नसीम खान, मोकतार खान, साविल खान, शाहमुल शाह सहित काफी संख्या में कांग्रेसी प्रदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## खिजरी विधायक ने ओरमांझी प्रखंड में रखी योजनाओं की आधारशिला

**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के अंतर्गत बरवे डहू मंडा टाड़ में मंडा खुंटा विधायक कोष से एवं ग्राम इरबा के हैदर नगर कोयलारी में पीसीसी पथ एवं आरसीसी ड्रेन पेवर ब्लॉक निर्माण हेतु दोनों योजनाओं की आधारशिला खिजरी विधायक राजेश कच्छप के द्वारा रखी गई। शिलान्यास कार्यक्रम में बरवे डहू में ग्राम प्रधान रमेश उरांव के नेतृत्व में ग्रामीणों एवं मंडा पूजा के द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। शिलान्यास कार्यक्रम में कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता सह माननीय विधायक के सलाहकार रमेश उरांव, प्रखंड अध्यक्ष तुलसी खरवार ,सुरेश प्रसाद साहू, विधायक प्रतिनिधि प्रो प्रेमनाथ मुंडा, सुनील उरांव, सफीउल्लाह अंसारी, तौहीद आलम, शिवप्रसाद साहू रहीम अंसारी, दिनेश महतो, मुबारक अंसारी, सोनाराम महतो, बलराम महतो, देवेंद्र ठाकुर, किशोर नायक, रशीद अंसारी, बाबूलाल महली, प्रदीप मुंडा, सहाबीर महतो, सुखराम उरांव ,रिजवान अंसारी, इम्तियाज ओहदार आदि शामिल थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

## सिसई में बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर व भगवान विरसा मुंडा वाटिका का उद्घाटन



**सिसई (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय परिसर में बुधवार को बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर व भगवान विरसा मुंडा वाटिका का उद्घाटन किया गया। स्थानीय विधायक जिग्गा सुसारन होरो, जिप अध्यक्ष किरण बाड़ा सहित कई जनप्रतिनिधि व पदाधिकारियों ने नवनिर्मित वाटिका में स्थापित प्रतिमाओं का विधिवत लोकार्पण-माल्यार्पण कर वाटिका का उद्घाटन किया। मौके पर जिप सदस्य विजय लक्ष्मी कुमारी, प्रमुख मीना देवी, बीस सूत्री अध्यक्ष रवि उरांव, सांसद प्रतिनिधि निरंजन सिंह, विधायक प्रतिनिधि प्रकाश उरांव, बीडीओ सुनीला खलखो, सीओ अरुणिमा एक्का, चिकित्सा पदाधिकारी ललिता मिंज, उप प्रमुख निलेश उरांव, मुखिया अलबीना देवी, सुनीता देवी, शोभा देवी, शकुन्तला देवी, अंजुमन सदर सलमान अली, पंसस अनिता उराईन, जाकीर खान, पूर्व शिक्षक पितांबर झा, मुकेश श्रीवास्तव, रोहित शर्मा, दीपक अधिकारी, शशिकांत साहू, देवेन्द्र उरांव, मनोज वर्मा, आजाद अंसारी, विपीन बिहारी झा, सचीन वर्मा, विरेन्द्र तत्वा, राजा अंसारी, जुल्फान अंसारी, वासुदेव उरांव, जयराम उरांव, रामानंद सिंह, सहित सैकड़ों लोग व प्रखंड व अंचल कर्मी उपस्थित थे।

## आम सभा कर वीर शहीद तेलंगा खड़िया पुस्तकालय संचालन समिति का गठन



**सिसई (आजाद सिपाही)।** वीर शहीद तेलंगा खड़िया पुस्तकालय संचालन समिति का गठन बुधवार को लेकर पुस्तकालय भवन सभागार में आम सभा की बैठक हुई। चुनाव प्रक्रिया अपर समाहर्त्ता सुधीर कुमार गुप्ता, बीडीओ सुनीला खलखो, सीओ अरुणिमा एक्का की देखरेख में सम्पन्न हुआ। अध्यक्ष पद पर सेवानिवृत्त शिक्षक पितांबर झा, कार्यकारणी अध्यक्ष अघनू खड़िया, सचिव के पद पर देवेन्द्र उरांव व कोषाध्यक्ष मंजु उरांव, कार्यकारणी सदस्य सोमरा खड़िया, सलमान अली, मंगरा उरांव, रामानंद सिंह, संतोष तिर्की, बनबिहारी भगत, बिराज उरांव, जाकीर अली, ओज जायसवाल, प्रफुल भगत, मुनेश्वर साहू, सीताराम साहू, बासुदेव उरांव, उर्वशी देवी, लक्ष्मी देवी, सुरेन्द्र जायसवाल, जयमंगल भगत, चिन्तामणी देवी, बालमती देवी, सचीन वर्मा, अनुरति केशरी, विरसमुनी कुमारी, सुनीता देवी, शोभा देवी, विजय लक्ष्मी कुमारी, दीपक कुमार अधिकारी, रोहित कुमार शर्मा, विक्रांत कुमार, मालावती देवी, ललिता देवी, पुनम देवी, मनोज वर्मा, मंगरा खड़िया व अमित प्रसाद का चयन सर्वसम्मति से किया गया। मौके पर जिप सदस्य विजय लक्ष्मी कुमारी, विधायक प्रतिनिधि प्रकाश उरांव, मुखिया सुनीता देवी, अलबीना देवी, शकुन्तला देवी, शोभा देवी, बीपीएम रिजवाना, शिक्षक विपीन झा, सहित कई जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, बसिया में गोस्वामी तुलसीदास की जयंती मनायी गयी

**बसिया (आजाद सिपाही)।** एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, बसिया में गोस्वामी तुलसीदास की जयंती मनाई गई। प्राचार्य संजय कुमार सिंह ने गोस्वामी तुलसीदास की चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर व पुष्पार्चन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। सर्वप्रथम विद्यालय के संगीत शिक्षक सूरज कुमार प्रसाद ने रामचरितमानस के संकलित अंश का भजन के रूप में गायन किया। छात्र अनिश उरांव, निखिल उरांव, अमित उरांव, लोरेन धान, रोहित उरांव, आशीष भगत तथा आकाश महली ने भाषण के माध्यम से गोस्वामी तुलसीदास के जीवन प्रसंगों को प्रस्तुत किया। कक्षा 10 के सभी छात्रों ने सामूहिक भजन गाया। शिवम बड़ाईक, सूरज भगत तथा रितेश उरांव ने भी सुंदर-सुंदर भजन सुनाया। गंगा उरांव तथा जेम्स पीटर उरांव व साथियों ने दोहा पाठ किया। शिक्षक आर्यन शाह ने गोस्वामी तुलसीदास के जीवन प्रसंगों व उनकी कालजयी रचनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। आलोक उरांव व साथियों ने हनुमान चालीसा पाठ किया। प्राचार्य संजय कुमार सिंह ने छात्रों को श्रीरामचरित मानस पढ़ने तथा उसके अनुरूप अपने को एक आदर्श व्यक्तित्व का स्वामी बनाने को प्रेरित किया। हनुमान चालीसा के पाठ तथा प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। मंच संचालन छात्र रामराई लागुरी तथा राकेश मोदी ने और धन्यवाद ज्ञापन शिक्षक धनंजय कुमार सिंह ने किया।

## विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की बंदी का प्रखंड क्षेत्र में मिला-जुला असर दिखा



**सिसई (आजाद सिपाही)।** गुमला जिला विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल के द्वारा आहुत व्यवसायिक प्रतिष्ठान बंदी का प्रखंड क्षेत्र में मिला-जुला असर देखने को मिला। बंदी होने नहीं होने को लेकर कुछ हद तक सुबह में असमंजस की स्थिति देखने को मिला, किन्तु हिन्दू समुदाय के दुकानदारों की दुकानें सुबह से ही स्वतः बंद रही। वहीं अन्य समुदाय की दुकानें खुली रहीं। दुकान व होटलों के बंद होने के कारण रोजमर्रा व जरूरत की वस्तु की खरीदारी को लेकर दूरदराज के क्षेत्रों से आये लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।

## भरनो प्रखंड में हिंदू समाज के लोगों ने व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को बंद रखा



**भरनो (आजाद सिपाही)।** मठ मंदिर के सम्मान में गुमला जिला बजरंग दल के आह्वान पर सभी हिंदू समाज के दुकानदारों ने प्रतिष्ठान होटल आदि दुकानें भरनो में बंद रखा। शिव मंदिर टोटो में प्रतिबंधित मांस फेंकने के विरोध में बुधवार को गुमला जिला बंद के आह्वान पर बजरंग दल के समर्थकों ने भरनो में दुकानें बंद रखीं। इधर भरनो बंद को लेकर गुमला एसडीपीओ मनीष चन्द्र लाल और थाना प्रभारी कृष्णा कुमार तिवारी पुलिस बल के साथ ब्लॉक चौक भरनो में विधि व्यवस्था बनाये रखने में मुस्तैद रहे। वहीं बजरंग दल भरनो प्रखंड अध्यक्ष सुदामा केशरी ने कहा कि टोटो स्थित शिव मंदिर में प्रतिबंधित मांस फेंकने के विरोध में बजरंग दल के द्वारा बुलाये गए बंद को सभी ने समर्थन देकर आज दुकानें बंद रखी, जिसके लिए बजरंग दल भरनो सभी दुकानदारों का आभार व्यक्त करता है। वहीं दुकानदार संजय गुप्ता ने कहा कि बजरंग दल के समर्थन में हम सभी भरनो के दुकानदारों ने अपनी अपनी दुकानें बंद रखी हैं।

## टेंपो-ट्रक की टक्कर में दो की मौत, एक घायल



आजाद सिपाही संवाददाता

**सतबरवा/पलामू।** रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग रजडेरवा में मध्य विद्यालय के पास ट्रक के धक्के से टेंपो में सवार हलुमाड गांव के कवलधारी सिंह (65) और अंतु सिंह की पत्नी की मौत हो गई। जबकि सेहरा की एक महिला घायल है। घटना की जानकारी मिलते हैं सतबरवा पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और सभी को एमएमसीएच मेदिनीनगर भेज दिया। प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार टेंपो सवारी लेकर सतबरवा से मेदिनीनगर जा रही थी। रजडेरवा के पास टेंपो एक ट्रक से साइड लिया, इसी बीच सामने से एक और ट्रक आ गया। सामने से आ रहे ट्रक से बचने के लिए पीछे वाले ट्रक के पीछे टेंपो ले जाने के दौरान सामने से आ रहा ट्रक ने टेंपो के पीछला हिस्सा में टक्कर मार दिया। जिसमें हलुमाड गांव के कवलधारी सिंह की मौत घटना स्थल पर हो गई, जबकि अंतु सिंह की पत्नी की मौत एमएमसीएच मेदिनीनगर में हो गई। इस घटना से पूरे गांव में मातम छा गया है। सतबरवा पुलिस ने दोनों गाडी को कब्जे में ले लिया है।

## पति की संदिग्ध मौत के बाद पत्नी ने दो लोगों पर दर्ज करवाया हत्या का मामला

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के देवरीकला गांव में अजय उर्फ राजेश राम की संदिग्ध परिस्थिति में हुई मौत के मामले में उसकी पत्नी पुष्पा देवी ने हुसैनाबाद थाना में लिखित आवेदन देकर देवरी कला गांव के ही मजहर हुसैन और चिंटू खान के खिलाफ हत्या करने का नामजद प्राथमिकी दर्ज कराया है। दर्ज प्राथमिकी में बताया कि 21 अगस्त की रात 10.15 बजे दोनों व्यक्ति मेरे घर आए और दबाव बनाकर गरीब रथ में बेटी को छोड़ने की बात कह रहे थे। मेरे पति ने जाने से मना किया। हमने कहा कि आपलोगों की नियत अच्छी नहीं लग रही है। फिर भी बोले की चलों चढ़ा कर तुरंत आ जाते है। लेकिन रात भर मेरे पति घर नहीं आए। कुछ लोगों से पता चला कि वे हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में हैं। जब हमने लोगों से पूछा तो मुझे बताया गया कि आपके पति ओवब्रीज के उपर पड़े थे। मृतक की पत्नी ने कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि उक्त लोगों ने ही मेरे पति की हत्या की है। उधर, इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी जगन्नाथ धान ने कहा कि हत्या का केस पंजीकृत कर लिया गया है। इस संदिग्ध मौत की मामले की गहनता से जांच पड़ताल की जा रही है।

## बत्तख पालने से किसानों की आर्थिक स्थिति में होगा सुधार : प्रखंड प्रमुख




**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत हुसैनाबाद प्रखंड परिसर में 30 ग्रामीण लाभुकों के बीच बुधवार को 15-15 बतख चूजा का वितरण किया गया। प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी ने बीडीओ रतन कुमार, पशुपालन चिकित्सा पदाधिकारी शाहिद इकबाल आदि की उपस्थिति मिें बतख चूजा का वितरण किया। प्रखंड प्रमुख ने कहा कि बत्तख पालने से किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। क्षेत्र की गरीब महिलाएं आत्मनिर्भर बनेंगी। वहीं, बीडीओ रतन कुमार ने कहा कि 90 एवं 75 फीसदी अनुदान पर अनुसूचित जाति एवं जनजातियों के बीच बतख चूजा का वितरण किया जा रहा है।

### देसी कट्टा, कारतूस, मोबाइल फोन व अन्य सामान बरामद

# टीएसपीसी के तीन समर्थक गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**छतरपुर/पलामू।** जिले के छतरपुर पुलिस ने हथियार के साथ टीएसपीसी के तीन समर्थकों को गिरफ्तार किया है। छतरपुर थाना क्षेत्र के चुचरूमाड़ डैम के समीप जंगल के पास से पुलिस ने टीएसपीसी संगठन के तीन स्थानीय समर्थक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गये कथित टीएसपीसी समर्थकों के नाम गंझौली निवासी गोविंद यादव, तारूदाग डीढ़ी के शंभु परहिया और चराईं के शिवकुमार साव हैं। तीनों छतरपुर थाना क्षेत्र के ही रहने वाले हैं। पकड़े गये लोगों के पास से पुलिस ने दो देशी कट्टा और दो जिंदा कारतूस, एक बाइक, तीन मोबाईल फोन और टीएसपीसी उग्रवादी संगठन को पहुंचाए जाने वाले आवश्यक दैनिक सामग्री भी बरामद किया है। इस संबंध में छतरपुर एसडीपीओ ने बताया कि यह कार्रवाई वरीय अधिकारियों से मिली गुप्त सूचना के आधार पर पिछले 22 अगस्त को की गयी है। पूछताछ में तीनों अभियुक्तों ने अपना अपराध स्वीकार किया है। इस संदर्भ में छतरपुर थाना में इन तीनों के अलावे टीएसपीसी उग्रवादी क्रियावादी संगठन के एरिया कमाण्डर एवं अन्य सदस्यों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करके अनुसंधान किया जा रहा है।



पकड़े गए टीएसपीसी समर्थकों की जानकारी देते पुलिस के आला अधिकारी।

## ग्रामीणों की सुविधाओं का ख्याल रखना भी रेलवे की जिम्मेवारी : धर्मेंद्र



संवाददाता, विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)। विश्रामपुर प्रखंड के लालगढ़ स्टेशन परिसर में आठ सूत्री मांगों को लेकर ग्रामीणों ने एक दिवसीय धरना दिया। जिसका नेतृत्व मुखिया धर्मेंद्र चौधरी ने किया। कहा कि हमारी सभी मांगे रेलवे विभाग से है जो काफी पुरानी भी है। इसके लिए कई आंदोलन भी हुआ, लेकिन हर बार सिर्फ आश्वासन ही मिला। मांगों को पूरा नहीं किया गया। मजबूरन फिर से आंदोलन का रुख अख्तियार करना पड़ा। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों के सुविधाओं का ख्याल भी रेलवे को रखना चाहिए। आठ सूत्री मांगों में लालगढ़ रेलवे स्टेशन पर सासाराम व इंटरसिटी एक्सप्रेस की ठहराव,एल एच एस का निर्माण,फुट ओवर ब्रिज का निर्माण, सड़क निर्माण, नियमित विद्युत आपूर्ति करना,आईटीआई भवन में पढ़ाई शुरू करना आदि प्रमुख है। ग्रामीणों ने धरना समाप्ति के बाद संबंधित अधिकारियों को अपना मांग पत्र सौंपा। धरना कार्यक्रम में जिप सदस्य विजय रविदास,वरीय भाजपा नेता सीएस दूबे, कौशल पांडेय, वेद प्रकाश शर्मा, तोलरा मुखिया रोहित तिवारी, अनिल चौधरी,देवेंद्र पाठक,राम सेवक राम, सूर्यमल राम,नयन कुमार, मंदीप पासवान, पप्पू कुमार चौधरी, राजेंद्र मिस्त्री, राधा देवी, फूल कुमारी, आशा देवी, नयामुद्दीन अंसारी,गिरिवर साव, परम भुईया आदि थे।

## आपस में बेहतर समन्वय बनाकर काम करें सभी अधिकारी : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता




**मेदिनीनगर।** पलामू डीसी शशि रंजन ने बुधवार को पलामू जिला अंतर्गत विभिन्न परियोजनाओं के लिए चिन्हित की गयी जंगल-झाड़ी भूमि के लिये सैद्धांतिक रूप से निर्गत अनापत्ति से संबंधित बैठक की ।जिसमें डीसी ने विभिन्न विभागों के संबंधित पदाधिकारी से योजनाओं की स्टेटस से अवगत हुए। उन्होंने एक-एक कर सभी अधिकारियों से ग्राउंड पर कार्य प्रारंभ हुआ है कि नहीं,अगर हुआ है तो कार्य कहाँ तक पहुंचा है,अगर कार्य प्रारंभ ही नहीं हुआ तो क्यों नहीं हुआ इन सभी बिंदुओं पर जानकारी ली। उन्होंने सभी पदाधिकारी को आपस में बेहतर समन्वय स्थापित कर प्रारंभ हुए सभी योजनाओं को ससमय पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने वन विभाग से जुड़े मामले, एनओसी, एफआरए, जीएम लैंड समेत अन्य मामलों की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को अपने स्तर से मामलों की समीक्षा कर जल्द उन मामलों का निपटारा करने का निर्देश दिया। वहीं सभी निमार्णाधीन कार्यों में उपायुक्त ने निर्देशित करते हुए कार्य में गति लाने का निर्देश दिया, जिससे संचालित सभी कार्य को ससमय पूर्ण कराया जा सके। बैठक में विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों ने जिले में संचालित सभी मेगा प्रोजेक्ट को लेकर अद्यतन प्रगति की जानकारी दी। विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं से भी डीसी को अवगत कराया। मौके पर अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह, सहायक समाहर्ता रवि कुमार, डीटीओ अनवर हुसैन समेत विभिन्न विभागों के कार्यपालक अभियंता आदि मौजूद थे।

## सीओ-थाना प्रभारी ने कोयला लदे तीन ट्रकों को किया जब्त

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** सीओ झुन्नु मिश्रा एवं थाना प्रभारी अभय सिन्हा की तत्परता से समय अवधि समाप्त होने के उपरांत कोयला ले जा रहे तीन ट्रक को प्रखंड स्तरीय खनन टास्क फोर्स द्वारा पकड़ा गया। जांच के उपरांत अवैध पाए जाने पर ट्रक मालिक चालक एवं संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने शहर थाना में प्राथमिक की दर्ज करवाई एवं जांच कर संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ चिन्हित कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। गुप्त सूचना के अनुसार खनन टास्क फोर्स की टीम की ओर से 17 अगस्त की रात में वाहनों की जांच की जा रही थी। इसी दौरान तीन ट्रक द्वारा कोयला ले जाया जा रहा था। जब जांच दल ने चालक से कागजात की मांग की गई एवं उपलब्ध कागज की जांच की गई तो समय अवधि समाप्त होने के उपरांत कोयला ले जाते हुए पाया गया, जिस पर कोयला समेत ट्रक को जप्त कर लिया गया एवं इसकी सूचना जिला खनन पदाधिकारी को दी गई। जिला खनन पदाधिकारी द्वारा पोर्टल पर जांच की गई तो समय अवधि समाप्त होने के उपरांत कोयला ले जाते पाया गया।

## स्पोर्ट्स



### चेस वर्ल्ड कप फाइनल : आज टाइब्रेकर से होगा फैसला

# प्रगनानंद-कार्लसन के बीच दूसरा गेम ड्रॉ

एजेंसी



**बाकू।** आठ साल के भारतीय चेस ग्रैंडमास्टर आर प्रगनानंद और पांच बार के वर्ल्ड चैंपियन नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन के बीच एफआइडीइ वर्ल्ड कप फाइनल का दूसरा क्लासिकल गेम भी बुधवार को ड्रॉ रहा है। इन दोनों ने मंगलवार को पहला गेम भी ड्रॉ खेला था। अब चैंपियन का फैसला गुरुवार को टाईब्रेकर से होगा। यह मुकाबला शाम 4.30 बजे शुरू होगा। प्रगनानंद और कार्लसन ने 30 मूव के बाद दूसरे गेम को ड्रॉ करने पर सहमति जताई। पहला गेम 35 मूव के बाद ड्रॉ हुआ था। पहले गेम में प्रगनानंद सफेद मोहरों के साथ खेले थे। वहीं, दूसरे गेम में कार्लसन सफेद मोहरों के साथ खेले। प्रगनानंद ने वर्ल्ड नंबर-3 फैबियानो कारूआना को सेमीफाइनल में 3.5-2.5 से हराते हुए फाइनल में जगह बनाई थी। बतातें चलें कि 2005 में शुरू हुए नॉकआउट फॉर्मेट के इस टूर्नामेंट का विजेता दो क्लासिकल गेम के बाद तय होता है। क्लासिकल गेम यानी खिलाड़ी को 90 मिनट के अंदर प्रतिद्वंद्वी को हराना होता है। एक गेम जीतने पर एक अंक मिलता हैं, जबकि ड्रॉ की स्थिति में प्रत्येक खिलाड़ी को 0.5 अंक दिए जाते हैं। दो क्लासिकल गेम के बाद ज्यादा अंक वाले प्लेयर को विजेता घोषित कर दिया जाता है।

दो क्लासिकल गेम के बाद भी बराबर अंक होने पर विजेता का फैसला रैपिड राउंड से होता है। रैपिड राउंड में 15-15 मिनट के चार गेम होते हैं। इसमें भी हर गेम जीतने पर एक अंक और बराबरी की स्थिति में आधा अंक दिया जाता है। रैपिड राउंड से भी अगर चैंपियन का फैसला नहीं होता है ब्लिट्ज चेस खेला जाता है। ब्लिट्ज फॉर्मेट में 3-3 मिनट का गेम होता है। जो खिलाड़ी इसमें जीत हासिल कर लेता है उसे चैंपियन घोषित कर दिया जाता है।

### वर्ल्ड नंबर-1 को ड्रॉ पर रोका

भारत के युवा स्टार प्रागननंदा वर्ल्ड नंबर-1 के खिलाफ सफेद मोहरों के साथ उतरे और संतुलित शुरूआत की। समय की भारी कमी के बीच प्रगनानंद कार्लसन को बराबरी की स्थिति में रोकने में सफल रहे। भारतीय ने दमदार खेल दिखाया। आखिरकार में नॉर्वे के दिग्गज को युवा ग्रैंडमास्टर के साथ 35 चालों के बाद ड्रॉ पर सहमत होना पड़ा। वहीं, सेकेंड क्लासिकल गेम में मोहरें का रंग बदला हुआ था। इस बार कार्लसन सफेद और प्रगनानंद काली मोहरों के साथ खेल रहे थे। डिफेंडिंग चैंपियन कार्लसन ने भारतीय युवा के सामने अच्छा खेल खेला, हालांकि इससे प्रगनानंद को कोई परेशानी नहीं हुई।

## हुसैनाबाद में उग्रवादियों ने सड़क निर्माण में लगे आधा दर्जन वाहनों में लगायी आग

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** पलामू जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के काला पहाड़ महुदंड पथ निर्माण करा रही संवेदक के कैंप पर प्रतिबंधित उग्रवादियों ने बुधवार की शाम करीब पांच बजे हमला कर दिया। उग्रवादियों ने एक जेसीबी मशीन, हाइवा, ट्रैक्टर व रोड रोलर समेत सात वाहनों में आग लगा दिया। इसके बाद कंपनी के मुंशी विजय यादव के साथ मारपीट भी की। इस घटना के बाद कंपनी के लोगों के साथ-साथ क्षेत्र में दहशत का माहौल है। बताया जा रहा कि 15-20 उग्रवादियों ने करीब आधा घंटे तक महुदंड क्षेत्र स्थित हरदिया घाटी स्थित रोड निर्माण के कैंप पर उत्पात मचाया। घटना की पुष्टि करते हुए महुदण्ड ओपी प्रभारी टीपी रजक ने बताया कि उग्रवादियों द्वारा वाहन जलाने की सूचना मिली है। विस्तृत जानकारी मुआयना करने के बाद होगी।

## मकरंद सेवा समिति ने माहवारी स्वास्थ जागरूकता अभियान की शुरुआत की

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही।** केतात मकरंद सेवा समिति और प्रोजेक्ट बाला के संयुक्त तत्वाधान में बुधवार से माहवारी स्वास्थ जागरूकता अभियान की शुरूआत की गयी। शुरूआती कार्यक्रम विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हुआ। जिसका उद्घाटन चिकित्सा प्रभारी डॉ लीली एस्टेला पूर्ति, डॉ प्रियंका कुमारी व डॉ प्रकाश परिमल ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मकरंद सेवा समिति के अध्यक्ष अभिषेक चौबे व संचालन सचिव रविभूषण चौबे ने किया। अभियान के तहत महिलाओं को माहवारी, स्वच्छता व स्वास्थ्य के बारे में जागरूक करने का प्रयास किया गया। लीली एस्टेला पूर्ति ने प्रजनन स्वास्थ्य पर बल दिया। उन्होंने बाला पैड के बारे में भी जानकारी दी।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### मुखिया ने किया नल जल योजना का भूमिपूजन

**मनातू/पलामू (आजाद सिपाही)।** मनातू प्रखंड के पदमा पंचायत में नल जल योजना के तहत जलमिनार का भूमि पूजन मुखिया अनुज प्रसाद ने किया। मुखिया अनुज प्रसाद ने कहा कि पदमा पंचायत के विभिन्न टोला में जलमीनार लगाए जाएंगे। जिसका बुधवार को भूमि पूजन किया है। साथ ही कहा कि जलमीनार लग जाने से हर घर में पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित होगी। पेयजल की समस्या से लोगों को निजात मिलेगी। उन्होंने कहा कि विकास कार्य धरातल पर उतारना ही हमारी पहली प्राथमिकता में शामिल है। साथ ही उन्होंने ने कहा कि शुद्ध पानी उपलब्ध कराने के लिए सरकार की ओर से जलमीनार का निर्माण कराया जा रहा है। जल आपूर्ति शुरू हो जाने के बाद से जल संकट का सामना लोगों को नहीं करना पड़ेगा। इस मौके पर राज विक्रम सिंह उर्फ बब्लू सिंह,वेंडर संदीप मंडल,सहनी जी, वार्ड सदस्य सहित कई लोग उपस्थित थे।

### जीत गया विज्ञान, बदल रहा हिंदुस्तान : आनंद शंकर



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू चेंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष के अध्यक्ष आनंद शंकर,सचिव इंद्रजीत सिंह डिंपल एवं सभी सदस्यों ने बुधवार को चंद्रयान-3 की सॉफ्ट लैंडिंग पर पूरे पलामू और देश वासियों को बधाई दी है। अध्यक्ष आनंद शंकर ने कहा कि वह दिन दूर नहीं जब भारत का अंतरिक्ष मिशन पूरे संसार में अव्वल होगा अब बच्चे यह नहीं कहेंगे चंदा मामा दूर के। अब उन्हें गाना होगा चंदा मामा पास के। सचिव इंद्रजीत सिंह डिंपल ने इसरो के वैज्ञानिकों को और पूरी टीम को इस शानदार मिशन के लिए बधाई दी। सभी सदस्यों ने आज की खुशियों को मिलजुल कर मनाया और मिठाई बांटी।

### ग्रामीणों ने की सुलतानी में बस स्टैंड व यात्री शेड की मांग

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** शिवालया कंट्रेक्सन कंपनी की ओर से फोरलेन निर्माण कार्य के दौरान सुलतानी और सरसोत मोड़ पर पहले से बनी बस स्टैंड और यात्री शेड को तोड़े जाने के बाद अब तक नहीं बना। जिससे ग्रामीणों में काफी रोष है। इसकी जानकारी देते हुए बुधवार को मुखिया विनय कुमार सिंह ने कहा कि सुलतानी बस स्टैंड और सरसोत मोड़ के पास ग्रामीण क्षेत्र से प्रतिदिन सैकड़ों यात्री आते हैं। डालटनगंज और औरंगाबाद जाने के लिए पहले से बनी शेड में बैठ कर गाड़ी आने का इंतजार किया करते थे। फोरलेन निर्माण के दौरान दोनों यात्री शेड को तोड़ दिया गया और अब तक शेड नहीं बना। जनहित में शिवालया जल्द ही बस स्टैंड और यात्री शेड का निर्माण नहीं करती है तो, उसके विरुद्ध उग्र आंदोलन करने पर बाध्य होंगे। वहीं सामाजिक कार्यकर्ता अनिरुद्ध सिंह उर्फ फुटुक कुमार सिंह, अरविन्द सिंह, अरुण कुमार सिंह, संजय सिंह, कन्हाई पासवान, पनु हलुवाई, गोराई सिंह, दिल्लू सिंह, प्रदीप कुमार सिंह, सुजीत सिंह आदि लोगों ने बताया की हरिहरगंज- हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह को बस स्टैंड और यात्री शेड की मांग को लेकर लिखित शिकायत की गई है। वहीं उनकी अनुशंसा के बावजूद अब तक शिवालया ने बस स्टैंड और यात्री शेड का निर्माण नहीं किया है। जबकि बस स्टैंड और यात्री शेड नहीं रहने से असुविधा हो रही है।

### खड़गपुर की मुखिया ने कार्डधारियों के बीच बांटीं धोती-साड़ी



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक सोना सोबरन योजना के तहत हरिहरगंज प्रखण्ड क्षेत्र के ग्राम पंचायत खड़गपुर स्थित जन वितरण प्रणाली के दुकानदार अवधेश राम की दुकान पर मुखिया काजल कुमारी की ओर से धोती साड़ी व लुंगी का वितरण किया गया। इस दौरान मुखिया काजल कुमारी ने कहा कि सरकार की ओर से दिए जाने वाले प्रत्येक लाभ पंचायत के लाभुकों के बीच दिया जाएगा। पंचायत में कोई भी व्यक्ति सरकारी लाभ से वंचित नहीं रहेंगे। जो योग्य लाभुक होंगे उन्हें जरूर लाभ देने का प्रयास करूंगी। इस मौके पर पंचायत समिति मनिता देवी, उषा देवी, वार्ड सदस्य सलेनदर राम, लालती देवी तथा समाजसेवी सतेन्द्र मेहता आदि उपस्थित थे।

### आइटीआइ छात्रों के लिए छात्रवृत्ति ई पोर्टल खोलने की मांग

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** पलामू जिला आईटीआई संगठन के सचिव सह समाजसेवी राजीव रंजन के नेतृत्व में बुधवार को संगठन के सदस्यो ने जिला कल्याण पदाधिकारी सेवाराम साहू से मिलकर आईटीआई कर रहे छात्र-छात्राओं की छात्रवृत्ति के लिए ई पोर्टल पर आवेदन ऑनलाइन शुरू कराने की मांग की।राजीव रंजन ने बताया कि वर्तमान में उच्च शिक्षा पहले से कहीं अधिक महंगी हो गई है। जिससे छात्रों को अपने पसंद के पाठ्यक्रम और कॉलेजों को वहन करना कठिन हो रहा है। छात्रों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहन एवं वित्तीय सहायता की जरूरत है। उन्होंने बताया कि कल्याण पदाधिकारी सेवाराम साहू ने संगठन को 30 अगस्त से पहले पोर्टल को खोल दिए जाने का आश्वासन दिया है और आईटीआई के छात्र आवेदन ऑनलाइन कर सकते हैं। मौके पर गुरुकुल आईटीआई के प्रधानाचार्य विक्की कुमार, सुमित सिंह, नेशनल आईटीआई प्रधानाचार्य राजीव रंजन, ओम आईटीआई प्रधानाचार्य धनंजय कुमार, महाराणा प्रताप आईटीआई प्रधानाचार्य सुरेंद्र सिंह, प्रेरणा आईटीआई प्रधानाचार्य, ज्योति आईटीआई, चित्रांश आईटीआई, बिरसा आईटीआई नवीन दूबे, ओम आईटीआई गढ़वा आदि थे।

### भाजपा महिला मोर्चा कार्य समिति की बैठक में कमेटी का हुआ विस्तार



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर नगर परिषद मुख्यालय स्थित जोड़ा मंदिर परिसर में भाजपा नगर मंडल महिला मोर्चा कार्य समिति की बैठक हुई। जिसमें पार्टी की मजबूती व विस्तार पर चर्चा की गई। साथ ही कार्य समिति का भी विस्तार किया गया। बैठक की अध्यक्षता भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष किरण शर्मा व संचालन महामंत्री अर्चना देवी ने किया। बैठक में नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम, शिववंश मिश्रा, रजनीश चंद्रवंशी, दुर्गावती देवी, बेबी देवी, शंकर चन्द्रवंशी, एसटी मोर्चा अध्यक्ष देव नारायण सिंह, युवा मोर्चा अध्यक्ष संजय ठाकुर, एससी मोर्चा अध्यक्ष सुरेंद्र भारती, भिखारी साव, रानी देवी, गुड्डी देवी, सुनीता देवी, अनीता देवी, चिंता देवी, कलिंदा देवी, मीरा देवी और रेखा देवी आदि उपस्थित थीं।

**पहल : झरिया विधायक ने किया नगर निगम के वार्ड 47 में सड़क और नाली निर्माण का शिलान्यास**

# निर्माण कार्य पूरा होने से लोगों के आवागमन में होगी सुविधा: पूर्णिमा

**3.70 करोड़ की लागत से विकास योजनाओं का होगा निर्माण**

आजाद सिपाही संवाददाता




विकास योजनाओं का शिलान्यास करती झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह। मौके पर मौजूद अन्य लोग।

**झरिया।** लोदना बाजार में अंबेडकर चौक के समीप धनबाद नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या 47 में बुधवार को करीब 3.70 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले विभिन्न सड़क और नाली के निर्माण कार्य का शिलान्यास झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने किया। इससे पहले विधायक ने बाबा साहेब डॉ भीम राव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। विधायक ने कहा कि इस योजना के तहत लोदना में लगभग सात किलोमीटर पथ, छह हजार फीट नाली निर्माण और पेवर ब्लॉक लगाने का कार्य किया जाना है। निर्माण कार्य पूरा होने से लोगों को आवागमन में सुविधा होगी। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि केडी पांडेय, सूरज सिंह, निवर्तमान पार्षद संजय यादव, सोहन महतो, भोला यादव, पुतुल देवी, अजय पासवान, असलम खान, दीपक सिंह, रत्नेश यादव, डब्बू अंसारी, मृणाल कांत सिंह, सुबोध सिंह, राहुल चौहान, राजीव सिन्हा, सनोज निषाद, सरोज, हरेंद्र यादव, रविशंकर पासवान, मुकेश यादव और अंकित सिंह आदि उपस्थित थे।

# सिक्स यूनिट टीसी कॉलोनी में निर्मित पुलिया पानी के तेज बहाव में टूटी, आवागमन बाधित

**नाले के अगल-बगल सीसीएल की जमीन अतिक्रमण कर दुकान एवं मकान बनाने वालों के खिलाफ जल्द शुरू होगी कार्रवाई : अनिल तिवारी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो थर्मल/बेरमो।** सीसीएल के गोविंदपुर सिक्स यूनिट एवं लहरियाटांड़ को जोड़ने वाली टीसी कॉलोनी में नाले के ऊपर बना पुलिया बरसात के पानी के तेज बहाव में अचानक टूट गया। घटना मंगलवार रात की बताई जा रही है। रात में मुसलधार बारिश के बीच पुलिया टूटने से आवागमन बाधिक हो गया। हालांकि रात में आवागम कम होने से कोई बड़ी दुर्घटना नहीं हुई। पर पुलिया टूट जाने से सिक्स यूनिट एवं लहरियाटांड़ बस्ती के बीच आवागमन बाधित हो गया है। इस संबंध में सीसीएल के गोविंदपुर स्वांग परियोजना पदाधिकारी अनिल कुमार तिवारी ने कहा कि असैनिक विभाग के अधिकारियों को सूचना दे दी गई है। जल्द ही छतिग्रस्त पुलिया की मरम्मत कार्य शुरू करवा दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि नाले के अगल बगल सीसीएल की जमीन अतिक्रमण कर दुकान एवं मकान बनाने वाले लोगों के खिलाफ जल्द ही कार्रवाई शुरू की जायेगा, ताकि पानी के तेज बहाव में जान माल की हानी ना हो। इस संबंध में गोविंदपुर एफ पंचायत समिति सदस्य बेबी रजक के प्रतिनिधि बिरसा रजक ने बताया कि सीसीएल गोविंदपुर प्रबंधन की ओर से सीसीएल के पंचतल्ला कॉलोनी, ऑफिसर्स कॉलोनी, माइनस क्वाटर, टीएच कॉलोनी एवं टीसी आदि कॉलोनियों में निर्मित नालों का गंदा पानी को बहाने के लिए इस बड़े नाले का निर्माण करवाया गया है। जिसे कोनार नदी में प्रवाह किया जाता है। इसी बड़े नाले के ऊपर यह पुलिया बनाई गई है जो पानी के तेज बहाव के कारण मंगलवार की रात अचानक टूट गई है। इसी पुल के जरिये लहरियाटांड़ के लोग सीसीएल के टीसी कॉलोनी एवं सिक्स यूनिट कॉलोनी आते जाते हैं।

# लूटपाट कांड में पांच गिरफ्तार



आजाद सिपाही संवाददाता

**तेनुघाट।** विगत 11 अगस्त को पेरटवार के गल्ला व्यापारी से हथियार का भय दिखाकर लूटपाट किए जाने के मामले का उद्भेदन करते हुए पुलिस ने पांच आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। मंसुर राय उर्फ मंजूर राय उर्फ खातिर राय उर्फ डेंजर और महेंद्र ठाकुर, अशोक साहू, विपिन महतो और सनी कुमार के रूप में हुई है। इनके पास से दो देसी कट्टा, दो 315 बोर का जिंदा कारतूस, घटना में इस्तेमाल तीन बाइक, छह मोबाइल फोन और नकद 19 हजार रुपए बरामद किया गया है। इसकी जानकारी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वशिष्ठ नारायण सिंह ने दी। वे बुधवार को तेनुघाट स्थित कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि गोमिया थाना अंतर्गत होसिर ललपनिया रोड के भोलाडीह मोड़ सब्दीटांड़ के पास 11 अगस्त को पेटरवार के गल्ला व्यापारी के साथ बाइक पर सवार होकर आए 6/7 अपराधियों ने कार रोक कर हथियार का भय दिखाकर रुपये लूट लिए थे। उ व्यापारी के साथ मारपीट भी की थी। इस संबंध में पीड़ित व्यापारी सुशील कुमार अग्रवाल ने गोमिया थाना में छह/सात अज्ञात अपराधियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। बोकारो एसपी के निर्देश पर गोमिया के पुलिस निरीक्षक महेश प्रसाद सिंह के नेतृत्व में एसआइटी का गठन कर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बेरमो वशिष्ठ नारायण सिंह के निर्देशन में उक्त कांड के उद्भेदन के लिए छापामारी शुरू की गई। इसी बीच 22 अगस्त की शाम गुप्त सूचना के आधार पर सादम इंटेक वेल ग्राउंड के पास से मंसुर राय और महेंद्र ठाकुर को अवैध हथियार और बाइक के साथ गिरफ्तार किया गया। सख्ती से पूछताछ में दोनों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। साथ ही अन्य सहयोगियों का सनी कुमार, बीरबल सिंह उर्फ कटप्पा, अशोक सिंह, विपिन महतो और सद्दाम अंसारी बताया। छापामारी के क्रम में पुलिस ने अशोक साहू, विपिन महतो और सनी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपितों के खिलाफ बेरमो अनुमंडल में कई मामले दर्ज है। वे कई बार जेल भी जा चुके हैं। वहीं, एसआईटी टीम में पेटरवार थाना प्रभारी विनय कुमार, रहावन ओपी प्रभारी अजय कुमार यादव, गोमिया थाना प्रभारी राजेश रंजन, कथारा ओपी प्रभारी प्रिंस कुमार सिंह आदि शामिल थे।

# झारखंड-झारखंडियों का भला नहीं कर पानेवाले मुख्यमंत्री को खुद गद्दी छोड़ देनी चाहिए: बाबूलाल

**एनडीए प्रत्याशी के समर्थन में डुमरी के धावाटांड पहुंचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष समेत कई दिग्गज, सरकार पर साधा निशाना**

आजाद सिपाही संवाददाता

## गठबंधन सरकार में एक भी सही काम हुआ इसका दावा तो खुद मुख्यमंत्री नहीं कर सकते : चंद्रप्रकाश



**गिरिडीह।** उपचुनाव में डुमरी से एनडीए प्रत्याशी यशोदा देवी के समर्थन में बुधवार को गिरिडीह-डुमरी रोड स्थित धावाटांड में जनसभा आयोजित की गयी। एनडीए प्रत्याशी के समर्थन में चुनाव प्रचार करने पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मंराडी, गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो, पूर्व सांसद रवींद्र पांडेय, पूर्व सांसद रवींद्र राय, भाजपा नेता सुरेश साहू, महादेव दूबे, भाजपा नेता लक्ष्मण सिंह, प्रदीप साव, आजसू नेता देवशरण भगत, जिप अध्यक्ष मुनिया देवी आदि कई दिग्गदों का जुटान हुआ। मुशलधार बारिश के बावजूद इस दिन धावाटांड में जनसभा में भारी भीड़ उमड़ी थी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मंराडी झारखंड सरकार पर हमलावर दिखे। उन्होंने संथाली भाषा में भाषण शुरू करते हुए कहा कि झारखंड और झारखंडियों का भला नहीं पाने वाले मुख्यमंत्री को खुद ही गद्दी छोड़ देनी चाहिए। राज्य में अपराध लगातार बढ़ रहा है। बहन-बेटियों से दुष्कर्म की घटनाएं राज्य के किसी ने किसी क्षेत्र में अक्सर हो रही है। सरकारी तंत्र ही भ्रष्टाचार में लिप्त हो गया है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि पिछले 23 सालों में झारखंड के हालात ऐसे कभी नहीं हुए थे, जो अभी दिख रहे है। झारखंड सरकार का अब किसी जिले के एसपी पर कोई नियंत्रण नहीं रह गया है। उन्होंने कहा कि डुमरी उपचुनाव झारखंड सरकार के लिए अंतिम सांस की तरह है। जनता एनडीए की प्रत्यासी यशोदा देवी को वोट देकर राज्य सरकार को उखाड़ फेंकने में मदद करेगी। दूसरी ओर, सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने भी झारखंज सरकार पर जमकर निशाना साधा। कहा कि पिछले चार साल झारखंड सरकार ने लूट की कमाई अर्जित करने के लिए अधिकारियों को सिर्फ लाईनअप करने में गंवा दिए। अब सरकार और सिस्टम को दुरुस्त करने का दावा किया जा रहा है। सांसद ने झारखंड को जंगल राज बताते हुए कहा कि वर्तमान गठबंधन सरकार में एक भी सही काम हुआ है इसका दावा तो खुद मुख्यमंत्री नहीं कर सकते। इधर, बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो समेत कई वक्ताओं ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए और एनडीए प्रत्याशी को वेट देकर जीताने की अपील की।

# गोफ की घटनाओं पर जीसी ने जतायी चिंता

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** धनबाद डीसी वरुण रंजन ने बुधवार की देर शाम बीसीसीएल, जरेडा और अंचल अधिकारियों के साथ भूमि हस्तांतरण, अग्नि प्रभावित व भू-धंसान क्षेत्र में रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थान पर शिफ्टिंग को लेकर समीक्षा बैठक की। इस दौरान गोफ की घटनाओं पर चिंता प्रकट करते हुए डीसी ने बीसीसीएल प्रबंधन से इसके रोकथाम एवं पीड़ित को राहत देने के बारे में विस्तार से चर्चा की। साथ ही बीसीसीएल से रेस्क्यू टीम को अपग्रेड करने का अनुरोध किया। डीसी ने कहा कि अग्नि प्रभावित एवं भू-धंसान क्षेत्र से लोगों को सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट करने के लिए एक विस्तृत कार्य योजना तैयार करनी होगी। जिस प्रभावित का आवास अलॉट हो गया है उनको प्राथमिकता के आधार पर सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट करने पर ध्यान केंद्रित करना होगा। भूमि हस्तांतरण और लोगों को सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट करने के लिए प्रति बुधवार को बीसीसीएल, जेआरडीए व संबंधित सीओ के साथ समीक्षात्मक बैठक की जाएगी।

**मेरी माटी मेरा देश पर जामताड़ा में आयोजित दो दिवसीय फोटो प्रदर्शनी का सफल समापन**

# प्रदर्शनी छात्रों-शिक्षकों और आमजनों को देश की माटी के प्रति दिलाती है अपने कर्तव्यों की याद: सुरेश महतो

**- समापन समारोह में क्विज, कविता व पारंपरिक नृत्य प्रतियोगिताओं का आयोजन, विजेताओं को अतिथियों ने किया पुरस्कृत**

आजाद सिपाही संवाददाता





स्वतंत्रता सेनावी और विभिन्न प्रतियोगिताओं में अव्वल आने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते पदाधिकारी, प्राचार्य व अन्य।

**धनबाद/जामताड़ा।** भारत सरकार के सूचना प्रसारण मंत्रालय अंतर्गत केंद्रीय संचार ब्यूरो की धनबाद क्षेत्रीय इकाई की ओर से अमृत महोत्सव के तहत प्रधानमंत्री के आह्वान पर मेरी माटी मेरा देश एवं हर घर तिरंगा अभियान पर मंगलवार को शुरू हुई दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का बुधवार को जामताड़ा जिला के जेबीसी हाई स्कूल में सफल समापन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी सुरेश महतो भी शामिल हुए। साथ ही जेबीसी उच्च विद्यालय के प्राचार्य सुशील कुमार मरांडी, उच्च शिक्षा संघ के सचिव विनोद कुमार और स्थानीय टीचर ट्रेनिंग संस्थान, डाइट के प्रभारी प्राचार्य गोपाल सिंह भी मौजूद रहे। मुख्य अतिथि ने मेरी माटी मेरा देश, अमृत महोत्सव व 9 वर्ष सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण विषय पर लगी इस प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इसके बाद सभी अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर समापन समारोह की विधिवत शुरूआत हुई। मौजूद अतिथियों का अंग वस्त्र एवं स्मृति चिह्न प्रदान कर सीबीसी धनबाद के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी ओंकार नाथ पाण्डेय ने विधिवत स्वागत किया। अपने संबोधन में सुरेश महतो ने कहा कि केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा मेरी माटी मेरा देश पर आयोजित यह प्रदर्शनी निश्चित रूप से हम सभी को देश की धरती अर्थात माटी के प्रति अपने कर्तव्यों को याद दिलाती है। बच्चों में देशप्रेम के साथ ही अपनी भाषा, संस्कृति और देश के महापुरुषों के विचारों को अपने व्यवहार में आत्मसात करने में प्रमुख भूमिका निभा रही है। प्रदर्शनी के दूसरे दिन यानी बुधवार को केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा जामताड़ा जिले में मौजूद दो स्वतन्त्रता सेनानियों वामपद सेन और गोलक बिहारी सेन के बुजुर्ग आश्रितों को उनके घर जाकर अंगवस्त्र व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। दोनों ने भारत छोड़ो आंदोलन में जिले में अंग्रेजों के विरुद्ध लड़ाई लड़ी थी। समापन समारोह में विषय प्रवेश कराते हुए क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी केंद्रीय संचार ब्यूरो, धनबाद ओंकार नाथ पांडेय ने मेरी माटी मेरा देश अभियान पर आयोजित इस प्रदर्शनी के बारे में विस्तार से जानकारी दी और सभी अतिथियों तथा छात्रों की सहभागिता के लिए सभी का अभिवादन किया। वहीं, जेबीसी उच्च विद्यालय के प्रधानाचार्य सुशील कुमार मरांडी ने कहा कि यह अभियान हमें अपने देश और मिट्टी पर गर्व करना सिखाएगी। जिला शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान के प्रभारी प्राचार्य गोपाल सिंह ने कहा कि केंद्रीय संचार ब्यूरो धनबाद का जामताड़ा में लगाई गई इस प्रदर्शनी के लिए धन्यवाद के साथ ही आग्रह किया कि इस तरह की प्रदर्शनी और जानकारी आगे भविष्य में भी जिले में दिया जाए। वहीं, मंगलवार को इस फोटो प्रदर्शनी का भव्य उद्घाटन सांसद सुनील सोरेन ने किया। उद्घाटन सत्र में जिला शिक्षा पदाधिकारी गोपाल कृष्ण झा भी मौजूद रहे। इस दो दिवसीय प्रदर्शनी में झारखंड के वीर सपूतों के ऊपर भी एक विशेष खंड में प्रदर्शनी लगाई गई है जिसे देखने वालों ने काफी सराहा, इसमें इन बलिदानियों के जीवन के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई है। वहीं, इस दिन के फोटो प्रदर्शनी के समापन समारोह का मंच संचालन सीबीसी धनबाद के सहायक क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी राज किशोर पासवान ने किया।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### लोयाबाद रेलवे स्टेशन के समीप नया साइडिंग बनाने का कार्य शुरू



**लोयाबाद (आजाद सिपाही)।** लोयाबाद रेलवे स्टेशन के पास नया साइडिंग बनाने का काम बुधवार से शुरू हो गया। कनकनी, मोदीडीह, बासदेवपुर और लोयाबाद कोलियरी का कोयला रैक के जरिए विभिन्न जगहों के वासरियों एवं पावर प्लांटो में भेजा जायेगा। साइडिंग स्थल पर एक तरफ जेसीवी मशीन से सफाई का काम हो रहा है, तो दूसरी तरफ रेलवे के इलेक्ट्रिक टीआरडी विभाग द्वारा उत्तरी छोर का हाईटेंशन तार और पोल को हटाने का काम भी किया जा रहा है। साइडिंग की लंबाई से पूर्वी छोर का फाटक बंद हो जाएगा। पावर हाउस, कोकप्लांट, श्रीनगर पुटकी जाने वाले राहगीरों के लिए परेशानी का सबब बनेगा। करीब एक किलोमीटर दूर घूमकर कनकनी सात नंबर होकर गुजरना पड़ेगा। फाटक बंद हुआ तो विरोध का सामना करना पड़ सकता है। ठीक लोयाबाद रेलवे स्टेशन सामने साइडिंग बनने से रेलवे में सफर करने वाले पैसेंजर सहित आसपास के ग्रामीणों को प्रदूषण से परेशनी होगी। वहीं बीसीसीएल को ट्रांसपोर्टिंग में होने वाले खर्चे में कमी आयेगी। इस समय बांसजोड़ा साइडिंग है। यहां से सिर्फ पावर प्लांटो को कोयला भेजा जाता है। बांसजोड़ा, तेतुलमारी, निचितपुर सहित अन्य जगहों का कोयला एमपीएल, सिंदरी आदि जगहों पर हाइवा के जरिये भजेना पड़ता है। साइडिंग बनने से ट्रांसपोर्टिंग के दूरी भी घटेगी और खर्च में कमी आयेगा। बताया जाता है कि यहां रेलवे साइडिंग बना रहा है। ठेकेदार को टेंडर दे दिया गया है। बुधवार को एक पेटी कांट्रेक्टर के जरिये,जेसीबी मशीन से सफाई किया गया। वहां रेलवे का पुराना लोहा स्क्रैप पड़ा हुआ था। जमीन में दबी हुई इस भारी मात्रा के लोहा को रेलवे के गोदाम में जमा कराया जाएगा। वहीं साइडिंग बनने की खबर से दबंगों के कान खड़े हो गए है।

### मासस समर्थकों और धरना दे रहे लोगों के बीच हाथापाई के बाद दोनों पक्ष ने दर्ज कराई शिकायत

**चिरकुंडा (आजाद सिपाही)।** सीटू व सीडब्ल्यूएफ की ओर से मंगलवार को मुगमा ईसीएल क्षेत्रीय कार्यालय के समीप दिए जा रहे धरना के दौरान सुकेश मुखर्जी और मासस कार्यकर्ताओं के बीच हुई हाथापाई की घटना के बाद देर रात दोनों पक्षों ने निरसा थाना में एक-दूसरे के खिलाफ लिखित शिकायत देकर मामला दर्ज कराया है। इस बाबत सुकेश मुखर्जी ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि मंगलवार को मुगमा में ईसीएल महाप्रबंधक कार्यालय के समीप धरना को संबोधित कर रहे थेष तभी रामजी यादव आए और माइक छीन कर उनके साथ गाली गलौज करते हुए हाथापाई करने लगे। इसी बीच पॉकेट से डायरी, जरूर कागजात और 500 रुपये भी छीन लिए। वहीं रामजी यादव ने शिकायत में कहा है कि धरना के दौरान वे लोग बाहर आ रहे थे। सुकेश मुखर्जी ने उन्हें देखकर पूर्व विधायक अरूप चटर्जी के खिलाफ अभद्र टिप्पणी और गाली गलौज करने लगे। यह सुनकर हमलोग समझाने गए तो सुकेश मुखर्जी ने हमारा कॉलर पकड़ कर धक्का देकर नीचे गिरा दिया और हाथापाई करने लगे। जान से मारने की धमकी देते हुए पॉकेट से 10 हजार रुपया निकाल लिया। फिलहाल पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

### अभ्यर्थियों को उत्कृष्ट सफलता पर किया गया सम्मानित




**बोकारो (आजाद सिपाही)।** परशुराम सेवा समाज बाईसी की ओर से एसएससी जीडी (एसएससी जीडी) की प्रतियोगिता परीक्षा में समाज के चयनित 30 अभ्यर्थियों को उत्कृष्ट सफलता पर सम्मानित किया गया। इस मौके पर आयोजित सम्मान समारोह की अध्यक्षता बाईसी परशुराम सेवा समाज के अध्यक्ष उमेश चंद्र शर्मा ने किया। संरक्षक मृत्युंजय शर्मा ने कहा कि समाज की लड़कियां इस परीक्षा में सफल हुई है, जो प्रशंसनीय है। उनके अभिभावकों को भी धन्यवाद, जिन्होंने लड़कियों को घर से बाहर जाने का मौका दिया। इस प्रतियोगिता परीक्षा में उत्तीर्ण सभी नवयुवकों को भी धन्यवाद। क्योंकि यही नौजवान आने वाले समय में समाज में मिशाल कायम करेंगे। समाज के सचिव सपन कुमार माहथा ने सभी युवाओं को बधाई देते हुए कहा कि आप लोग समाज के आईना बनेंगे। इस मौके पर अश्विनी कुमार माहथा, संतोष कुमार सिंह, राजदेव माहथा, दुर्गा चरण माहथा, कृष्णकांत माहथा, अशोक कुमार शर्मा, सुनील चौधरी, भूपाली चौधरी, खगेन माहथा, कृष्णा राय, कुलदीप माहथा, नंदलाल माहथा, गौतम शर्मा, हीरालाल शर्मा, सपन सिंहा, विकास चौधरी, प्रकाश शर्मा, हरिश्चंद्र सिंह और तपन सिंह चौधरी आदि मौजूद थे।

# इन पांच कारणों से भारत ने रचा इतिहास

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** चंद्रयान-3 का लैंडर मॉड्यूल (एलएम) बुधवार को चंद्रमा की सतह पर उतर गया। इसके साथ ही भारत चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाला दुनिया का पहला देश भी बन गया। पूरी दुनिया इस ऐतिहासिक पल का टकटकी लगाये इंतजार कर रही थी। लैंडर (विक्रम) और रोवर (प्रज्ञान) से युक्त लैंडर मॉड्यूल ने शाम छह बज कर चार मिनट पर चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र पर सॉफ्ट लैंडिंग की।

## 2019 के चंद्रयान-2 मिशन से सबक लिया

चंद्रयान-3 से पहले 22 जुलाई 2019 को चंद्रयान-2 लॉन्च किया गया था। यह चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र पर सॉफ्ट लैंडिंग की कोशिश करने वाला किसी भी देश का पहला अंतरिक्ष मिशन था। हालांकि, चंद्रयान-2 मिशन का विक्रम चंद्र लैंडर छह सितंबर 2019 को चंद्रमा पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इसरो के वैज्ञानिकों ने मिशन से भी काफी कुछ सीखा। इसरो के प्रमुख एस. सोमनाथ कहते हैं कि 2019 का मिशन चंद्रयान-2 आंशिक सफल था, लेकिन इससे मिले अनुभव इसरो के चंद्रमा पर लैंडर उतारने के लिए नये प्रयास में काफी उपयोगी साबित हुए। इसके तहत चंद्रयान-3 में कई बदलाव किये गये। चंद्रयान-3 मिशन की सफलता के लिए न. उपकरण बनाये गये। एल्गोरिदम को बेहतर किया गया। जिन वजहों से चंद्रयान-2 मिशन चंद्रमा की सतह पर नहीं उतर पाया था, उन पर फोकस किया गया।



## लैंडर में पांच की जगह चार इंजन लगाये गये

चंद्रयान-2 के लैंडर में पांच इंजन लगे थे, जबकि इस बार भार कम करने के लिए चंद्रयान-3 में चार इंजन लगाये गये। चंद्रयान-3 में लेजर डॉपलर वेलोसिमिट्री के साथ चार इंजन लगाये गये, जिसका उद्देश्य था कि वह चंद्रमा पर उतरने के सभी चरणों में अपनी ऊंचाई और अभिविन्यास को नियंत्रित कर सके।

## लैंडर के पांव पहले से मजबूत बनाये गये

चंद्रयान-3 में किसी भी अप्रत्याशित प्रभाव से निपटने के लिए पैरों को मजबूत किया गया। इसके साथ अधिक उपकरण, अपडेटेड सॉफ्टवेयर और एक बड़ा ईंधन टैंक लगाया गया। ऐसा इसलिए किया गया था कि यदि अंतिम मिनट में कोई बदलाव भी करना पड़ा, तो ये उपकरण उस स्थिति में महत्वपूर्ण हो सकें।

## बढ़ाया गया लैंडिंग का निर्धारित क्षेत्रफल

इसरो ने चंद्रयान-2 से सीखते हुए चंद्रयान-3 में व्यापक बदलाव किये। चंद्रयान-2 के उतरने के लिए जितना क्षेत्र निर्धारित किया गया था, उसमें काफी इजाफा किया गया। लैंडिंग के लिए लगभग 10 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र तय किया गया।

## अल्टरनेट लैंडिंग की सुविधा से लैस किया गया

इसरो ने परीक्षण के दौरान यह तय कर लिया था कि अगर लैंडिंग के लिए एक जगह सही नहीं लगी, तो दूसरी जगह भी तैयार रहेगी। चंद्रयान-3 को टारगेट स्थल से आगे-पीछे ले जाने की व्यवस्था की गयी। एक किलोमीटर के दायरे में उसकी सुरक्षित लैंडिंग हो सके, इसे पहले ही तय किया गया। चंद्रयान-3 के लिए समतल जगह का चयन किया गया है।

# इसरो ने विक्रम लैंडर से स्थापित की संचार लिंक

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** चंद्रयान-3 के विक्रम लैंडर की चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सॉफ्ट लैंडिंग होने के बाद लैंडर का इसरो से संचार लिंक स्थापित हो गया है। इसरो ने चंद्रमा पर उतरते समय चंद्रयान-3 के लैंडर हॉरिजॉन्टल वेलोसिटी कैमरे द्वारा ली गयी चांद की तस्वीरें भी जारी की है। चांद पर लैंडिंग के बाद इसरो का खास संदेश : मैं अपनी मंजिल पर पहुंच गया और आप भी।

## मोदी ने इसरो चीफ सोमनाथ को किया फोन

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने इसरो चीफ सोमनाथ को फोन कर के चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग की बधाई दी। उन्होंने कहा कि आप और आपकी पूरी टीम को बधाई। जल्दी ही मैं आप सब रूबरू होकर भी बधाई दूंगा। उन्होंने कहा कि आपका तो नाम ही सोमनाथ है। आपके नाम में ही सोम है। बहुत बहुत बधाई सभी को।

## पूर्व इसरो प्रमुख के सिवन ने दी बधाई

**नयी दिल्ली।** पूर्व इसरो प्रमुख के सिवन ने इसरो के तीसरे चंद्र मिशन चंद्रयान-3 की चंद्रमा पर सफल लैंडिंग पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि हम वास्तव में उत्साहित हैं... हम लंबे समय से इस पल का इंतजार कर रहे थे। मैं बहुत खुश हूं।

## चंद्रयान-3 के चांद पर सफल लैंडिंग पर लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने दी बधाई



**रांची (आजाद सिपाही)।** पूर्व आइजी एवं भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने भारत के सबसे महत्वाकांक्षी मून मिशन चंद्रयान-3 का विक्रम लैंडर चांद की सतह पर सफलतापूर्वक लैंड होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत इसरो के सभी वैज्ञानिकों को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा है कि इसरो ने अंतरिक्ष विज्ञान के नये सपनों को साकार किया है। चंद्रयान-3 चांद के दक्षिणी ध्रुव पर उतरने वाला दुनिया का पहला देश बन गया है। चंद्रयान- 3 के चंद्रमा की सतह पर सफलतापूर्वक सॉफ्ट लैंडिंग होने पर पूरा देश गौरवान्वित महसूस कर रहा है। आज का दिन भारत के लिए ऐतिहासिक है।

# भारत की कामयाबी की दुनियाभर के मीडिया ने की तारीफ

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के मिशन चंद्रयान-3 की बुधवार की शाम छह बजकर चार मिनट पर चंद्रमा की सतह पर सफलतापूर्वक लैंडिंग हो गई। इसके साथ ही भारत दुनिया का पहला ऐसा देश बन गया है, जिसने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर अपने अंतरिक्ष यान को उतारा है। इस अंतरिक्ष अभियान पर दुनियाभर की नजरें टिकी हुईं थीं।

## विश्व की मीडिया ने कहा

विश्व मीडिया ने इस मिशन की सफलता को प्रमुखता से जगह दी है।

पाकिस्तान के समाचार पत्र **'डॉन'** ने लिखा- भारत के चंद्रयान-3 लैंडर ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव को सफलतापूर्वक छू लिया, जिसे पानी और ऑक्सीजन का संभावित स्रोत माना जा रहा है। अखबार ने भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी के हवाले से कहा कि इसरो ने अपने मुख्यालय में घोषणा की कि शक्ति का अवतरण शुरू हो गया है, जिसका स्वागत जयकारों और तालियों के साथ किया गया। **'अलजजीरा'** ने लिखा- भारत ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास अंतरिक्ष यान को सफलतापूर्वक उतारा, ऐसा करने वाला यह पहला देश बन गया। पीएम मोदी ने कहा कि मिशन की सफलता पूरी मानवता की सफलता है। अखबार लिखता है, वैज्ञानिकों का मानना है कि दक्षिणी ध्रुव के अज्ञात क्षेत्र में जमे हुए पानी और कीमती तत्वों के महत्वपूर्ण भंडार हो सकते हैं। भारत में चांद की लैंडिंग को लाइव देखने के लिए दफ्तरों, दुकानों, रेस्तरां और घरों में टीवी के आसपास लोगों की भीड़ लगी थी। **'न्यूयॉर्क टाइम्स'** ने शीर्षक लिखा- 'चंद्रमा पर लैंडिंग की दौड़, भारत दक्षिण ध्रुवीय क्षेत्र पर उतरने में पहले स्थान पर।' अखबार लिखता है, भारत से विक्रम नाम का एक लैंडर और प्रज्ञान नाम का एक रोवर बुधवार को चंद्रमा के दक्षिण ध्रुवीय क्षेत्र में उतरे। चंद्रयान -3 नामक एक मिशन भारत को चंद्रमा की सतह के इस हिस्से तक पहुंचने वाला पहला देश बनाते है। वह चंद्रमा पर उतरने वाला केवल चौथा देश है। अखबार आगे लिखता है, भारतीय जनता पहले से ही देश के अंतरिक्ष कार्यक्रम की उपलब्धियों पर बहुत गर्व करती है, जिसने चंद्रमा और मंगल की परिक्रमा की है और नियमित रूप से अन्य देशों की तुलना में बहुत कम वित्तीय संसाधनों के साथ पृथ्वी के ऊपर उपग्रहों को लॉन्च करती है। लेकिन चंद्रयान-3 की उपलब्धि और भी मीठी हो सकती है।

**'द गार्डियन'** ने अपनी खबर में लिखा- 'भारत एक ऐतिहासिक क्षण में चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास एक अंतरिक्ष यान को सफलतापूर्वक उतारने वाला पहला देश बन गया है, जिसने देशभर में लोगों में खुशी का माहौल पैदा कर दिया। अखबार ने लिखा है कि भारत सरकार निजी अंतरिक्ष लॉन्च और संबंधित उपग्रह पर आधारित व्यवसायों में निवेश को बढ़ावा देना चाहती है।'

**'बीबीसी'** ने अपने शीर्षक में लिखा- 'चंद्रयान-3 ने रचा इतिहास, चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास उतरा।' इसने लिखा, जब 1969 में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की स्थापना की गई थी, तो इसका प्राथमिक लक्ष्य काफी सरल था - तूफानों की भविष्यवाणी करने, बाढ़ को कम करने और देश में दूरसंचार को मजबूत करने के लिए उपग्रहों को डिजाइन और लॉन्च करना। अब अंतरिक्ष एजेंसी ने अपने चंद्रयान -3 के चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास उतरने वाला पहला अंतरिक्ष मिशन बनने के बाद इतिहास रच दिया है।

फ्रांस के प्रमुख समाचार पत्र **'ले मोंदे'** ने अपना शीर्षक लिखा- 'चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास अंतरिक्ष यान उतारने वाला पहला देश बना भारत।' अखबार लिखता है कि रोवर के साथ एक लैंडर स्थानीय समयानुसार छह बजकर चार मिनट पर चंद्रमा की सतह पर उतरा, जिससे दक्षिण भारतीय शहर बेंगलुरु में अंतरिक्ष वैज्ञानिकों के बीच खुशी और तालियां बजीं। करीब चार साल पहले एक असफल प्रयास के बाद भारत ने दक्षिणी ध्रुव क्षेत्र के पास उतरने वाला पहला देश बनकर इतिहास रच दिया है और चंद्रमा पर उतरने के मामले में अमेरिका, सोवियत संघ और चीन के साथ शामिल हो गया है।

**'सीएनएन'** ने अपना शीर्षक लिखा- 'चांद पर अंतरिक्ष यान उतारने वाला चौथा देश बना भारत।' इसने लिखा- भारत ने चंद्रमा पर अपना चंद्रयान -3 अंतरिक्ष यान उतार दिया है, इस तरह की उपलब्धि हासिल करने वाला केवल चौथा देश बन गया है। यह मिशन अंतरिक्ष में वैश्विक महाशक्ति के रूप में भारत की स्थिति को मजबूत कर सकता है। इससे पहले केवल अमेरिका, चीन और पूर्व सोवियत संघ ने चंद्रमा की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग पूरी की है। इसने आगे लिखा- चंद्रयान -3 की लैंडिंग साइट भी इतिहास में किसी भी अन्य अंतरिक्ष यान की तुलना में चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के करीब है। दक्षिणी ध्रुव क्षेत्र को अंतरिक्ष यात्रा करने वाले देशों के लिए महत्वपूर्ण वैज्ञानिक और रणनीतिक रुचि का क्षेत्र माना जाता है, क्योंकि वैज्ञानिकों का मानना है कि यह क्षेत्र पानी के बर्फ के भंडार का घर है।

**'वॉशिंगटन पोस्ट'** ने अपने शीर्षक में लिखा- भारत ने चंद्रमा की सतह पर एक अंतरिक्ष यान को धीरे से उतारा। अखबार ने लिखा- भारत ने बुधवार को चंद्रमा पर एक रोबोटिक अंतरिक्ष यान उतारा। यह एक उपलब्धि है जो एक रूसी यान के दुर्घटनाग्रस्त होने के कुछ दिनों बाद आई है। बिना किसी अंतरिक्ष यात्री के भारत का अंतरिक्ष यान सुबह लगभग 8:30 बजे (अमेरिका के स्थानीय समयानुसार)चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास उतरा।







### पीड़ित महिला होमगार्ड को न्याय दिलाने की मांग को लेकर बीजेपी का प्रतिनिधिमंडल राज्यपाल से मिला

# डीआइजी दंपति पर हो कानूनी कार्रवाई : डॉ लेखाश्री

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** वरिष्ठ पुलिस अधिकारी डीआइजी ब्रिजेश राय की पत्नी की प्रताड़ना से तंग आकर कार्यरत महिला होम गार्ड सैरेंद्री साहू ने आत्महत्या का प्रयास किया। इस क्रम में अपने दोनों पैर गंवा दिये। यह अत्यंत अशोभनीय मामलों है। इसके दोषी डीआइजी के परिवारों पर मुकदमा चलाया जाना चाहिए और कानून के अनुसार दंडित किया जाना चाहिए, परंतु राज्य सरकार पीड़िता को न्याय दिये बिना ही डीआइजी को तबादला घटना को दबाने का प्रयास कर रही है और सरकार, पुलिस एवं प्रशासन मिलकर डीआइजी दंपति को बचाने में जुटी है। प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन सामल के निर्देश पर प्रदेश उपाध्यक्षा डॉ लेखाश्री सामंतसिंहार के नेतृत्व में प्रदेश भाजपा का प्रतिनिधि दल बुधवार को राज्यपाल से मिला और उनसे ऐसी संवेदनशील घटना में हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया। देश में एक कानून और संविधान की व्यवस्था है, जिसका पालन किया जाना चाहिए। डीआइजी दंपत्ति के खिलाफ कानूनी और आपराधिक मामले के तहत सजा दी जानी चाहिए।



श्रीमती साहू का कटक के अश्विनी अस्पताल में इलाज चल रहा है, लगभग 18 दिन हो गये हैं। डॉ लेखाश्री ने कहा कि राज्यपाल से मांग की गयी है कि श्रीमती साहू को इलाज और मुआवजे के रूप में 1 करोड़ रुपये का भुगतान तुरंत किया जाे. और 2 लड़कियों को उनकी शैक्षणिक योग्यता के आधार पर सरकारी नौकरी दी जाये। प्रतिनिधिमंडल में राज्य संपादिका कस्तूरी मिश्र, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष सुरथ बिस्वाल, कानूनी सेल के राज्य समन्वयक जयंत जेना, पूर्व महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्षा स्मृति पटनायक, रश्मिरेखा दाश, जिला महिला मोर्चा अध्यक्षा मंदाकिनी पात्र उपस्थित थीं।













## भारतीय स्टेट बैंक की बमिखाल शाखा का उद्घाटन

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। भारतीय स्टेट बैंक की ओर से बैंक के मुख्य महाप्रबंधक चंदेर शेखर शर्मा ने पुरी-कटक रोड भुवनेश्वर बमिखाल शाखा का उद्घाटन किया। श्री शर्मा ने बताया कि नयी शाखा ग्राहकों को बेहतर बैंकिंग सेवाएं प्रदान करेगी। इस अवसर पर बैंक के महाप्रबंधक पुनमलाम मुरुगान, उप महाप्रबंधक संजय कुमार झा, उप महाप्रबंधक मनोज कुमार सिंह, क्षेत्रीय प्रबंधक राजेंद्र नारायण साहू, अरुण बिशोई, चित्तरंजन पंडा, हिमांशु भूषण साहू, श्रीधर जेना के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।










आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**